आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* भगवान महाकाल की प्रथम सवारी
* मौना पंचमी”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 199 | उज्जैन, सोमवार 03 अगस्त, 2026 | श्रावण कृष्ण 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### भतीजे आकाश आनंद के ससुर को मायावती ने पार्टी से निकाला

**लखनऊ।** 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा एक्शन लिया है। मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को फिर पार्टी से निष्कासित कर दिया। पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ को तत्काल प्रभाव से हटाया गया है। पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया है कि अशोक सिद्धार्थ की अब कभी भी बीएसपी में वापसी नहीं होगी। मायावती ने आरोप लगाया कि अशोक सिद्धार्थ लगातार अनुशासनहीनता और पार्टी निर्देशों की अनदेखी कर रहे थे। कर्नाटक, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों की जिम्मेदारी निभाने में भी लापरवाही का आरोप लगा है। राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल को भी पार्टी से बाहर किया। मायावती ने कहा कि यूपी के निवासी किसी भी वरिष्ठ पदाधिकारी को अब उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी।

### पेरू में प्लेन क्रैश में 2 पायलट सहित 13 लोगों की गई जान

**नई दिल्ली।** दक्षिणी अमेरिकी देश पेरू में बड़ा हादसा हो गया, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सभी पर्यटक थे और विमान में सवार थे। इसी दौरान प्लेन क्रैश हुआ और क्रू सहित 13 लोगों की मौत हो गई। घटना पेरू के नाज्का शहर के पास की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नाज्का लाइन्स पहुंचने के बाद प्लेन खेत में गिर गया था। क्रैश होते ही प्लेन में आग लग गई। 13 मृतकों में 11 पर्यटक और 2 पायलट्स थे। क्रैश के बाद प्लेन के मलबे के पास जले हुए शव बिखरे पड़े थे। बता दें, नाज्का लाइन्स 2000 साल पुराना दार्शनिक स्थल है। नाज्का लाइन्स को पूरी तरह से सिर्फ प्लेन या फिर व्यूइंग टॉवर से ही देखा जा सकता है।

### इंडोनेशिया में फेरी बोट में लगी आग से 5 की मौत, 41 लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के मादुरा द्वीप के पास रविवार सुबह एक फेरी बोट में आग लग गई। इसके बाद लोग जान बचाने के लिए समुद्र में कूद गए। रॉयटर्स के मुताबिक, हादसे में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लोग अब भी लापता हैं। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी के मुताबिक फेरी में कुल 271 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। कुछ लोग जान बचाने के लिए बोट से समुद्र में कूद गए। दोपहर तक 225 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि बाकी लोगों की तलाश जारी है। फेरी ईस्ट जावा प्रांत के सुराबाया से साउथ सुलावेसी के मकासार जा रही थी। इसी दौरान मादुरा द्वीप के पास उसमें आग लग गई। आग लगने की वजह साफ नहीं हो सकी है।

### असम में बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे रणदीप हुड्डा



**लंगर में विस्थापित लोगों को खाना खिलाया, कार्तिक आर्यन ने मदद के लिए 1 करोड़ दिए थे**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा ने शनिवार को असम के शिवसागर में ग्लोबल सिख्स द्वारा आयोजित बाढ़ राहत वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को राशन और अन्य जरूरी सामान वितरित किया। रणदीप हुड्डा ने शिवसागर में गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका और बाढ़ प्रभावित असम के लोगों की भलाई के लिए प्रार्थना की। उन्होंने राहत कार्य में भी भाग लिया। लंगर सेवा के दौरान रणदीप हुड्डा ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि शिवसागर रेलवे स्टेशन पर आसपास के इलाकों से प्रभावित परिवार पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले सात दिनों से हर दिन भोजन तैयार कर लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह कई वर्षों से ग्लोबल सिख्स के साथ जुड़े हैं। रणदीप हुड्डा ने लोगों से अपील की कि वे सीधे राहत कार्यों में भाग लेकर, प्रार्थना करके या राहत संगठनों को आर्थिक सहायता देकर जरूरतमंदों की मदद करें। कार्तिक आर्यन ने असम के मुख्यमंत्री राहत कोष में 1 करोड़ रुपए की राशि दी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर इस समय की गई इस बड़ी मदद के लिए उनका आभार व्यक्त किया था।

### नैनो न्यूज

- **चंडीगढ़ :** फोन पर जातिसूचक गालियां देना एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध नहीं, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट।
- **गोवा:** कांग्रेस-जीएफपी में गठबंधन पर चर्चा, आप ने साथ आने के संकेत दिए, बीजेपी का सरकार बनाने का लक्ष्य।
- **पीओके :** दूसरे चरण की वोटिंग शुरू, पीपुल्स पार्टी ने धांधली के आरोप लगाए।
- **नई दिल्ली:** भारत बोला- पहले आतंक का ढांचा खत्म करे पाकिस्तान, तभी सिंधु जल संधि पर बात होगी।
- **नई दिल्ली:** नीट-यूजी की काउंसलिंग 4 अगस्त से शुरू होगी, एमबीबीएस में दाखिले के लिए एजुकेशनल सेशन 8 सितंबर से।
- **यूक्रेन:** जेलेंस्की ने अमेरिका और यूरोपीय देश से पैट्रियट मिसाइलें मांगी, बोले- यूक्रेन भेजिए, गोदाम में नहीं।
- **मलेशिया:** पाकिस्तानी के साथ पकड़ी गई पंजाबी युवती गायब, नानी बोली- फोन बंद, मां की मौत हो चुकी।

---

बंगाल एसटीएफ का दावा- जंतर-मंतर प्रोटेस्ट में तोड़फोड़ करने वाला था संदिग्ध जैश आतंकी

## पुलिस की वर्दी पहनकर घुसने वाला था, गर्लफ्रेंड भी गिरफ्तार

**एजेंसी ▸▸ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने दावा किया है कि बर्धमान जिले से गिरफ्तार संदिग्ध जैश-ए-मोहम्मद ऑपरेटिव हमीम मंडल ने दिल्ली के जंतर-मंतर प्रोटेस्ट में तोड़-फोड़ की साजिश रची थी। एसटीएफ के मुताबिक, पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स ने हमीम को सीजेपी के छात्र प्रदर्शन में पुलिस की वर्दी पहनकर घुसने और वहां अशांति फैलाने का निर्देश दिया था।

एसटीएफ के आईजी गौरव शर्मा के मुताबिक, हमीम को बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की गतिविधियों पर नजर रखने और उनकी सुरक्षा से जुड़ी जानकारी जुटाने का भी काम सौंपा गया था। हमीम को दो दिन पहले पूर्व बर्धमान से गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने उसे 14 दिन की एसटीएफ हिरासत में भेज दिया है। एसटीएफ ने हमीम की गर्लफ्रेंड अर्पिता सरकार को भी झारखंड से गिरफ्तार किया है। एजेंसी का दावा है कि दोनों पाकिस्तान से जुड़े शाहजाद भट्टी गैंग के इशारे पर काम कर रहे थे।



### सोशल मीडिया से कट्टरपंथी बना हमीम

- एसटीएफ के अनुसार, हमीम सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथ की ओर आकर्षित हुआ और बाद में पाकिस्तान स्थित ऑपरेटिव्स के संपर्क में आया।
- जांच में उसके और अर्पिता के पास से ब्रिटेन और मैक्सिको के इंटरनेशनल सिम कार्ड बरामद हुए हैं। एजेंसी को शक है कि इन सिम कार्ड का इस्तेमाल हैंडलर्स और स्लीपर सेल से एन्क्रिप्टेड बातचीत के लिए किया जाता था।
- एसटीएफ के मुताबिक, हमीम और अर्पिता की मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई थी और दोनों पिछले चार साल से रिश्ते में थे।
- दोनों ने पाकिस्तानी हैंडलर्स के कहने पर सेंसिटिव जानकारी निकालने के लिए असरदार लोगों के साथ पर्सनल रिश्ते बनाने की योजना बनाई थी। दोनों पिछले चार साल से कॉन्टैक्ट में थे, पहले इंस्टाग्राम पर जान-पहचान हुई और बाद में पर्सनली मिले।

### राज्य मंत्री के बेटे को हनी ट्रैप में फंसा रही थी अर्पिता

हमीम और उसकी गर्लफ्रेंड पर बंगाल के राज्य मंत्री उमेश राय के बेटे को हनीट्रैप कर अगवा करने और परिवार से वसूली की साजिश रचने का भी आरोप है। एसटीएफ के मुताबिक, अर्पिता कई नेताओं और अन्य चर्चित लोगों से हनीट्रैप के जरिए जानकारी जुटाकर हमीम तक पहुंचाती थी। उसके वॉट्सऐप चैट से पाकिस्तान से जुड़े संपर्कों के संकेत मिले हैं। एसटीएफ के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि जांच में पता चला है कि यह साजिश पाकिस्तान के हैंडलर्स ने रची थी। हर आरोपी की भूमिका, इसमें और कितने लोग शामिल थे, इसकी जांच कर रहे हैं।

### गतिविधियों पर नजर रख रहा था

एसटीएफ के मुताबिक 23 साल का हमीम हावड़ा में काम करता था। बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले वह बर्धमान चला गया था, जहां उसने अपार्टमेंट किराए पर लिया। जांच एजेंसियों की नजर से बचने के लिए वह पिछले दो-तीन महीनों से छिपा हुआ था। हमीम एक साल पहले सोशल मीडिया के जरिए आतंकवादी संगठन के उस मॉड्यूल से जुड़ा, जिसे गैंगस्टर शहजाद भट्टी और उसके सहयोगी अजमल गुज्जर चलाते थे।

---

श्री महाकालेश्वर मंदिर से निकलेगी आज श्रावण मास की पहली सवारी

## रजत पालकी में श्रद्धालुओं को होंगे भगवान चंद्रमौलेश्वर के दर्शन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



श्रावण भादौ मास में श्री महाकालेश्वर भगवान के नगर भ्रमण का क्रम आज से शुरू होने वाला है। सोमवार अपरांह पहली सवारी मंदिर से निकाली जाएगी। इस दौरान पुष्प सज्जित रजत पालकी में श्रद्धालुओं को भगवान के चंद्रमौलेश्वर स्वरूप के दर्शन होंगे। सवारी दर्शन के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। सवारी मार्ग पर इसके लिए तैयारियां की गई है।

सोमवार अपरांह मंदिर के सभा कक्ष में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर का पूजन अर्चन किया जाएगा। उसके उपरांत रजत पालकी में भगवान को सवार कर नगर भ्रमण के लिए प्रस्थित किया जाएगा। नगर भ्रमण के लिए मंदिर से बाहर आने पर सशस्त्र गारद सलामी देगा। पुलिस बैंड एवं सशस्त्र गारद सवारी में शामिल रहेंगे। शिप्रा तट रामघाट पर भगवान के पूजन उपरांत सवारी परंपरागत मार्ग से गोपाल मंदिर पहुंचेगी । यहां पूजन उपरांत सवारी की शाम को मंदिर वापसी होगी। सवारी के साथ भजन,किर्तन,झांझ,डमरू मंडलियां शामिल होंगी। इस बार सवारी मार्ग चौडीकरण होने से नए स्वरूप में निखरा हुआ रहेगा।

---

## दीपके के परिवार की संपत्ति जांचने की मांग

### पिता जूनियर इंजीनियर, उनकी सैलरी में बेटे की अमेरिका में पढ़ाई कैसे हुई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सूरत**



सूरत के आरटीआई कार्यकर्ता अमित तिवारी ने कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके के परिवार की आर्थिक स्थिति की जांच की मांग की है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार, चुनाव आयोग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड को शिकायत भेजी है।

तिवारी का दावा है कि अभिजीत दीपके के पिता भगवानराव दीपके महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन में जूनियर इंजीनियर थे। उनकी मासिक सैलरी करीब 60-65 हजार थी। ऐसे में यह जांच होनी चाहिए कि उन्होंने अपने बच्चों की अमेरिका में उच्च शिक्षा का खर्च कैसे उठाया।

अमित तिवारी ने महाराष्ट्र सरकार से भगवानराव दीपके की आय और संपत्ति की जांच कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि सीजेपी राजनीतिक दल की तरह काम कर रही है, लेकिन उसका चुनाव आयोग में पंजीकरण नहीं है और वह चंदा भी जुटा रही है। उन्होंने चुनाव आयोग से कहा कि अगर सीजेपी राजनीतिक दल की तरह काम कर रही है और चंदा ले रही है, तो उसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29अ के तहत राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रेशन कराना चाहिए।

**सीजेपी आंदोलन पर भी उठाए सवाल-** अमित तिवारी ने सीबीआईसी से अपनी मांग में कहा कि राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सीजेपी को फंड के तौर पर जो 1 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है, उस पर भी 18% जीएसटी लगाया जाए।

### 5 अगस्त को कॉकरोच जनता पार्टी की अहम बैठक

नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में आंदोलन चलाने वाली कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की कोर कमेटी की अहम बैठक 5 अगस्त को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में होगी। बैठक में संगठन की आगे की रणनीति और भविष्य के कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके के आवास पर आयोजित होगी। इसमें आंदोलन से जुड़े प्रमुख सदस्य हिस्सा लेंगे और पिछले आंदोलन के अनुभवों के साथ आगे की कार्ययोजना पर विचार करेंगे।

---

## नाना ने गोबर के ढेर में नाती को जिंदा गाड़ कर खाया जहर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बालाघाट**

प्रदेश के बालाघाट जिले में अविवाहित बेटी से जन्मे नवजात शिशु को जिंदा दफनाने का मामला सामने आया है। वारासिवनी थाना क्षेत्र के नांदगांव पंचायत में यह घटना हुई। राज छिपाने के लिए नाना ने बच्चे को गोबर के ढेर में गाड़ दिया। इसके बाद नाना ने खुद भी जहर खा लिया, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस को घटना की जानकारी 31 जुलाई को मिली थी. हालांकि, तेज बारिश और अंधेरा होने के कारण नवजात का शव 1 अगस्त को निकाला जा सका। पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू कर दी है। वारासिवनी पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

पप्पू यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हंगामा

## सांसद पर शख्स ने जूता फेंका

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**



दिल्ली में बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हंगामा हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पप्पू के घर पर कॉन्फ्रेंस के बीच एक आदमी ने उनके ऊपर जूता फेंक दिया। इसके बाद पप्पू के समर्थकों ने उसके साथ मारपीट की।

पप्पू ने आरोप लगाया कि एक युवक ने चाकू लेकर उनकी हत्या की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कुछ बाबा रोज कहते हैं- मुझे मार दो, जला दो, हम 51 लाख रु. देंगे। हमने एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अभी आरोपी को पकड़कर ले गई है। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इससे पहले वाराणसी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और दो सांसदों पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। ये रिपोर्ट दिल्ली में संसद भवन के बाहर राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में पेश किए गए नाटक के खिलाफ हुई है। संतों ने बताया कि संसद में चढ़ावा चोरी के नाम पर जो कुछ भी दिखाया गया, वह सनातन का अपमान है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है था।

---

## होर्मुज खोलने और परमाणु खतरा खत्म करने पर सहमति बनी

ईरान पर हमला फिलहाल टाला : ट्रम्प



**एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर प्रस्तावित सैन्य हमला फिलहाल टाल दिया गया है। उनके मुताबिक, ईरान और कुछ मिडिल ईस्ट देशों की ओर से समझौते का प्रस्ताव आने के बाद यह फैसला लिया गया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि अमेरिका ईरान पर बड़े सैन्य हमले के लिए पूरी तरह तैयार था।

उन्होंने दावा किया कि समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनी है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत खोलना और ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना शामिल है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि इजराइल भी इस फैसले में अमेरिका के साथ है। इससे पहले एक्सियोस की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प से फोन पर बात कर ईरान पर संभावित बड़े हमले को टालने और संयम बरतने की अपील की थी।

---

## राजधानी दिल्ली समेत देश के कई इलाकों में कांपी धरती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में रविवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राहत की बात ये है कि इस भूकंप के बाद अभी तक कहीं से भी किसी प्रकार के जान या माल के नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है। हालांकि भूकंप के बाद लोग जरूर सहम गए। दिल्ली में आए भूकंप का मुख्य केंद्र राजधानी का उत्तरी जिला रहा। जहां रविवार सुबह 2.9 तीव्रता का भूकंप आया।

सबसे पहले रविवार तड़के राजधानी दिल्ली में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रविवार तड़के 4.14 बजे राजधानी दिल्ली में भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 2.9 दर्ज की गई। इस भूकंप का केंद्र राजधानी के उत्तरी जिला में जमीन के नीचे 8 किमी की गहराई में था। इस भूंकप के कारण कहीं से भी किसी प्रकार का नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। दिल्ली के बाद पूर्वोत्तर के राज्य असम के बरपेटा में भी भूकंप आया। एनसीएस के मुताबिक, ये भूकंप सुबह 5.25 बजे आया। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 2.4 दर्ज की गई। इस भूकंप का केंद्र बरपेटा में जमीन की नीचे 4 किमी की गहराई में था।



### अरुणाचल प्रदेश में भी आया भूकंप

इसके बाद पूर्वोत्तर के ही राज्य अरुणाचल प्रदेश में भी भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। ये भूकंप सुबह 5.38 बजे आया। रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 2.8 दर्ज की गई।

---

बारामूला में ओवर ग्राउंड वर्कर को सुरक्षा बल ने किया गिरफ्तार

## एमपी-5 पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस और मोबाइल बरामद

**एजेंसी ▸▸ बारमूला**

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एमपी-5 पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस, मैगजीन, मोबाइल फोन और बैग बरामद हुआ है। मामले में शिरी थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सुरक्षाबलों ने रविवार को जंदफरन-गोरिवान क्रॉसिंग पर नाकेबंदी की थी। इसमें 46 राष्ट्रीय राइफल्स, एसओजी बारामूला, सीआरपीएफ की 53वीं बटालियन और बीएसएफ की 112वीं बटालियन शामिल थी। जांच के दौरान गोरिवान की ओर से आ रहा एक संदिग्ध नाकेबंदी देखकर भागने लगा। जवानों ने पीछा कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान ऐजाज अहमद गनी के रूप में हुई है। वह नामबलन, शीरी का रहने वाला है। सुरक्षा एजेंसियां उसके आतंकी नेटवर्क से संबंध और गतिविधियों की जांच कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य एजेंसियां क्षेत्र में शांति बनाए रखने और आतंकियों के मददगारों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगी।




---

राजस्थान के 24 जिलों में बारिश से सड़कों पर पानी भरा

## बिहार में बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत

### केरलम और कर्नाटक में भूस्खलन से 11 लोगों की जानें गई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है। राजस्थान के 24 जिलों में बारिश हो रही है। इसकी वजह से अजमेर की सड़कों पर पानी भर गया।

वहीं, बिहार के बांका में अलग-अलग जगहों पर बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने सभी जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।



केरल में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ से 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 8 लोग लापता हैं। सरकार ने 209 राहत शिविर बनाए हैं, जहां 5,792 लोगों को सुरक्षित पहुंचाया गया है।

कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में रविवार सुबह लैंडस्लाइड में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मल्लिकार्जुन (35), उनकी पत्नी नागवेणी (28) और 3 साल का बेटा संतोष शामिल हैं। हादसे के समय तीनों पहाड़ी के पास बने घर में सो रहे थे।

### बारिश के लिए प्रार्थना की

तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में सूखे मौसम की वजह से तिरुचिरापल्ली के थेन्नूर में मुस्लिम समाज के 2 हजार लोगों ने बारिश की विशेष प्रार्थना (सलात अल-इस्तिस्का) की। कई जिलों में तापमान 37.5 डिग्री से ऊपर बना हुआ है और राज्य भीषण जल संकट का सामना कर रहा है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

# नाम, गुण, काम तीनों एक समान

हाल ही में तबादलों में परिवर्तन के दौर में संभागीय मुख्यालय से नाक की सीध में पास के प्रदेश में जाने वाले मार्ग के संभाग के जिले में आए प्रशासनिक पूत के पांव पालने में नजर आ गए हैं। जस नाम तस काम ,गूण तीनों समान ही हैं। लाल माटी की धरा पर बिल्कुल उसके स्वभाव के समान ही प्रशासन की जरूरत थी जो नाम से ही धरा के समान हैं। इस जिले में विकास के अवसर भी अनेक हैं । प्रशासनिक मुखिया ने आते से ही एक मुद्दे से ही जिले की खैराती चिकित्सा व्यवस्था में सुधार ला दिया है। अभी तो उन्होंने मुद्दे को लेकर बयान भर ही दिया है अगर सही में इस मुद्दे को उन्होंने पूरी तरह से खोल दिया और तह तक पहुंच गए और खैराती चिकित्सालय का रैफरल ऑडिट हो गया तो अनेक चेहरों से नकाब उतर जाएगा। वैसे इस मुद्दे को कम ही प्रशासनिक अधिकारी छेडते हैं जो छेडते हैं वे ह्लशेरह्व ही नहीं ह्लसिंहह्व का जिगरा रखते हैं और वैसी ही सोच समझ भी। संवाद,समन्वय एवं संपर्क तीनों का पालन करते हुए आते ही वे खबरनवीसों से रूबरू हुए। खैराती जिला अस्पताल के हाल सामने आते ही उन्होंने मामले को तत्काल भांप कर मरीजों को अनावश्यक एवं बगैर उचित कारणों के अन्यत्र रेफरल का ऑडिट करवाने का निर्देश के साथ यह भी कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी मरीज को किसी निजी चिकित्सा संस्था अथवा अन्य स्थानों के लिए रैफर नहीं किया जाए। खुसूर-फुसूर है कि अपने नाम के आगे डाक्टर की पदवी वाले जिले के प्रशासनिक अधिकारी के इस बयान भर से पिछले तीन दिनों से रैफरल पद्धति पर पूरी तरह से अंकूश लग गया है। संभागीय मुख्यालय के जिले वाले तीन दिनों से हैरानी में हैं कि पडोसी का अस्पताल सुधर गया है या फिर कोई हकीम लुकमान आ डटे हैं मरीजों का आना ही बंद हो गया है। वहां के निजी अस्पताल एवं संभागीय मुख्यालय के निजी अस्पताल के एजेंटों का कमीशन भी हासिए पर आ गया है। अगर यही स्थिति नाम,काम,गुण वाले साहब ने बनाए रखी तो जेब हल्की हो जाना तय है। साहब के निर्देश के बाद उनके जिला मुख्यालय के खैराती अस्पताल के जिम्मेदारों की नींद हराम है और चैन गायब हो रहा है। रजिस्टर रैफरल से भरा पडा है अगर आडिट हुआ तो आखिर क्या होगा।

## नैनो न्यूज

- पर्यावरण प्रेमी परिवार के सहयोग से हुआ आयोजन, मित्रता दिवस पर सदस्यों ने एक-दूसरे को बांधे फ्रेंडशिप बेल्ट
- उच्च शिक्षा मंत्री ने 400 कंप्यूटर लैब और आईटीआई का किया अवलोकन, बेलपत्र के पौधे लगाकर की पूजा-अर्चना
- बाबा महाकाल की पहली सवारी आजः नए स्वरूप में सजे सवारी मार्ग ने बढ़ाई भव्यता, समाजसेवी मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री का जताया आभार
- आईपीजीए मध्यप्रदेश शाखा ने किया आयोजन, प्रदेशभर के फामेर्सी विशेषज्ञों ने लिया अधिकाधिक सहभागिता का संकल्प
- 30 दिवसीय अखाड़ा कार्यशाला का शुभारंभ, युवाओं को मिलेगा पारंपरिक शौर्य कला का प्रशिक्षण
- माधव महाविद्यालय में समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष शर्मा का सम्मान, पदोन्नत व स्थानांतरित प्राध्यापकों का भी हुआ सत्कार
- कर्मचारियों को धमकाने की शिकायत लेकर एसपी से मिला लघु वेतन कर्मचारी संघ, जांच का मिला आश्वासन

## ट्रेंडिंग

### अटल जी की तांबे की मूर्ति सीमेंट की निकली




सवारी को लेकर मंदिर से सड़क तक विभागों ने चाक चौबंद की व्यवस्थाएं

# महाकाल में दोस्त दिवस पर श्रद्धा का आंकडा दोपहर में ही 2 लाख पार

## भगवान श्री महाकालेश्वर का प्रथम नगर भ्रमण आज, चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में होंगे दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रावण मास की शुरूआत में ही श्री महाकालेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या प्रति दिन 2 लाख पार जा रही है। दोस्त दिवस पर तो हालत यह हो गई की दोपहर 1 बजे ही यह आंकडा 2 लाख को पार कर गया था। मंदिर में पिछले 3 दिनों से श्रद्धालुओं की संख्या का ग्राफ एक दम बढा है। मंदिर परिसर के साथ ही शहर भर में सुरक्षा की व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। महाकाल मंदिर में श्रावण महोत्सव की शुरूआत हो चुकी है। सोमवार को भगवान की पहली सवारी निकलेगी । इस दौरान भगवान के चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में दर्शन श्रद्धालुओं को पालकी में होंगे।



रविवार को दोस्त दिवस के मौके पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी रही। सोमवार को श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारी का पहला क्रम निकलने वाला है। इस बार 6 सवारियां निकाली जाएगी। मंदिर प्रबंध समिति के जनसंपर्क अधिकारी आशीष फलवाडिया के अनुसार श्रावण मास के पहले दिन कुल 2.23 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। उसके बाद से निरंतर यह आंकडा उपर की और देखा जा रहा है। मंदिर में लगी हेड काउंटेबिल मशीन के माध्यम से यह आंकडा सामने आ रहा है। उज्जैन स्मार्ट सिटी ने इसे स्थापित किया है। उनका दावा है कि दोस्त दिवस पर दोपहर 12 बजे ही श्रद्धालुओं का आंकडा 1.95 लाख के पास पहुंच गया था।

- प्रबंध समिति के गौरवशाली आयोजन 21वां अखिल भारतीय श्रावण महोत्सव 2026 "शिव अर्धांग" की प्रथम संध्या की पहली प्रस्तुति रिंधाना रहस्या एवं अविनाश कुमार के शास्त्रीय गायन से हुई। उसके पश्चात वेस्ट बंगाल निशांत सिंह एवं देबव्रत गुप्ता तबला पखावज (वादन) की प्रस्तुति हुई उसके के बाद कार्यक्रम का समापन इंदौर के पद्म डॉ. पुरु दाधीच की शास्त्री य नृत्य (समूह कथक) की प्रस्तुति से हुआ।
- नगर निगम ने सवारी मार्ग पर चौड़ीकरण किया है। इसके साथ ही नगर निगम ने जमीन से लेकर दीवारों तक को सवारी के लिए सजाने का काम भी मार्ग पर किया है। जनसंपर्क अधिकारी पवन लौंढे ने बताया कि इस बार सवारी 15 मीटर चौड़े मार्ग से निकलेगी। समय सीमा में सभी निर्माण कार्य पूर्ण कर दिए गए हैं। सवारी मार्ग पर धरा से लेकर दीवारों को सजाया जा रहा है। वॉल पेंटिंग से धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप निखारा गया है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर संपूर्ण सवारी मार्ग को आकर्षक एवं भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। सवारी मार्ग पर हरसिद्धि पाल से रामघाट तथा सत्यनारायण मंदिर से छत्री चौक तक चौड़ीकरण कार्य के साथ-साथ सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से जारी है। रामानुज कोट से रामघाट मार्ग तक प्रभावित भवनों पर ग्रीन नेट लगाए जा रहे हैं। वहीं रिटेनिंग वॉल एवं मार्ग की दीवारों पर सिंहस्थ महापर्व, साधु-संतों तथा धार्मिक स्थलों पर आधारित आकर्षक वॉल पेंटिंग बनाई जा रही है। सत्यनारायण मंदिर से छत्रीचौक तक 15 मीटर चौड़े एवं लगभग 425 मीटर लंबे नवनिर्मित मार्ग का चौड़ीकरण कार्य अंतिम चरण में है। वर्तमान में प्रभावित भवनों पर ग्रीन नेट लगाने, कमरी मार्ग चौराहे पर कोबल स्टोन की फिनिशिंग की गई है।

# श्री-84 महादेव दर्शन यात्रा शुभारंभ में तीर्थयात्रियों को किया वर्चुअली संबोधित

## मुख्यमंत्री बोले- श्रद्धा-साधना और सनातन परंपरा के जीवंत प्रतीक हैं 84 महादेव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 2 अगस्त को उज्जैन में आयोजित श्री-84 महादेव दर्शन यात्रा-2026 के शुभारंभ कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेसिंग से संबोधित किया। उन्होंने दर्शन करने जा रहे सभी यात्रियों को अपनी आत्मीय शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उज्जैन केवल एक नगर नहीं, भूत भगवान श्री महाकाल की पावन नगरी है। यहां के 84-महादेव श्रद्धा, साधना और सनातन परंपरा के जीवंत प्रतीक हैं। यह यात्रा हमारी सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। श्रद्धालुओं के लिए यह यात्रा आस्था के साथ-साथ आत्मिक जागरण का भी पुण्य अवसर है। स्थानीय कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के साथ पं.प्रदीप मिश्रा, राज्यसभा सदस्य



उमेशनाथ महाराज,समाजसेवी नारायण यादव शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश देती है। भगवान शिव समरसता, करुणा और लोककल्याण के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि 84 महादेवों की परिक्रमा शिवभक्ति की प्राचीन और पवित्र परंपरा है। यह यात्रा श्रद्धा, संयम और आध्यात्मिक अनुशासन का संदेश देती है। प्रत्येक मंदिर उज्जैन के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति का साक्षी है। यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त प्रयास है।

### संस्कारों से बनती है हमारी पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को सहज और सुरक्षित दर्शन का अनुभव मिले, यही हमारी प्राथमिकता है। प्रशासन और समाज मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे जनभागीदारी से ही ऐसे आयोजन भव्य और दिव्य बनते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृति से जुड़ा समाज ही सशक्त और आत्मविश्वास राष्ट्र बनाता है।

### अर्थव्यवस्था को भी मिलती है गति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन कम ही होते हैं। श्री 84 महादेव दर्शन यात्रा में शामिल सभी मातृशक्तियों को आयोजक संस्था द्वारा लाल चुनरी, साडी, रूद्राक्ष की माला, बिल्वपत्र का पौधा निःशुल्क भेंट किए जा रहे हैं। यात्रा के साथ में प्रसिद्ध भजन गायक मनीष तिवारी की भजन मंडली भी चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक यात्राएं केवल आस्था नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था की भी शक्ति हैं। इससे होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और छोटे व्यापारियों को लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार तीर्थ स्थलों पर बेहतर सुविधाएं विकसित कर रही है। हमारा लक्ष्य उज्जैन को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र बनाना है।

# आंजना मेरिज गार्डन सोडंग पर सनातन धर्म तत्वज्ञान जिला सत्संग में उमड़ा जनसैलाब



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वर्तमान समय में बढ़ते नशे, सामाजिक बुराइयों और मानसिक अशांति के बीच मानवता को आध्यात्मिक चेतना का संदेश देने के उद्देश्य से रविवार को उन्हेल-नागदा रोड स्थित आंजना मैरिज गार्डन, सोढ़ंग में कबीर परमेश्वर पंथी जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के पावन सानिध्य में जिला स्तरीय आदि सनातन धर्म तत्वज्ञान सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रसारित सत्संग में जिलेभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सत्संग में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य परमात्मा की शास्त्रसम्मत भक्ति कर नशामुक्त, सदाचारी और सुखी समाज का निर्माण करना तथा प्रत्येक जीव को मोक्ष का मार्ग दिखाना है। उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति से व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक, मानसिक और सामाजिक परिवर्तन आता है तथा परिवार और समाज में सुख-शांति स्थापित होती है। तथा सर्व धर्म शास्त्र गीता, वेद, कुरान, पुराण, तथा गीता तेरा ज्ञान अम्रत, जीने की राह, ज्ञान गंगा आदि पुस्तकों का स्टाल भी लगाया गया। सत्संग के समापन पर इच्छुक श्रद्धालुओं को निःशुल्क नाम दीक्षा प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला सेवादार भक्त किशोर दास सहित सभी तहसीलों के सेवादार उपस्थित रहे।

# अधीक्षक प्रदीप शर्मा का कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष घावरी ने किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पिपलीनाका पर 7 जुलाई को दोपहर में टाटा कंपनी के तीन सफाई कर्मचारी सिवरेज चैंबर की सफाई करते समय चेंबर में गिर जाने से एक कर्मचारी की मौत हो गई और दो कर्मचारियों की जान बचाई गई। उस घटना के वक्त जांबाज उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा उसी रास्ते से निकल रहे थे प्रदीप शर्मा ने भीड़ देखकर अपनी गाड़ी रूकवाई और घटनास्थल पर खड़े रहकर प्रशासन की ओर से जो भी मदद करना थी, वह मदद तत्काल की गई और दो सफाई कर्मचारियों की जान बचाई गई। ऐसे जांबाज पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा का मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी द्वारा महाकाल का दुपट्टा उड़कर स्वागत सम्मान किया गया। इस शुभ अवसर पर उपस्थित हेमराज घावरी उज्जैन



जिला अध्यक्ष, रवि सीहोते वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष, सुनील खत्री विभागीय अध्यक्ष, अखिलेश मंडोर, संतोष सीहोते, महेश मालवीय, यह जानकारी उज्जैन जिला सचिव मुकेश रायकवार ने दी।

# फ्रेंडशिप डे पर जोश के साथ बिखेरे यादों के रंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फ्रेंडशिप डे पर युवाओं में बढ़ा दोस्ती का जश्न, शहरभर में कैफे, पार्क और कॉलेज रंग-बिरंगी चूड़ियों, ग्रीटिंग्स, और केक से सजे दिखे। युवाओं ने पुराने दोस्तों से मुलाकात की, कुछ ने सोशल मीडिया पर यादें साझा कीं तो कुछ ने अनाथालयों में मिठाइयां बांटकर दोस्ती का असली अर्थ समझाया। बढ़ती डिजिटल दोस्तियों के बीच कई युवाओं ने कहा कि रियल कनेक्शन जरूरी है। कई कैफेज में फ्रेंडशिप बैंड्स और हैंडमेड गिफ्ट्स की भी धूम रही।




उज्जैन में फ्रेंडशिप डे पर शहर दोस्ती के रंग में रंगा दिखा। प्रमुख पार्कों, कैफे, और महाकाल क्षेत्र में युवाओं की अच्छी-खासी भीड़ रही, जहाँ फ्रेंडशिप बैंड्स, ग्रीटिंग्स और छोटे गिफ्ट्स की बिक्री भी तेज रही। सोशल मीडिया पर हैशटैग फ्रेंडशिप ट्रेंड करता रहा। कुछ स्थानीय संगठनों ने अनाथालय और वृद्धाश्रम में फल, मिठाइयाँ और जरूरी सामान बाँटकर दोस्ती का सामाजिक संदेश दिया। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि मजबूत मित्रता मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को बढ़ाती है और बदलते समय में आमने-सामने मिलने का महत्व और भी बढ़ गया है। कुल मिलाकर, फ्रेंडशिप डे ने उत्साह, अपनत्व और संवेदनाओं के बीच यह याद दिलाया कि दोस्ती सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग का नाम है। और वैसे भी, दोस्ती में केक अच्छा बहाना है... बस सच्ची बातचीत ही असली ट्रीट है।

शहर के कुछ कॉलेजों में स्टूडेंट्स ने ग्रुप डिस्कशन और ओपन-मिक सेशंस रखे, जिसमें उन्होंने कहा कि दोस्ती में क्वालिटी टाइम अब सबसे कीमती चीज है। कई लोगों ने पुराने दोस्तों से फिर से जुड़कर कहा, कुछ बातें सिर्फ उन्हीं से हो सकती हैं, बाकी किसी से नहीं। और शहर की गलियों में घूमते हुए लोग मुस्कुरा कर एक ही बात दोहराते दिखे, फ्रेंडशिप डे याद दिलाता है कि दोस्ती निभाने से बनती है, दिखाने से नहीं।

चौड़ीकरण किए गए मार्गों पर स्वास्थ्य विभाग की बढ़ेगी परेशानी

# सड़क के लेबल में नाली, ढाल बदहाल, निर्माण बनेंगे मुसीबत का जाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में कई मार्गों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके तहत सड़कों एवं नालियों का निर्माण जारी है। चौड़ीकरण किए जा रहे मार्गों पर नाली एवं सड़कों का निर्माण बड़े ही बेतरतीब तरीके से हो रहा है। नालियों का लेबल सड़क के हिसाब से लिया जा रहा है जबकि उसे ढाल के मान से निर्माण किया जाता है। इससे आगे चलकर नाली का निर्माण समस्याओं का घर बनने की स्थिति दिखाई दे रही है। यही नहीं ड्रेनेज लाईन से कई जगह पर नाली गहरी है ऐसे में पानी का बहाव कैसे होगा यह भी परेशानी है।

नगर निगम शहर में अन्यानेक सडकों का चौड़ीकरण कर रहा है। इस दौरान सड़कों एवं नाली के बीच ढाल का जो मुख्य मुद्दा तकनीकी रूप से समन्वित किया जाता है उसे सिरे से ही दरकिनार कर नाली निर्माण किए जा रहे हैं। वर्तमान में तो यह कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे लेकिन इसके बाद नगर निगम के स्वासथ्य विभाग के लिए ये काम मुसीबत पैदा करते रहेंगे और भविष्य में जलजमाव की परेशानी यथावत रहेगी।

### ड्रेनेज लाइन से गहरी नाली कैसे बहेगा पानी जलभराव की मुसीबत बनेगी भविष्य में



### सडक और नाली ढाल में समन्वय अभाव

तकनीकी रूप से जानकारों का कहना है कि निमार्णाधीन नालियों और सड़कों के बीच कहीं समन्वय देखने में नहीं आ रहा है। सड़क का ढाल अलग जा रहा है जबकि नालियों का ढाल नालों के अनुरूप किया जाता है। आरसीसी की नालियों के निर्माण में इसका कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। लेबल को सिरे से ही नजरअंदाज किया जा रहा है। नालियों का ढाल सड़कों से परे है और सड़कों का ढाल नालियों से परे। ऐसे में सड़कों के आजू-बाजू जल जमाव की परेशानी होना तय है।

### पूरी बंद नाली उसमें बाहर से कैसे जाएगा पानी

तकनीकी जानकारों का कहना है कि नियमानुसार 600 मिमी की नालियों का निर्माण किया जा रहा है। इन्हें आरसीसी डक्ट रूप से निर्मित किया जा रहा है। पूरी नाली में उपर से भी छत डाली जा रही है। करीब 12 मीटर के दायरे में एक चेंबर बनाया जा रहा है। नाली में ढाल नहीं होने से उसमें जमाव की स्थिति तय है। ऐसे में चेंबर की लंबाई एवं चौड़ाई भी बहुत ही सामान्य रखी गई है। उसे देखते हुए भविष्य में सफाई के लिए उसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता है।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 3 अगस्त, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज कॉलम

### हर घर तिरंगा अभियान के जरिए भाजपा करेगी घर-घर संपर्क

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी वो राजनीतिक दल हे जो चुनावी वर्ष हो या सामान्य समय अपने संगठन और कार्यकर्ताओं को लगातार सक्रिय रखने के लिए विभिन्न अभियान चलाती रहती है। राष्ट्रीय पर्वों और जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से पार्टी बूथ स्तर तक अपनी पहुंच और संगठनात्मक मजबूती बनाए रखने की रणनीति पर काम करती है। इसी कड़ी में 9 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अभियान के लिए भाजपा के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे को प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है वहीं प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति से इंदौर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने जिला स्तरीय टोली का गठन किया है।

### पुलिस ने सागर जा रही शराब की खेप पकड़ी

**इंदौर।** मल्हारगंज थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान लाखों रुपए की शराब से भरा एक आयशर वाहन पकड़कर चालक को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शराब की खेप घाटा बिल्लौद स्थित ग्रेट गेलियन वेंचर्स लिमिटेड फैक्ट्री से सागर भेजी जा रही थी। हालांकि जांच के दौरान चालक परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद पुलिस ने आबकारी विभाग को सूचना देकर कार्रवाई शुरू की। मल्हारगंज थाना प्रभारी नीरज बिरथरे ने बताया कि पुलिस टीम बड़े गणपति क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान आयशर को रोककर जांच की गई। चालक ने अपना नाम सुमित पुत्र मनमोहन सिंह गोर, निवासी रायसेन बताया। वाहन की तलाशी लेने पर विभिन्न ब्रांड की पेटियां शराब मिली।

### इंदौर में फिर पर्चियों पर जमीनों के सौदे

**इंदौर।** शहर में एक बार फिर डायरी पर जमीन के सौदों का खेल शुरू हो गया है। रेरा की मंजूरी मिलने से पहले ही कॉलोनाइजर प्लॉट बेच रहे हैं। कई प्रोजेक्ट्स में सरकारी एजेंसियों की मंजूरियां अधूरी होने के बावजूद निवेशकों को यह कहकर फंसाया जा रहा है कि अभी खरीदेंगे तो सस्ता मिलेगा। मंजूरी आते ही रेट बढ़ जाएंगे। एडवांस के तौर पर कैश में मोटी रकम ली जा रही है और इसके बदले में न कोई वैध एग्रीमेंट किया जा रहा है न कोई पक्की रसीद दी जा रही है। यह वही मॉडल है, जिसमें शहर के सैकड़ों परिवारों की जिंदगीभर की पूंजी डूब चुकी है। गृह निर्माण संस्थाओं और अवैध कॉलोनियों के नाम पर हुए घोटालों में लोग आज भी डायरी और पर्चियां लेकर कभी जनसुनवाई तो कभी थानों के चक्कर काट रहे हैं।

### इंदौर की शिवानी शाह को नेशनल अवार्ड



**इंदौर।** विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए समावेशी और सहज वातावरण तैयार करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहीं इंदौर की आर्किटेक्ट और सामाजिक उद्यमी शिवानी शाह को आईएफआईपी नेशनल इन्क्लूजन अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें शनिवार को नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित वर्ल्ड इन्क्लूजन कॉन्फ्रेंस इंडिया-2026 में दिया गया। शिवानी शाह को यह राष्ट्रीय सम्मान ऑटिज्म, एडीएचडी, इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी और न्यूरोडेवलपमेंटल चुनौतियों से जूझ रहे बच्चों एवं लोगों के लिए उनकी जरूरतों के अनुरूप समावेशी वातावरण विकसित करने और नवाचार आधारित पहल के लिए दिया गया।

## नैनो न्यूज

- **भोपाल:** राज्य सरकार ने 400 वर्ष पुरानी मुगलकालीन भूमिगत जलापूर्ति प्रणाली के संरक्षण और पुनर्जीवन की योजना पर काम शुरू किया।
- **इंदौर:** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (उइठ) ने चार स्थानों पर छापेमारी कर 2.72 टन डोडाचूरा और 2.019 किलोग्राम अफीम जब्त की, तीन आरोपी गिरफ्तार।
- **मौसम:** मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर सहित कई जिलों में भारी बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया।
- **खेल:** मध्य प्रदेश के बल्लेबाज रजत पाटीदार को दलीप ट्रॉफी के लिए सेंट्रल जोन टीम का कप्तान बनाया गया।
- **सतना:** चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी पड़ोसी को गिरफ्तार कर न्यायिक कार्रवाई शुरू की।
- **भोपाल:** विधानसभा के मानसून सत्र में किसानों, बारिश, सिंचाई और विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा तेज रहने के आसार हैं।
- **कृषि:** नाफेड की प्याज खरीद को लेकर मध्य प्रदेश की उपज पर सवाल उठने से किसानों और व्यापारियों के बीच चर्चा तेज हुई।
- **प्रशासन:** लगातार बारिश को देखते हुए जिला प्रशासनों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव दल सतर्क रखने के निर्देश दिए गए हैं।

16 अगस्त के बाद घरेलू दर पर सिलेंडर की पात्रता हो सकती है प्रभावित

# घरेलू गैस उपभोक्ता हैं तो तत्काल बायोमेट्रिक ई-केवाईसी करवाएं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए आधार आधारित बायोमेट्रिक ई-केवाईसी से जुड़ा अभियान शहर में तेज कर दिया गया है। गैस एजेंसियों पर इसके लिए तेजी से काम किया जा रहा है। बकाया उपभोक्ताओं को इसके लिए आग्रह किया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं का सत्यापन अभी लंबित है, उन्हें मोबाइल पर संदेश भेजकर 16 अगस्त 2026 से पहले ई-केवाईसी पूरी करने के लिए कहा जा रहा है।

गैस एजेंसियों से जुडे सूत्रों के अनुसार कंपनियों ने घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए आधार आधारित बायोमेट्रिक ई-केवाईसी का काम कुछ माह पूर्व शुरू किया था। इसे लेकर चल रही धीमी गति को तेज कर दिया गया है।

मोबाइल ऐप, अधिकृत डिलीवरी कर्मचारी के माध्यम से कर सकते हैं ई-केवायसी



- **इंडेन के संदेश में तीन बातें** - बायोमेट्रिक आधार ई-केवाईसी लंबित है। प्रक्रिया 16 अगस्त तक पूरी करनी है। सत्यापन नहीं होने पर घरेलू दर पर सिलेंडर लेने की पात्रता ई-केवाईसी पूरी होने तक प्रभावित हो सकती है।
- **घर बैठे करें ई केवायसी-** एजेंसी के अधिकृत सूत्रों के अनुसार उपभोक्ता एजेंसी पर आकर प्रक्रिया पूर्ण कर या फिर ई-केवाईसी घर बैठे कंपनी के मोबाइल ऐप, संबंधित गैस एजेंसी या सिलेंडर पहुंचाने वाले अधिकृत डिलीवरी कर्मचारी के माध्यम से पूरी कर सकते है। इसमें बायोमैट्रिक जानकारी प्रमुख है।

इसे अभियान के रूप में लिया जाने लगा है। बताया जा रहा है कि कंपनियों की और से उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे संदेश में कहा जा रहा है कि निर्धारित तारीख तक सत्यापन नहीं होने पर वे ई-केवाईसी पूरी होने तक घरेलू दर पर सिलेंडर प्राप्त करने के पात्र नहीं रह सकते।

### उपभोक्ता सावधानी की जरूरत

सूत्रों के अनुसार कंपनियों की और से ताजा रटर में घरेलू दर पर सिलेंडर मिलने की पात्रता प्रभावित होने की बात है, लेकिन सिलेंडर कनेक्शन हमेशा के लिए बंद होने या रिफिल की आपूर्ति पूरी तरह रोक देने का कोई स्पष्ट नया केंद्रीय आदेश सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। बताया जा रहा है कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 17 मार्च 2026 को जारी स्पष्टीकरण में कहा था कि ई-केवाईसी केवल उन उपभोक्ताओं के लिए जरूरी है, जिन्होंने अभी तक प्रक्रिया पूरी नहीं की है। मंत्रालय ने उस समय यह भी कहा था कि ई-केवाईसी लंबित होने के कारण रिफिल की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। दूसरी ओर, जुलाई के अंतिम सप्ताह में भेजे गए रटर में घरेलू दर पर सिलेंडर प्राप्त करने की पात्रता को ई-केवाईसी से जोड़ा गया है। इसलिए अभी सबसे सटीक स्थिति यह है कि ई-केवाईसी लंबित होने पर घरेलू मूल्य या सब्सिडी लाभ प्रभावित हो सकता है, लेकिन गैस सप्लाई पूरी तरह बंद होने का दावा पुष्ट नहीं है।

### डिलेवरी न मिले तो उपभोक्ता को कारण जानने का अधिकार

ई-केवाईसी पूरी होने के बावजूद बुकिंग रद्द होने या सिलेंडर की डिलीवरी न मिलने पर उपभोक्ता सबसे पहले संबंधित गैस एजेंसी से लिखित या डिजिटल कारण मांग सकते हैं। इसके बाद कंपनी के आधिकारिक मोबाइल ऐप या ग्राहक सेवा माध्यम पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के आधिकारिक पोर्टल पर सामान्य एलपीजी टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-233-3555 और उज्ज्वला हेल्पलाइन 1800-266-6696 दी गई है। गैस लीकेज जैसी आपात स्थिति के लिए 1906 नंबर है।

सोशल मीडिया बन रही जनता की आवाज, शनि मंदिर के बंद रास्ते का वीडियो वायरल

# सड़क बनने के बाद भी मुख्य द्वार पर रखी बोरियों से रास्ता बंद होने ओर गंदगी की शिकायत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि आम लोगों की समस्याओं को जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों तक पहुंचाने का एक प्रभावी मंच बनता जा रहा है। शहर में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां सोशल मीडिया पर उठाई गई शिकायतों के बाद प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी है।

ऐसा ही एक मामला इंदौर के प्राचीन शनि मंदिर, जूनी इंदौर के मुख्य मार्ग का सामने आया है। यहां रहने वाली क्षेत्र की रहवासी सोनाली पुराणिक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार वाली सड़क पर



पिछले कई दिनों से रखी बोरियों की समस्या को उजागर किया है। वीडियो में उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान सड़क इन बोरियों को सड़क के ऊपर डालने का कार्य किया गया था।

अब सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन बोरियां हटाने के बजाय मंदिर के मुख्य द्वार के सामने ही डाल दी गई हैं, जिससे रास्ता लगभग बंद हो गया है जिससे रहवासियों ओर आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण भीगी हुई बोरियों के आसपास मच्छर पनपने लगे हैं, वहीं लोगों ने वहां कचरा फेंकना भी शुरू कर दिया है। इससे वातावरण प्रभावित हो रहा है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

### मच्छरों से बीमारी का खतरा बढ़ रहा

सोनाली पुराणिक ने संबंधित विभाग और नगर निगम से तत्काल बोरियां हटाने की मांग की है और कहा कि सड़क निर्माण हो जाने के बाद भी अभी तक सड़क चालू नहीं की गई है जिसके कारण वह से तो परेशान नहीं हुई और इन बोरियों के कारण पनप रहे मच्छरों से बीमारी का खतरा बढ़ रहा है क्या इस छोटे से बात के लिए भी हमें धरना देना होगा। अब देखना यह होगा कि सोशल मीडिया पर उठी यह आवाज संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियो तक कितनी जल्दी पहुंचती है और मार्ग से यह अवरोध कब तक हटाया जाता है।

एनजीटी की दोटूक

# पानी छिड़ककर नहीं, ठोस कदम से घटाएं प्रदूषण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

राजधानी में वायु प्रदूषण को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने नगर निगम, जिला प्रशासन और मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीपीसीबी) को तत्काल प्रभाव से प्रदूषण नियंत्रण के उपाय लागू करने के लिए कहा है।

न्यायाधिकरण ने कहा कि खराब होती वायु गुणवत्ता को नियंत्रित करने के लिए समन्वित कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) की निगरानी में किसी भी तरह की हेराफेरी पर रोक लगाने को कहा है। एनजीटी की भोपाल स्थित सेंट्रल जोन बेंच ने शुक्रवार को गौरव सक्सेना बनाम मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य की सुनवाई के बाद न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति एसके सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने आदेश जारी किया।एनजीटी ने नगर निगम आयुक्त, कलेक्टर और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए कि वे शहर में धूल, औद्योगिक उत्सर्जन और अन्य प्रदूषण स्रोतों को नियंत्रित करने के लिए संयुक्त कार्ययोजना तैयार करें तथा उसकी नियमित निगरानी भी सुनिश्चित करें। अधिकरण ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसका वास्तविक प्रभाव भी दिखाई देना चाहिए।

# रतलाम कोटा मेमो ट्रेन का पेटों टूटा

## डाउन ट्रेक का परिचालन तीन घंटे रहा प्रभावित



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड**

रविवार की सुबह रतलाम से कोटा के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन का पेंटो (रेल्वे ट्रैक से गुजरने वाली मुख्य विद्युत लाइन से ट्रेनों को पावर देने वाले इंस्ट्रूमेंट) के टूट जाने से यह यात्री गाड़ी करीब 1 घंटे से अधिक समय से यहां के रेल्वे स्टेशन पर खड़ी रही रेल्वे के संबंधित विभाग की टीम ने तत्काल पावर इंजिन के पास पहुंचकर पैंटों को दुरुस्त किया ओके रिपोर्ट देने के बाद अधिकारियों द्वारा ओके रिपोर्ट देने के बाद ट्रेन को आगे के लिये रवाना किया गया इस घटना के चलते नागदा से आकर कोटा की और जाने वाली यात्री ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चली। इस वजह से इस ट्रेन सहित विलंबित हुई अन्य ट्रेनों से यात्रा कर रहे यात्रियों को परेशान होना पड़ा।

# इंदौर में बारिश के बीच दौड़ने का जोश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एकेडमी ऑफ इंदौर मैराथनर्स की ओर से आयोजित 'रैनाथॉन-10 किमी मॉनसून नाइट रन' का 9वां संस्करण शनिवार रात 10 बजे पितृ पर्वत से शुरू हो गया। बारिश के मौसम में आयोजित इस खास नाइट रन में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से करीब 2 हजार रनर्स ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। रन शुरू होते ही पूरा माहौल जोश और ऊर्जा से भर गया। रन का शुभारंभ पितृ पर्वत स्थित से किया गया। इसके बाद प्रतिभागी निर्धारित मार्ग से होते हुए मॉडल स्कूल, गोमटगिरि, नया बसेरा, सुमतिधाम कॉलोनी (गोधा एस्टेट), बाहुबली नगर और आकाश ग्रीन कॉलोनी से होकर वापस पितृ पर्वत पहुंचेंगे। पूरे मार्ग पर सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण, चिकित्सा सहायता और हाइड्रेशन की विशेष व्यवस्था की गई है।

सीएम मोहन यादव ने भोपाल में की घोषणा

# आचार्य समय सागर महाराज होंगे मप्र के राजकीय अतिथि, विधानसभा आने का भी दिया निमंत्रण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

राजधानी भोपाल में रविवार को आचार्य समय सागर महाराज ससंघ के चातुर्मास कलश स्थापना महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ा ऐलान करते हुए आचार्य समय सागर महाराज को मध्य प्रदेश का राजकीय अतिथि घोषित करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में गुरुदेव के पुनः पदार्पण पर राज्य सरकार उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें राजकीय अतिथि के रूप में स्वीकार करती है। मुख्यमंत्री की इस घोषणा का समारोह में मौजूद श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने आचार्य समय सागर महाराज के पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आचार्य श्री ने उन्हें शास्त्र भेंट किए। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। ट्रस्ट अध्यक्ष पंकज सुपारी, पूर्व अध्यक्ष मनोज बांगा, प्रमोद जैन और हिमांशु जैन ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। समारोह में मंत्री विश्वास सारंग, विधायक आलोक शर्मा, राहुल कोठारी, रविंद्र यति, राजकुमार पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि और समाजजन उपस्थित रहे।

### संतों का सान्निध्य देवमार्ग पर ले जाता है

- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य जीवन 84 लाख योनियों के बाद प्राप्त होता है और इसी जीवन से दो मार्ग निकलते हैं—एक देवत्व की ओर और दूसरा कष्टों की ओर। उन्होंने कहा कि यदि संतों का सान्निध्य मिल जाए तो मनुष्य का देवमार्ग निश्चित हो जाता है।
- उन्होंने आचार्य विद्यासागर महाराज के साथ अपने वर्षों पुराने जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि उन्हें कई अवसरों पर उनके दर्शन और मार्गदर्शन का सौभाग्य मिला और अब आचार्य समय सागर महाराज के रूप में वही आध्यात्मिक परंपरा आगे बढ़ रही है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिक विरासत, संत परंपरा और सेवा भाव से है। दुनिया जहां शक्ति और संघर्ष के रास्ते पर चल रही है, वहीं भारत ने हमेशा आत्मसंयम, अहिंसा और करुणा का मार्ग दुनिया के सामने रखा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि शासक नहीं, बल्कि जनता के सेवक हैं और शासन का प्रत्येक निर्णय समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए होना चाहिए।

हैदराबाद उड़ान को तिरुपति तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर नहीं हो सका अमल

# राजा भोज एयरपोर्ट से साउथ की राह हुई कठिन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/भोपाल**

भोपाल से दक्षिण भारत का हवाई कनेक्शन लगातार कमजोर हो रहा है। चैन्नई, तिरूपति एवं कोच्चि तक लंबे समय से उड़ान नहीं है। हाल ही में बेंगलुरू उड़ान के फेरे भी कम हो गए हैं। हैदराबाद उड़ान को तिरूपति बालाजी तक बढ़ाने का निर्णय भी नहीं हो सका है। किसी समय भोपाल से जेट एयरवेज सबसे बड़ा एयरलाइंस ऑपरेटर था। कंपनी ने भोपाल को पहली बार चैन्नई उड़ान के साथ भोपाल को दक्षिण भारत से जोड़ा। बाद में स्पाइस जेट ने भी दक्षिण भारत के कई शहरों तक उड़ानें शुरू कीं।

कुछ समय बाद जेट एयरवेज बंद हो गई। स्पाइस जेट ने भी भोपाल से अपनी सभी उड़ानें बंद कर दीं। नतीजा भोपाल का साऊथ कनेक्शन कट गया। कुछ समय बाद इंडिगो ने भोपाल में दस्तक दी। कंपनी ने पहली बार हैदराबाद एवं बेंगलुरू उड़ान के साथ भोपाल का साऊथ कनेक्शन जोड़ा था। कुछ समय तक बेंगलुरू उड़ान को चैन्नई तक बढ़ाया गया लेकिन बाद में इसे बंद कर दिया गया। इसकी जगह बेंगलुरू उड़ान को कोच्चि (कोचीन) से जोड़ा गया। अब यह उड़ान केवल बेंगलुरू तक ही जाती है। बेंगलुरू की दूसरी उड़ान के फेरे भी कम कर दिए गए हैं। दूसरी उड़ान अब सप्ताह में तीन दिन संचालित होती है।

### तिरूपति बालाजी जाने वाले निराश

भोपाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु तिरूपति बालाजी जाते हैं। कई भक्त तिरूमाला दर्शन करने साल में दो से तीन बार जाते हैं। सीधी उड़ान नहीं होने से श्रद्धालु निराश हैं। हैदराबाद से तिरूपति एयरपोर्ट कुछ ही दूरी पर है। यदि हैदराबाद उड़ान को तिरूपति तक बढ़ाया जाए तो श्रद्धालुओं की आस पूरी हो सकती है । वर्तमान में बालाजी दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के पास ट्रेन से जाने का ही विकल्प है। इसमें समय बहुत लगता है। नियमित रूप से दर्शन के लिए जाने वाले भक्तों को अर्से से सीधी उड़ान का इंतजार है।

### विकसित शहर की पहचान सीधी उड़ान

किसी भी विकसित शहर की पहचान देश के प्रमुख शहरों तक सीधी उड़ान होना है लेकिन भोपाल से साऊथ कनेक्शन लंबे समय से कमजोर है। हमनें इस संबंध में एयरलाइंस कंपनियों की नेटवर्क प्लानिंग टीम से आग्रह किया है। जल्द ही सांसद के माध्यम से नागरिक उड्डयन मंत्री से मिलेंगे।- रजत पल्लव सिंह, टीम लीडर भोपाल इन्वेंटमेंट एंड डेवलपमेंट।

### कभी नहीं मिली सुविधा

तिरूमाला जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हजारों में है। दक्षिण भारत में कई दूसरे धार्मिक स्थल भी हैं। ट्रेन से जाना परेशानी भरा सफर है। श्रद्धालुओं की भावनाओं को देखते हुए साऊथ कनेक्शन मजबूत होना चाहिए। हैदराबाद उड़ान का तिरूपति तक आसानी से बढ़ाया जा सकता है।

**- अशोक हिमथानी, श्रद्धालु तिरूपति बालाजी।**

### यात्री मिल रहे थे फिर भी बंद

भोपाल से दक्षिण भारत के विभिन्न शहरों तक जब भी उड़ानें शुरू हुई हैं, उन्हें पूरा रिस्पांस मिला है। चैन्नई, तिरूपति एवं कोच्चि तक कम से कम सप्ताह में एक दिन उड़ान होना चाहिए। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भोपाल से एक भी उड़ान नहीं होना आश्चर्य की बात है।

**- ओमप्रकाश शेरू, ट्रेवल्स एजेंट।**

भाजपा का कांग्रेस पर तंज

# जीतू पटवारी के घर जाने से पहले हेलमेट पहनें

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निवास पर हुए विवाद की घटना को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक हमला बोला है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंह यादव ने तंज कसते हुए कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं को सलाह दी कि वे अब जीतू पटवारी के घर हेलमेट और सेल्फ डिफेंस किट पहनकर जाएं, ताकि किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

राकेश सिंह यादव ने जारी बयान में कहा कि हाल ही में हुई मारपीट की घटना से कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं को सबक लेना चाहिए। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि सभी कांग्रेसियों को तत्काल आत्मरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरण खरीद लेने चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सेल्फ डिफेंस किट में पेपर स्प्रे, पर्सनल अलार्म, सेल्फ डिफेंस स्टिक (बैटन) और की-चेन सुरक्षा उपकरण जैसे साधन शामिल होने चाहिए, ताकि आपात स्थिति में उनका उपयोग किया जा सके। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सलाह कांग्रेस कार्यकताओं के हित में दी जा रही है, जिससे वे जीतू पटवारी के घर पिटने से बच सके। दरअसल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के इंदौर स्थित निवास पर हाल ही में आयोजित संगठनात्मक बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं के कथित विवाद और हंगामा हुआ था।

न्यूज कालम



## 400 सीड बॉल तैयार कर युवाओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बाग।** पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय युवा मित्रों द्वारा सीड बॉल निर्माण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत युवाओं ने लगभग 400 सीड बॉल तैयार किए। सीड बॉल मिट्टी से बना एक गोलाकार गोला होता है, जिसके भीतर विभिन्न प्रकार के पौधों के बीज रखे जाते हैं। ये सीड बॉल दो से तीन दिनों में सूख जाते हैं। इसके बाद सोमवार को, जो स्थानीय बाजार का दिन है, युवा मित्र और सहयोगी बाजार में आने वाले लोगों के बीच इनका वितरण करेंगे। अभियान से जुड़े युवाओं ने बताया कि इन सीड बॉल को किसी भी खाली जगह पर डालने से अनुकूल परिस्थितियां मिलने पर बीज अंकुरित होकर पौधों का रूप ले सकते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना है। युवाओं का मानना है कि पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सीड बॉल वितरण के माध्यम से लोगों तक यही संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा कि छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया है।

## पुण्य स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत बच्चों का विशेष धार्मिक शिविर आयोजित

**बाग।** नगर में आयोजित पुण्य स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत परम पूज्य तपस्वी रत्ना साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में आज रविवार को बच्चों के लिए विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातःकाल बच्चों द्वारा भगवान की भक्तिभावपूर्वक स्नात्र पूजा संपन्न की गई। तत्पश्चात संघ के सामूहिक एकासना तप के पश्चात बच्चों का विशेष धार्मिक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बच्चों को धार्मिक पाठशाला के माध्यम से जैन धर्म के सिद्धांतों, संस्कारों एवं जीवन मूल्यों से परिचित कराया गया तथा विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से धर्म से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। रविवार होने के कारण बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। पूरे आयोजन में बच्चों की ऊर्जा, उमंग एवं धर्म के प्रति गहरी आस्था देखने योग्य रही। यह शिविर बच्चों के मन में धार्मिक संस्कारों के बीजारोपण एवं उनके व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायी एवं सफल रहा।

## किशोर प्रेरणा मंच में सद्भावना मंच अध्यक्ष प्रमोद जैन का सम्मान

**खंडवा।** किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच अध्यक्ष रणवीर चावला तथा सचिव नारायण बाहेती द्वारा सद्भावना मंच अध्यक्ष प्रमोद जैन को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर महान गायक किशोर कुमार के जन्मदिन कार्यक्रम के लिए गायन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में सद्भावना मंच अध्यक्ष प्रमोद जैन सहित गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सद्भावना मंच के योगेश गुजराती,गोपाल भारद्वाज,अजय मंडलोई,एन के दवे,निर्मल मंगवानी,सुभाष मीणा आदि मौजूद रहे।

## ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे हेड कांस्टेबल की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत हुई



**मंदसौर।** जिले के दलौदा थाना क्षेत्र में शनिवार रात हुए एक सड़क हादसे में 40 वर्षीय प्रधान आरक्षक मुकेश सिंह भदोरिया की असमय मृत्यु हो गई। वे दलौदा थाने में अपनी ड्यूटी पूरी कर कार से घर की ओर लौट रहे थे, तभी थाने से मात्र 300 मीटर की दूरी पर एक ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के तुरंत बाद डायल-112 की टीम द्वारा उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार अस्पताल पहुँचने से पूर्व ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। प्राथमिक जाँच में अत्यधिक अंदरूनी चोट लगने को मौत का कारण माना जा रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जवान जिला अस्पताल पहुँच गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाकारित ट्रक एवं उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के निवासी मुकेश सिंह भदोरिया का परिवार लंबे समय से मंदसौर में ही रह रहा है। उनके पिता भी पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे, जबकि उनके छोटे भाई मंदसौर सिटी कोतवाली में हेड कांस्टेबल तथा बड़े भाई इंदौर के आजाद नगर थाने में टीआई के पद पर कार्यरत हैं। पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# प्रसिद्ध गायक किशोर दा के जन्मदिन पर 3 दिवसीय जिला प्रशासन का खण्डवा गौरव दिवस कार्यक्रम प्रारंभ

### 4 अगस्त को किशोर नाइट का आयोजन पुरानी अनाज मंडी में



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

देश के महान गायक खंडवा में जन्मे हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार के जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 2 से 4 अगस्त तक 3 दिवसीय "खण्डवा गौरव दिवस" कार्यक्रम आयोजित होंगे। समाज सेवी और किशोर प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन 2 अगस्त को प्रातः 8 बजे से चेम्बर ऑफ कॉमर्स व सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से मैराथन दौड़ का आयोजन नगर निगम कार्यालय से केवलराम चौराहे तक होगा। इसके अलावा 2 अगस्त दोपहर में किशोर सांस्कृतीक प्रेरणा मंच की ओर से आयोजित गायन प्रतियोगिता "वॉइस ऑफ खंडवा" का फाइनल किशोर कुमार सभागृह में होगा।

गौरव दिवस के उपलक्ष ३ अगस्त को स्कूली व कालेज के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुति नगर निगम के सामने मंच पर सुबह 7.30 बजे से होगी। वही पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में 3 अगस्त को ही प्रातः 11 से 2 बजे तक स्कूली विद्यार्थियों की हिंदुस्तान अभिकरण के सौजन्य सेचित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके अलावा 3 अगस्त की शाम को नगर निगम व घंटाघर के पास फूड फेस्टिवल आयोजित होगा तथा केवल राम चौराहे से घंटाघर तक बैंड पार्टियों की प्रस्तुति होगी। नगर निगम चौराहे पर बने मंच पर ३ अगस्त की रात्रि में 8 बजे से किशोर कुमार के गीतों की आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम आयोजित होगा। एवं रात्रि 12 बजे किशोर दा के जन्म उत्सव पर आतिशबाजी के साथ केक काटा जाएगा। किशोर प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रसिद्ध गायक किशोर दा के जन्मदिवस पर 4 अगस्त को सुबह 9 बजे से नगर निगम प्रशासन एवं किशोर सांस्कृतीक प्रेरणा मंच के तत्वाधान में किशोर दा की समाधि पर जलेबी का भोग लगाकर गीतों के माध्यम से सभी जनप्रतिनिधि एवं किशोर दा के प्रेमी पुष्पांजलि स्वरांजलि प्रस्तुत करेंगे। गौरव दिवस के उपलक्ष में तीसरे दिन 4 अगस्त की शाम 7.30 बजे से किशोर सांस्कृतीक प्रेरणा मंच जिला प्रशासन, बैंक आफ इंडिया, नगर निगम प्रशासन के सहयोग से किशोर नाईट में ख्यातिप्राप्त गायक पी. गणेश व प्रीति जोशी मुंबई द्वारा गानों की प्रस्तुति दी जावेगी। साथ ही इस वर्ष बंसल परिवार द्वारा मुम्बई के जाने माने पार्श्वगायक विनोद राठौर को गायन के क्षेत्र में 1 लाख रुपये व ताम्रपत्र के साथ किशोर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

## चाकू से जानलेवा हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



थाना पदमनगर पुलिस ने अनाज मंडी में एक युवक पर जान से मारने की नीयत से चाकू से प्राणघातक हमला करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने घटना में दो नाबालिगों की संलिप्तता पाए जाने पर उनके विरुद्ध भी नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, 29 जुलाई को फरियादी राहुल पिता राधेश्याम, निवासी रिचफल, पुनासा ने थाना पदमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अनाज मंडी में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उस पर चाकू से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई। रिपोर्ट पर थाना पदमनगर में अपराध अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंची। मामले में अर्पण पिता अनूप करोल निवासी दादाजी वार्ड, खंडवा; आकाश पिता अजब सिंह बंजारा निवासी छालपी, सिंगाजी; तथा बंटी पिता हरचंद बंजारा निवासी छालपी, सिंगाजी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस जांच में घटना में दो अन्य नाबालिगों की संलिप्तता भी सामने आई, जिनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश जमरा, सहायक उप निरीक्षक नंदराम वासुरे का सहयोग सराहनीय रहा।



## स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट

भारत विकास परिषद शाखा आलोट एवं विक्रमादित्य उज्जैन के संयुक्त तत्वाधान में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर देवास के सहयोग से एक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम बरखेड़ा कलां पंचायत भवन पर किया गया शिविर में अमलतास हॉस्पिटल से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा शिविर में आए मरीजों के हड्डी रोग, नेत्र रोग, स्वसन संबंधी बीमारी, यूरोलॉजी, त्वचा रोग, महिलाओं संबंधित बीमारियों की जांच की गई एवं आवश्यक दवाइयां दी गई तथा ऑपरेशन के चिन्हित मरीजों को अमलतास हॉस्पिटल भेजने की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया मुख्य अतिथि चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश फुलंब्रीकर , अध्यक्षता भारत विकास परिषद के अध्यक्ष कमल गुप्ता ने की, विशेष अतिथि सरपंच शांतिलाल पाटीदार, डॉ कशिश उपस्थित रहे। कार्यक्रम को अतिथियों द्वारा संबोधित किया गया शिविर में 212 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमें से 34 चिन्हित मरीजों को अमलतास हॉस्पिटल भेजने की व्यवस्था की गई है।



## बकरी चोरी के दौरान वाहन से कुचने का किया था प्रयास, पांच गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

एक पशु बाड़े में चोरी के दौरान युवक के जाग जाने पर वाहन से कुचलने का प्रयास करने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए है। इस मामले में चैनपुर थाना पुलिस ने महज 24 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 1 अगस्त को 55 वर्षीय फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी की ग्राम दामखेड़ा में पुत्र मंगलसिंह रंधावा अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ रात्रि में घर पर सो रहा था। रात्रि लगभग 12.30 बजे मंगलसिंह के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह बाहर आया तो देखा कि मंगलसिंह के दोनों पैरों में गंभीर चोटें थीं। खून बह रहा था। मंगलसिंह ने बताया कि कुछ अज्ञात व्यक्ति बोलेरो वाहन लेकर उसके बाड़े में घुसे और दो बकरों को चोरी कर वाहन में ले जाने का प्रयास कर रहे थे। नींद खुल जाने पर आरोपियों को रोकने का प्रयास किया। इस पर आरोपी बकरे छोड़कर बोलेरो वाहन से भागने लगे। मंगलसिंह ने रोकने का प्रयास किया तो उसे जान से मारने की नीयत से बोलेरो वाहन उसके ऊपर चढ़ा दिया, जिससे उसके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। उक्त घटना में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन कर संदिग्धों को चिन्हित किया गया। विवेचना के दौरान वाहन दिनेश उर्फ राजू पिता संतोष बामनिया निवासी काठियाबंधान के स्वामित्व का पाया गया।



## वरिष्ठ साहित्यकार श्रीवास्तव के जन्म दिन पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि जय प्रकाश श्रीवास्तव के ७५वें जन्मोत्सव पर शनिवार को अभिव्यक्ति सोशल, कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी नेपानगर द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रारंभिक लक्ष्य 75 पौधे लगाने का था, लेकिन नगरवासियों के उत्साह से कुल 101 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम न्यू कॉलोनी में हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

आयोजकों ने कहा कि कवि जय प्रकाश श्रीवास्तव ने अपनी लेखनी से समाज को विचार, संवेदना और संस्कार दिए हैं। उनके जन्मोत्सव को प्रकृति संरक्षण से जोड़कर 101 पौधारोपण करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है।

कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सोहन सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गीय, भाजपा मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन, भाजपा मंडल महामंत्री राहुल यादव, अभिव्यक्ति सोसायटी के अध्यक्ष सहित पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। नगर पालिका इंजीनियर प्रकाश बडवाहे के सहयोग से खड्डे करने की मशीन उपलब्ध कराई गई, जिससे रोपण कार्य आसान हुआ। कार्यक्रम के आमंत्रक अनुभव श्रीवास्तव रहे।



## मन की शुद्धि मंत्रों से करना चाहिएः साध्वी चारित्र कला श्रीजी

**आलोट।** जैन भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए *साध्वी चारित्र कला श्रीजी ने कहा कि पानी से शरीर की शुद्धि ४ घंटे से अधिक नहीं रह सकती, जबकि शास्त्रों में लिखे गए मंत्रों के उच्चारण से शरीर शुद्ध होकर मोक्ष मार्ग की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि शरीर में कई प्रकार की अशुद्धियां हैं, हमें इन्हें दूर करना है। शुद्ध मन से भगवान की भावना करते हैं तो भगवान हमारी भावनाओं को अच्छी तरह सुनते हैं। कोई भी कार्य हो उसे एकाग्र मन से करना चाहिए।

## हर घर तिरंगा यात्रा के लिए भाजपा ने बनाई जिला स्तरीय टोली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी 9 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाली 'हर घर तिरंगा' यात्रा के सफल संचालन एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय टोली का गठन किया है। यह निर्णय प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा की सहमति तथा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी संगीता सोनी की अनुमति से लिया गया है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जिला भाजपा अध्यक्ष राजपालसिंह तोमर द्वारा जारी आदेश के अनुसार गठित टोली में संतोष सोनी को संयोजक बनाया गया है। वहीं सुखदेव पटेल, नन्दकिशोर (नंदन) करोड़ी और सागर आरतानी को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि भाजपा संगठन द्वारा घोषित यह जिला स्तरीय टोली अभियान के दौरान जिलेभर में तिरंगा यात्रा के विभिन्न कार्यक्रमों का समन्वय करेगी तथा कार्यकताओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ेगी। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस अभियान के तहत घर-घर तिरंगा फहराने और राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## बाल संस्कार सभा का आयोजन

**उज्जैन।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज, फ्री गंज, उज्जैन द्वारा गौतम समाजोत्थान न्यास द्वारा संचालित गौतम संस्कार केंद्र द्वारा रविवार को बाल संस्कार सभा का आयोजन किया गया। सभा का विषय – "भगवान श्रीहरि विष्णु के दशावतार" रहा। बच्चों ने भगवान के दसों अवतारों का सुंदर, सरल एवं प्रभावशाली वर्णन प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने सभी उपस्थित जनों को भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा से जुड़ने की प्रेरणा दी।महिला एवं पुरुष वर्ग के विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं पारिवारिक जीवन में भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कुमारी मानसी दुबे द्वारा किया गया।

## जन्म के पहले घंटे में नवजात को स्तनपान अवश्य कराएं : विधायक तनवे

**खंडवा।** विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अवसर पर जिला चिकित्सालय खंडवा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने सहभागिता कर माताओं एवं उनके परिजनों को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक किया। रोगी कल्याण समिति के सदस्य सतनाम सिंह होरा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को नवजात शिशु के लिए स्तनपान के महत्व की जानकारी देना था। इस अवसर पर विधायक तनवे ने कहा कि नवजात शिशु के जन्म के पहले एक घंटे के भीतर स्तनपान कराना उसके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण शुरूआत है।

# जलभराव की समस्या से मिली मुक्ति, क्षेत्रवासियों ने विधायक का किया स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



तीन पीढ़ियों से हर बारिश में जलभराव झेल रहे सिंधीपुरा, बुधवारा, शिकारपुरा, शनवारा और आसपास के क्षेत्रवासी मंगलवार को विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के निवास पहुंचे। नागरिकों ने पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत कर समस्या के स्थायी समाधान के लिए आभार जताया।

क्षेत्रवासियों ने कहा कि जिस समस्या को वर्षों से नियति मानकर जिया जा रहा था, उसका समाधान अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों और मॉनिटरिंग से संभव हुआ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में शहरी अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की नीति का लाभ बुरहानपुर को मिला। अर्चना चिटनिस ने शहर के इस सबसे पुराने मुद्दे को प्राथमिकता से उठाया।

उनके प्रयासों से राज्य आपदा मोचन निधि से करीब 12 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए। इससे नालों का सीमेंटीकृत निर्माण, चैनलाइजेशन और जल निकासी व्यवस्था को आधुनिक रूप दिया गया। महापौर माधुरी अतुल पटेल के साथ समन्वय कर निर्माण कार्यों को गति दी गई। शहर में लगभग २८ किलोमीटर आंतरिक सीमेंट कांक्रीट मार्ग भी बनवाए गए। अर्चना चिटनिस ने स्वयं निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया और गुणवत्ता व समय-सीमा सुनिश्चित की। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले थोड़ी बारिश में ही बुधवारा, शहर का सबसे व्यस्त व्यापारिक मार्ग, जलमग्न हो जाता था। सिंधीपुरा, शिकारपुरा, शनवारा में घरों और दुकानों में पानी भर जाता था। व्यापारियों को नुकसान, बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी और घंटों यातायात बाधित रहता था।

नालों के चैनलाइजेशन और सीसी सड़कों के कारण अब वर्षा जल का सुचारु निकास हो रहा है। जलभराव खत्म होने से सुरक्षित आवागमन, बिना बाधा व्यापार और बेहतर स्वच्छता मिली है।

## टेक होम राशन वैकल्पिक आरटीई व्यवस्था स्थानीय स्व सहायता समूह करेंगे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ियों में आजीविका मिशन की टेक होम राशन की व्यवस्था परिवर्तित करते हुए राज्य स्तर से विभाग ने अब यह जिम्मेवारी पहले से गर्म पका ताजा पोषण आहार प्रदाय कर रहे समूहों को सौंपी है इस संबंध में जिला पंचायत सभा कक्ष में जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी द्वारा सभी परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों को शासन निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु तैयारियों की समीक्षा करते हुए समय सीमा में नियमित प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के विभागीय बिन्दुओं पर भी लक्षित पूर्ति करते हुए सतत निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यशाला में जिले के सभी सीडीपीओ पर्यवेक्षक को सहायक संचालक श्रीमती रीना शर्मा द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में टीएचआर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रेडी टू ईट फूड पूरक पोषण आहार प्रदाय करने के लिए विभाग द्वारा नियत एस ओ पी के तहत पोषण ट्रैकर से एफआरएस के लाभार्थियों के लिए नियत रेसिपी के पालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

कार्यशाला में मुख्य मंत्री जन विश्वास अभियान के तहत समस्त लंबित हेल्प लाइन के संतुष्टि पूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने सभी लाभार्थी मूलक योजनाओं में समस्त पेंडेंसी खत्म करने तथा जनसुनवाई आदि से प्राप्त सभी शिकायतों के तीन दिवस में निराकरण हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने उपस्थित परियोजना अधिकारियो पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षण

**उज्जैन।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से आंगनवाड़ी कार्यकताओं को फील्ड टेस्ट किट (स्नज्ञ्य) के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह अभियान कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है ? अभियान का संचालन कार्यपालन यंत्री श्री केदार सिंह खत्री के निर्देशन में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकताओं को फील्ड टेस्ट किट के व्यावहारिक उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें क्लोरीन, नाइट्रेट, आयरन, हार्डनेस एवं पीएच स्तर सहित विभिन्न जल गुणवत्ता मानकों की जांच का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## 1 से 7 अगस्त तक जिला अस्पताल में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस क्रम में आज 1अगस्त को जिला चिकित्सालय उज्जैन में विश्व स्तनपान सप्ताह का औपचारिक शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार पाल की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधक श्रीमती हिमांगी चौहान, नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

इस वर्ष की थीम स्तनपान से सतत जीवन की श्रेष्ठ शुरूआत : जो कारगर है, उसे और मजबूत करेंज्ञ रखी गई है। इसका मुख्य उद्देश्य माताओं, परिवारों एवं समाज को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा प्रत्येक नवजात शिशु को जीवन की सर्वोत्तम शुरूआत उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया ने धात्री महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन्म के पहले एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करना नवजात के लिए अत्यंत आवश्यक है। जन्म के तुरंत बाद निकलने वाला गाढ़ा पीला दूध शिशु का पहला प्राकृतिक टीका होता है, जो उसे अनेक संक्रमणों से सुरक्षा प्रदान करता है। सिविल सर्जन ने स्पष्ट किया कि जन्म से छह माह तक शिशु को केवल माँ का दूध ही दिया जाए। इस दौरान पानी, शहद, घुटी अथवा अन्य कोई भी आहार न दिया जाए। छह माह पूर्ण होने के बाद शिशु को घर का ताजा, पौष्टिक एवं पूरक आहार शुरू करते हुए दो वर्ष अथवा उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखना चाहिए।

## न्यूज -कॉलम

### कंजरों ने मक्सी में छुपाकर रखे थे आभूषण और बाइक

**उज्जैन।** सूने मकानों में वारदात करने के साथ बाइक चोरी में शामिल 2 कंजरों अविनाश हाडा और अमिष झांझा निवासी रूलकी शाजापुर को चिमनगंज और नागझिरी थाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया था। दोनों कंजर बदमाश चिमनगंज थाना पुलिस की रिमांड पर है। रविवार को पूछताछ में चोरी की एक बाइक और कुछ आभूषण मक्सी में छुपाकर रखा होना सामने आने पर एक टीम मक्सी रवाना की गई थी। जहां खेत किनारे छुपाकर रखी गई चोरी की बाइक के साथ कुछ आभूषण पुलिस ने बरामद किये। दोनों का सोमवार को रिमांड खत्म होने के बाद न्यायालय में पेश किया जायेगा। विदित हो कि गिरफ्त में आने के बाद दोनों कंजरों से चोरी की 11 बाइक जप्त की गई थी, वहीं चार मकानों में की गई चोरी में 7 लाख के आभूषण बरामद हुये थे। पुलिस ने दोनों से चोरी की बाइक खरीदने वाले बेरछा निवासी सद्दाम को गिरफ्तार कर आरोपी बनाया था।

### छात्रा से छेड़छाड़ में आरोपी का साथ देने वाले गिरफ्तार

**उज्जैन।** नाबालिग छात्रा से छेडछाड करने वाले आरोपी की मदद करने और छात्रा के परिवार को धमकी देकर रूपयों की मांग करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 31 जुलाई को कस्बे में रहने वाली नाबालिग छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि स्कूल जाते समय समीर नामक युवक उसके साथ छेडछाड करता है। जिसका विरोध करने पर उसके 3 साथियों ने द्वारा घर आकर धमकाया और बोला कि समीर छेडछाड करेगा। अगर 10 हजार रूपये नहीं दिये तो लडकी को समाज में बदनाम कर देगें। थाना प्रभारी के अनुसार छात्रा की शिकायत पर छेडछाड करने वाले समीर और उसकी सहायता कर धमकाने के साथ रूपयों की मांग करने वाले शाहिद पिता अब्दुल रहमान 44 साल, साहिल पिता शाहिद 18 साल और सोहेल पिता शाहिद 22 साल निवासी यशवंत मार्ग जेल रोड महिदपुर के खिलाफ धारा 74, 75(2), 79, 78(2), 308 (2), 3(5) बीएनएस और पास्को एक्ट की धारा 7/8, 11(आईवी)/12, 9 (जी)/10, 9(एन)/10 का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपियों की तलाश में एसआई अन्नपूर्णा कठेरिया, एनएस कनेश, प्रधान आरक्षक विजयसिह, नारायणसिंह, चन्द्रभानसिह, आरक्षक राघव, मोहसिन की टीम को अलर्ट किया। रविवार सुबह छेडछाड में मदद करने और छात्रा के परिजनों को धमकाने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोपहर को कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में मुख्य आरोपी समीर फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**उज्जैन।** राघवी के रहने वाले कमलेश पिता ईश्वर 18 साल की रविवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसकी एक दिन पहले तबीयत बिगडी थी। परिजनों ने बताया कि कमलेश ने शनिवार को बुखार आने की बात कहीं थी। रविवार दोपहर वह शौच करने जंगल गया था, आने के बाद घबराहट होने की बात कहने लगा। उसे उपचार के लिये शाम को उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। उसे अस्पताल लेकर आये गोविंद परमार ने बताया कि परिवार मजदूरी करता है। कमलेश पढाई कर रहा था, उसका एक छोटा भाई है। मामला संदिग्ध होने पर डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। सोमवार सुबह पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### रविशंकर नगर में गायों के झुंड ने वृद्धा को रौंदा

**उज्जैन।** रविशंकर नगर में हरिफाटक ब्रिज के नीचे 60 साल की वृद्धा को गायों के झुंड ने रौंद दिया, वृद्धा गंभीर घायल हो गई। वहां से गुजर रहे जयसिंहपुरा निवासी अंकुश पिता मुकेश ने वृद्धा को घायल हालत में देखा तो 108 एम्बुलेंस को कॉल कर उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने वृद्धा को भर्ती किया है। अंकुश ने बताया कि वृद्धा ब्रिज के नीचे अकेली रहती है, जहां एक खाट पर सोती है। गायों के झुंड से उनकी खाट भी टूट गई थी। वृद्धा खुद को उडीसा की रहने वाली बता रही है, जो काफी समय से ब्रिज के नीचे जीवन यापन कर रही है। अस्पताल से घायल महिला की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी गई है।

### 2 कारों में भिड़ंत, केस दर्ज

**उज्जैन।** पाइप फैक्ट्री चौराहा पर शनिवार-रविवार रात 2 कारों की भिडंत हो गई। घटनाक्रम के बाद एक कार चालक मौके से भाग निकला। दूसरी कार में मक्सीरोड श्रीनगर में रहने वाला अमित पिता राजेश सक्सेना सवार था। भिडंत में उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। माधवनगर थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है। कार-डंपर की भिडत का एक मामला पंवासा क्षेत्र में हुआ। जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई। पंवासा थाना पुलिस ने कार चालक अजेन्द्र पिता रमेशचंद्र त्रिवेदी निवासी मक्सीरोड की शिकाय पर डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### बाइक पर बैठने पर मारा चाकू

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र के नागतलाई मार्ग पर रात 11.30 बजे बाइक सवार साजिद पिता साबीर निवासी जूनासोमवारिया को एक युवक ने रोका और लिफ्ट मांगी। साजिद ने बाइक पर बैठाने से मना किया और जाने लगा, तभी उक्त युवक ने चाकू मार दिया। महाकाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## एसपी बोले श्रद्धालुओं को दर्शन कराना हमारा दायित्व....

# महाकाल की प्रथम सवारी से पहले 21 संदिग्ध हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सावन माह की प्रथम सवारी सोमवार (आज) शाम 4 बजे महाकाल मंदिर से निकाली जायेगी। बाबा भक्तों को दर्शन देने परंपरागत मार्ग पर निकलेगें। लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर रविवार सुबह से पुलिस मैदान में उतर गई थी। आस्था की भी? में वारदात करने वाले 21 संदेहियों को पक?ा गया।

12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में सावन-भादौ माह उत्सव आस्था का सबसे ब?ा उत्सव रहता है। सावन माह की शुरूआत 2 दिन पहले हो चुकी है, बाबा महाकाल की प्रथम सवारी सोमवार (आज) निकाली जायेगी। एक दिन पहले रविवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक नगरी में पहुंच गये थे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पिछले एक सप्ताह से तैयारी कर रहा था। रविवार सुबह से क्राइम ब्रांच, सायबर, महाकाल, देवासगेट थाना पुलिस मैदान में उतर गई थी। आस्था की भीड में



वारदात करने वाले संदिग्धों की तलाश शुरू की गई। रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, होटल, लॉजों के साथ पारदी-कंजर डेरों पर सर्चिंग कर संदिग्धों को सत्यापन शुरू किया गया। इस दौरान 2 दर्जन के लगभग संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

जिनसे पूछताछ की जा रही है। आशंका जताई गई है कि हिरासत में लिये गये संदिग्ध सवारी के दौरान श्रद्धालुओं के साथ वारदात कर मोबाइल, पर्स, चेन स्नेचिंग को अंजाम दे सकते थे।

पुलिस की अलग-अलग टीम पुराने शहर के सभी स्थानों पर मुस्तैदी के साथ नजर बनाये हुये है। देर रात तक पुलिस का सर्चिंग अभियान जारी था। होटल, लॉजों, धर्मशालाओं में जांच के दौरान संचालाकों को निर्देशित किया गया है कि संदिग्धों की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाये। बिना दस्तावेज किसी को कमरे उपलब्ध नहीं कराये। सीसीटीवी कैमरों को चालू रखें। अगर कोई गडबडी सामने आई कि संचालकों के खिलाफ एक्शन लिया जायेगा।

### धरती से लेकर आसमा तक सुरक्षा व्यवस्था

सावन माह में श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि धरती से आसमान तक हर व्यवस्था हमारी जिम्मेदारी है। सभी श्रद्धालुओं को सुगमता से बाबा महाकाल के दर्शन कराना हमारा दायित्व है। उन्होने रविवार शाम सुरक्षा-व्यवस्था की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुये समीक्षा बैठक की और नीलकंठ द्वार पर अधिकारियों और पुलिस बल की ब्रीफिंक कर निर्देश जारी किये। ड्युटी पर तैनात किये गये अधिकारियों को अपने सेक्टरों में पहुंचकर सवारी मार्ग, बैरिकेटिंग, हाईराईज बिल्डिंगों और ऊंचे भवनों के साथ विद्युत पोल के साथ अन्य सुरक्षा व्यवस्था का मैदानी निरीक्षण करने के लिये रवाना किया।

### 12 सौ पुलिसकर्मियों को किया गया तैनात

सुरक्षा-व्यवस्था में रविवार को महाकाल मंदिर और आसपास के मार्गो पर पुलिस बल को अलर्ट कर दिया गया था। वहीं आज शाम निकलने वाली बाबा महाकाल की प्रथम सवारी के लिये 12 सौ से अधिक पुलिस अधिकारियों और जवानों की तैनाती की गई है। आज दोपहर 12 बजे बाद महाकाल मंदिर की ओर जाने वाले कई मार्गो पर वाहनों की प्रतिबंधित कर दी जायेगी। यातायात जवान सवारी से पहले और सवारी के बाद दोनों समय प्रमुख मार्गो पर आवागमन की व्यवस्था को संभालेगें और जाम की स्थिति ना बने इस पर नजर रखेगें।

## कैमरे में दिखाई दिया बदमाश, पूर्व में भी हो चुकी है चोरी

# ताला तोड़कर बदमाश ने मंदिर की दानपात्र से निकाली राशि

**उज्जैन।** मोहननगर चौराहा पर रविवार सुबह श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिये अम्बे माता के मंदिर पहुंचा तो ताला टूटा देखा, दानपात्र खुला हुआ था। पुजारी को मंदिर में चोरी की जानकारी दी गई। खबर मिलते ही पुलिस मंदिर पहुंच गई थी। सीसीटीवी कैमरे में एक बदमाश दिखाई दिया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि तडके प्रभात गश्त के दौरान मोहननगर चौराहा स्थित अम्बे माता मंदिर के पुजारी अनिरूद्ध पांडे से खबर मिली कि रात में बदमाशों ने मंदिर का ताला तोडकर दानपात्र से हजारों की राशि चोरी कर ली है। पुलिस तत्काल मंदिर पहुंच गई, इस दौरान सामने आया कि तडके क्षेत्र में रहने वाले माता के भक्त ओम यादव पूजा अर्चना के लिये पहुंचे थे, उन्होने सबसे पहले ताला टूटा देखा और पुजारी का सूचना दी। पुलिस ने मंदिर में जांच के बाद वहां लगा सीसीटीवी कैमरा चैक किया, लेकिन कैमरा पुजारी के मोबाइल पर ओपन नहीं हुआ। पुलिस ने डीवीआर जांच के लिये अपनी कस्टडी में लिया और थाने लेकर आई। जिसे स्क्रीन पर देखने के बाद सामने आया कि मंदिर में चोरी करने वाला एक बदमाश था। जिसने दानपात्र का ताला तोडकर उसमें से राशि निकाली है। पुलिस मंदिर के




आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि बदमाश के साथियों का भी पता लगाया जा सके। फिलहाल कैमरे में दिखे बदमाश की पहचान के प्रयास किये जा रहे है, जो संभवत: नाबालिग प्रतित हो रहा था।

### साल में एक बार खुला है दानपात्र

मंदिर के पुजारी अनिरूद्ध पांडे ने बताया कि दानपात्र में हजारों की राशि रखी हुई थी। प्रतिदिन सैकडों श्रद्धालु आते है, जो स्वैच्छा से दान राशि पात्र में डालते है। दानपात्र को सालभर में एक बार नवरात्रि में खोला जाता है। पिछले साल शारदीय नवरात्रि में दान पात्र खोला गया था, उसके बाद से बंद था। पुजारी के अनुसार पूर्व में माता मंदिर में चोरी की वारदात हो चुकी है। उसके बाद मंदिर में कैमरे लगाये गये थे। चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश वरकडे ने बताया कि बदमाश की तलाश जारी है। वह शहरी क्षेत्र का हो सकता है। जल्द गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जायेगा।

# पेंशन बंद होने का झांसा देकर की 98 हजार की

**उज्जैन।** रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी को साइबर अपराधी ने पेंशन बंद होने का झांसा देकर ठग लिया गया। खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने पर सेवानिवृत्त कर्मचारी ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई।

खाराकुआ थाना पुलिस ने बताया कि पानदरीबा स्थित शिखर दर्शनम मल्टी में रहने वाले सतीशचंद्र पिता प्रेमचंद्र मेहता 64 साल की शिकायत पर ऑनलाइन 98 हजार 894 रूपये की साइबर धोखाधडी होने का मामला अज्ञात बदमाश के खिलाफ दर्ज कर जांच मे लिया गया है। सतीशचंद्र मेहता ने बताया कि वह रेलवे से सेवानिवृत्त है। 28 जुलाई को उनके मोबाइल पर कॉल आया था और कहा गया कि पीएफ ऑफिस से बात कर रहे है, आपके खाते में संशोधन करना है नहीं तो आपकी पेंशन बंद हो जायेगी। कॉल करने वाले ने उन्हे मोबाइल पर फाइल भेजी, जिसमें उनका और पत्नी का फोटो लगा था। फाइल देख उन्हे विश्वास हो गया कि पीएफ ऑफिस से कॉल आया है। कॉल करने वाले ने उनसे बैंक संबंधित जानकारी मांगी, पीएफ खाते में लगे दस्तावेजों के बारे में बताया और उसके बाद मोबाइल पर भेजा गया ओटीपी प्राप्त कर लिया। कुछ देर बाद खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने का मैसेज मिला। पुलिस के अनुसार बैंक के माध्यम से धोखाधडी कर निकाली गई राशि होल्ड कराने का प्रयास किया गया है। वहीं सेवानिवृत्त कर्मचारी के पास आये मोबाइल नम्बर की जांच की जा रही है। विदित हो कि साइबर फ्रॉड को लेकर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के बाद साइबर धोखाधडी करने वालों ने अपना तरीका भी बदल लिया है। उनके द्वारा संबंधित व्यक्ति के दस्तावेज प्राप्त कर उन्हे झांसे में लिया जा रहा है, वहीं कई लोगों के मोबाइल हैक कर खातों से राशि निकाली जा रही है। पिछले कुछ दिनों में ही पुलिस द्वारा एक दर्जन के लगभग ऐसे मामले दर्ज किये है, जिनके मोबाइल हैक किये गये थे और खातों से हजारों का ट्रांजेक्शन कर लिया गया था। कई मामलों में पुलिस ने तत्काल शिकायत मिलने पर राशि होल्ड कराई थी और शिकायत करने वालों के खातों में वापस बैंक के माध्यम से वापस कराई।

# दरवाजा तोड़ा तो फंदे पर लटका मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रात में युवक ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक नहीं खोला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोडा। युवक रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि जयसिंहपुरा स्थित ध्रुवनगर में रहने वाला लाखन पिता शंकरलाल कुमावत 29 साल रात में घर लौटा और कमरे में चला गया उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। परिवार के लोग टीवी देख रहे थे। काफी देर तक लाखन कमरे से बाहर नहीं आया तो भाभी सलोनी उसे खाना खाने के लिये बुलाने पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था, काफी खटखटाने पर नहीं खुला तो आसपास के लोगों को बुलाया गया और दरवाजा तोडा गया। लाखन रस्सी के फंदे से लटका हुआ था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंची तो सामने आया कि लाखन की शादी नहीं हुई थी। उसका दिमागी संतुलन बिगड चुका था और कई दिनों से वह मरने की बात कह रहा था। वह भाईयों के साथ रहता था। परिवार मजदूरी करता है। पुलिस के अनुसार फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### कार्तिक मेला ग्राउंड से मिली लाश

रविवार देर शाम कार्तिक मेला ग्राउंड से एक व्यक्ति की लाश पुलिस ने सूचना मिलने पर बरामद की। बताया जा रहा है कि मृतक दिव्यांग है और संभवत- बीमारी के चलते उसकी मौत हुई है। पुलिस को उसके पास से पहचान का दस्तावेज नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख पहचान के प्रयास किये जा रहे है।

## अन्नपूर्णा पीठ आश्रम में श्रद्धाभाव से मना गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**उज्जैन।** श्री अन्नपूर्णा वैदिक सनातन पीठ आश्रम में महामंडलेश्वर अन्नपूर्णागिरी साध्वी वर्षा के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान सहित देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

कार्यक्रम में उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी, मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य व राज्य मंत्री रामलाल मालवीय, उज्जैन के डॉ. देवकरण शर्मा तथा नलखेड़ा के सामाजिक समरसता मंच के प्रतिनिधि गोविंद वेदिया सहित कई गणमान्य अतिथियों ने महामंडलेश्वर से आशीर्वाद लिया।

उत्सव को सफल बनाने में बापूनगर के अर्जुन माली, पुरुषोत्तम सुमन, केसरीमल, सागरमल, विजय पुराणिक, राजेंद्र भट्ट, भरत शर्मा, हाकम सिंह पटेल, रामचरण लोधा और उनकी टीम की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में बापूनगर के विजय पटेल और सुरेश सोनगरा ने सभी संतों, अतिथियों, सहयोगियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हाइवे पर बेकाबू हुई बेगनार, स्कार्पियों को मारी टकर

### दुर्घटना का शिकार हुआ स्कूटी सवार युवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवासरोड हाइवे पर रविवार शाम वेगनार गाडी बेकाबू हो गई। उसने स्कार्पियों को टक्कर मारी। दोनों वाहनों की भिडंत के बीच स्कूटी सवार चपेट में आ गया। स्कूटी सवार को अधिक चोंट लगने पर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने वेगनार को जप्त कर लिया है। स्कार्पियों चालक ने शिकायत दर्ज कराई है।

नरवर थाना पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के देवास-उज्जैन हाइवे मार्ग पर शाम को तेजगति से दौडती वेगनार कार क्रमांक एमपी 17 सीबी 6070 अचानक बेकाबू हो गई। उसने आगे चल रही स्कार्पियों क्रमांक एमपी 13 सीडी 5801 को टक्कर मार दी, वेगनार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसकी चपेट में एक स्कूटी सवार भी आ गया। जिसे







गंभीर चोंट लगी। उसे लोगों की मदद से तत्काल उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने स्कार्पियों चालक रामचंद्र पिता गिरधारीलाल चौहान निवासी ग्राम लोद बडावदा रतलाम की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है, जो टक्कर मारने के बाद वेगनार छोड भाग निकला था।

दुर्घटना के बाद प्रत्यदर्शियों का कहना था कि कार चालक शराब के नशे में था। पुलिस के अनुसार कार नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। क्षतिग्रस्त हालत में मिली कार को जप्त किया गया है। वहीं घायल स्कूटी सवार की जानकारी जुटाई जा रही है। देर शाम तक यह सामने नहीं आया पाया था कि उसे किस अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### उज्जैन-देवास रोड पर लगा जाम

नरवर थाना क्षेत्र के हाइवे पर हुई दुर्घटना के बाद मार्ग पर जाम के हालत बन गये थे। काफी लोगों की भीड जमा हो गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच क्षतिग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटाया और आवागमन शुरू कराया। सावन माह की शुरुआत होने और सोमवार को बाबा महाकाल की पहली सवारी होने पर देवास-उज्जैन मार्ग पर यातायात का दबाव काफी बड गया है।

# जब मुंशी प्रेम चंद ने कर दी गोरो की पिटाई



एक गोरा खिलाड़ी तो इस कदर बेकाबू हो गया कि स्कूल के एक खिलाड़ी को बूट से मारते हुए अंग्रेजी में गालियां देने लगा। दर्शकों में एक युवक ऐसा था जो अंग्रेजी का जानकार था। तब वह चुनार में अंग्रेजी के ट्यूशन के लिए मशहूर था। उसने गोरे को गाली देते हुए सुना तो सहन नहीं कर सका। वहीं मैदान से बांस का एक मोटा डंडा उखाड़ा और गाली दे रहे गोरे के ऊपर दनादन बरसाने लगा। 1899 की बात है। मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश के चुनार में फुटबॉल का एक मैच चल रहा था। एक ओर सैनिक छावनी के गोरे सिपाही थे तो दूसरी ओर वहीं के मिडिल स्कूल के कर्मचारी। मैच में स्कूल की टीम जब भी बढ़त बनाती, दर्शक जोश से भर उठते। गोल लगता तो उनकी जोर की आवाज आती- हिप-हिप हुर्रे! हर नारे में चुनार के लोगों का प्रतिरोध दिखता, जो गोरों के खिलाफ था। स्कूल की टीम ने एक-एक कर कई गोल किए और जीत गई। यह जीत गोरे खिलाड़ियों को रास नहीं आई। वे हिप-हिप हुर्रे से चिढ़ गए। उनके बीच का एक गोरा खिलाड़ी तो इस कदर बेकाबू हो गया कि स्कूल के एक खिलाड़ी को बूट से मारते हुए अंग्रेजी में गालियां देने लगा। दर्शकों में एक युवक ऐसा था जो अंग्रेजी का जानकार था। तब वह चुनार में अंग्रेजी के ट्यूशन के लिए मशहूर था। उसने गोरे को गाली देते हुए सुना तो सहन नहीं कर सका। वहीं मैदान से बांस का एक मोटा डंडा उखाड़ा और गाली दे रहे गोरे के ऊपर दनादन बरसाने लगा। उसे देखकर मैदान में और भी लोग आ गए। गोरों की बड़ी फजीहत हुई। गोरे की धुलाई करने वाला यह दुबला पतला युवक उसी स्कूल में अध्यापक था। बीस रुपए महीने की नौकरी उसे मुश्किल से मिली थी, और इसकी उसे जरूरत भी थी। लेकिन घटना के बाद उसे चुनार छोड़ना पड़ा। इसके बाद उसने बनारस का रुख किया और आगे चलकर अन्याय के विरोध में डंडे की जगह कलम उठा ली। उसकी कलम भी इतनी ताकतवर निकली कि गोरे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे। शुरू में उसने जो लिखा, सब जब्त कर लिया गया। लेकिन युवक न रुका, न अपने तेवर बदले। हां, अपना नाम और भाषा जरूर बदल ली। बदली हुई भाषा थी हिंदी, और बदला हुआ नाम था मुंशी प्रेमचन्द।



**सम्पादकीय**

## कश्मीर में फिर टारगेट किलिंग

दक्षिणी कश्मीर के पुलगाम में आतंकवादयों ने छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों की गोलियां मारकर हत्या कर दी। दोनों मजदूर ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे थे। आतंकवादियों ने इनका नाम और धर्म पूछा और फिर इन पर गोलियां बरसा दीं। इस हमले में दीपक रात्रे और भूपेन्द्र की मौत हो गई। इससे पहले भी जम्मू-कश्मीर में धर्म पूछकर गोलियां बरसाई जाती रही हैं। घाटी में महज 10 दिनों के भीतर टारगेट किलिंग की यह दूसरी वारदात है।

दक्षिणी कश्मीर के पुलगाम में आतंकवादयों ने छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों की गोलियां मारकर हत्या कर दी। दोनों मजदूर ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे थे। आतंकवादियों ने इनका नाम और धर्म पूछा और फिर इन पर गोलियां बरसा दीं। इस हमले में दीपक रात्रे और भूपेन्द्र की मौत हो गई। इससे पहले भी जम्मू-कश्मीर में धर्म पूछकर गोलियां बरसाई जाती रही हैं। घाटी में महज 10 दिनों के भीतर टारगेट किलिंग की यह दूसरी वारदात है। गत 22 जुलाई को ही अनंतनाग के मुख्य बाजार लालचौक पर आतंकवादियों ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में तैनात जम्मू-कश्मीर पुलिस के हैड कांस्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की हत्या कर दी थी। घाटी में आम नागरिकों को चुन-चुन कर निशाना बनाने की आतंकवादियों की नीति पिछले कई वर्षों से सामने आती रही है। शिक्षक, कश्मीरी पंडित, बैंक अधिकारी, पुलिस कर्मी और गैर कश्मीर प्रवासी मजदूर आतंकियों के निशाने पर रहे हैं। टारगेट किलिंग का मकसद दहशत फैलाना है। वास्तव में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद दम तोड़ चुका है। अब केवल बचे-खुचे आतंकी पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं, ताकि अपनी मौजूदगी का अहसास कराते रहें।

अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। अब कश्मीर में स्थिति शां?तिपूर्ण और सामान्य है। घाटी में बाजार गुलजार हैं और देशभर के पर्यटक जम्मू-कश्मीर पहुंच रहे हैं। विकास की बड़ी परियोजनाएं शुरू की जा चुकी हैं। कश्मीरी आवाम के बच्चे एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल करते जा रहे हैं। कश्मीरी आवाम की सोच में बहुत परिवर्तन आया है। कश्मीरी युवाओं की आंखों में उम्मीदों की चमक साफ देखी जा रही है। कश्मीरी युवा अब शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक कार्यों में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सरकार की मिशन यूथ जैसी पहलों के माध्यम से हजारों युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

**प्रकृति की सुन्दरता में नया रंग**

# सावन : शिवभक्ति, प्रकृति और भारतीय संस्कृति का शुभ उत्सव



भारतीय पंचांग और जनमानस में सावन का महीना आस्था, उल्लास और प्रकृति के पुनर्जन्म का एक जीवंत कालखंड है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सावन या श्रावण मास की शुरूआत तब होती है जब सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करते हैं और पूर्णिमा के दिन चंद्रमा 22 वें नक्षत्र श्रवण में विराजमान होते हैं। इसी पवित्र नक्षत्र के नाम पर इस महीने का नाम श्रावण पड़ा है। इस दौरान ग्रहों की स्थिति में जल तत्त्व की प्रधानता अत्यधिक हो जाती है। सूर्य और चंद्रमा के विशेष गोचर के कारण पृथ्वी का वायुमंडल नमी और शीतलता से भर जाता है, जिसे ज्योतिष और योग विज्ञान में आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत करने, ध्यान-साधना और मानसिक शांति के लिए अनुकूल माना गया है।

सनातन परंपरा में सावन की धार्मिक मान्यता और महत्व सीधे तौर पर भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक इतिहास और कथाओं के अनुसार, इसी पवित्र महीने में देवों और दानवों के बीच समुद्र मंथन हुआ था। उस मंथन से निकले हलाहल विष को पीकर महादेव ने पूरी सृष्टि की रक्षा की थी। विष के उस तीव्र ताप को शांत करने के लिए सभी देवी-देवताओं ने उन पर पवित्र गंगाजल और शीतल जल अर्पित किया था, जिससे जलाभिषेक की शाश्वत परंपरा का जन्म हुआ। यही कारण है कि सावन में शिव उपासना और सोमवार के व्रतों का विशेष महत्व है, जो मनुष्य के भीतर छिपे विकारों को नष्ट कर आत्मा की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

सावन में प्रकृति और पर्यावरण भी एक सक्रिय साधक की तरह प्रतिभाग करते हैं। ग्रीष्म ऋतु की झुलसाने वाली गर्मी के बाद जब मानसून की पहली फुहारें धरती पर गिरती हैं, तो पूरी प्रकृति हरे रंग की चुनर ओढ़ लेती है। सूखे पेड़-पौधे, नदियाँ और ताल-तलैया नवजीवन से लबालब भर उठते हैं। पर्यावरण का यह उल्लास सीधे तौर पर हमारे सामाजिक सरोकारों से जुड़ जाता है। खेतों में लहलहाती फसलें किसानों के चेहरों पर जहाँ नई उम्मीद और मुस्कान लाती हैं, वहीं गाँवों और कस्बों में पेड़ों पर पड़ने वाले झूले, कजरी और मल्हार के गीत आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का सुंदर ताना-बाना बुनते हैं। यह महीना ऊँच-नीच के भेदों को मिटाकर समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में पिरोने का काम करता है।

भारत की समृद्ध संस्कृति और प्राचीन साहित्य में सावन की चर्चा हर कालखंड में बहुत गहराई से मिलती है। महाकवि कालिदास के मेघदूतम् से लेकर सूरदास, तुलसीदास के पदों और विभिन्न अंचलों के लोकगीतों तक, सावन के बादलों को प्रेम, विरह, श्रृंगार और ईश्वर से मिलन के जीवंत प्रतीक के रूप में दर्शाया गया है। भारत के विभिन्न हिस्सों में इस महीने को मनाने के तरीके हमारी विविधता में एकता का दर्शन कराते हैं। उत्तर भारत में जहाँ विशाल कांवड़ यात्राएं निकलती हैं, हरियाली तीज और रक्षाबंधन की धूम होती है, वहीं गुजरात और महाराष्ट्र जैसे पश्चिमी राज्यों में श्रावण पूर्णिमा को नारली पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है, जहाँ मछुआरे और आम जन समुद्र देव की पूजा करते हैं। दक्षिण भारत में यद्यपि पंचांग की गणना अमावस्यांत कैलेंडर के कारण तिथियां थोड़ी भिन्न होती हैं, लेकिन वहाँ भी मानसून के आगमन और शिव मंदिरों में विशेष अनुष्ठानों का उत्साह और उमंग बिल्कुल समान होता है।

इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलता है कि सावन चातुर्मास का वह अहम समय होता था जब प्राचीन काल में व्यापारिक और सैन्य यात्राएँ रोक दी जाती थीं। संत-महात्मा, विद्वान और यहाँ तक कि राजा-महाराजा भी एक ही स्थान पर रुककर अपना समय धर्म, साहित्य, कला और जनकल्याण के चिंतन में व्यतीत करते थे।

वर्तमान में सावन का यह उत्सव अपने पारंपरिक स्वरूप के साथ-साथ आधुनिकता के रंग में भी पूरी तरह ढल चुका है। आज के समय में लोग मंदिरों में जाकर रुद्राभिषेक तो करते ही हैं, साथ ही शहरी जीवन में तीज मिलन समारोह, डिजाइनर परिधानों के साथ सांस्कृतिक संध्याएं और सोशल मीडिया के माध्यम से भक्ति गीतों का आनंद भी लेते हैं। युवा वर्ग पूरे जोश और ऊर्जा के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल होता है, जिसमें अब आधुनिक सुविधाएं, डीजे की धुनें और समाजसेवियों द्वारा लगाए गए विशाल सेवा शिविर भी देखने को मिलते हैं, जो इस प्राचीन पर्व को एक नया सामाजिक विस्तार देते हैं।रूचियां और फुर्सत की गतिविधियां

इस वर्ष सावन का पवित्र महीना 30 जुलाई से आरंभ होकर 28 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के साथ संपन्न होगा। इस पावन मास में शिवभक्तों के लिए सोमवार के व्रत का विशेष महत्व है, जो क्रमशः 3 अगस्त, 10 अगस्त, 17 अगस्त और 24 अगस्त को रखे जाएंगे। व्रतों और त्योहारों की इस सतत श्रृंखला में 9 अगस्त को कामिका एकादशी का व्रत एवं सावन शिवरात्रि 11 अगस्त को मनेगा जिसमें जलाभिषेक सर्वाधिक पुण्य माना जाता है। इसके पश्चात 15 अगस्त को सुहागिन स्त्रियों का प्रिय पर्व हरियाली तीज मनाया जाएगा, जिसमें वे माता पार्वती और भगवान शिव की आराधना कर अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी। प्रकृति और जीवों के प्रति सम्मान दशार्ने वाला नाग पंचमी का पर्व 17 अगस्त को मनाया जाएगा और 23 अगस्त को श्रावण पुत्रदा एकादशी का व्रत रखा जाएगा। अंततः 28 अगस्त को भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन के पावन पर्व और श्रावण पूर्णिमा के साथ ही भक्ति, उल्लास और सामाजिक समरसता से भरा यह सावन मास अपनी पूर्णता को प्राप्त करेगा। सावन का यह पूरा कालखंड मनुष्य को यह सिखाता है कि जिस तरह बारिश की बूंदें धरती की तपन बुझाती हैं, उसी तरह ईश्वर की भक्ति और प्रकृति का सान्निध्य मनुष्य के मन की हर पीड़ा को हर कर उसे नवजीवन से भर देता है।

**- दुर्गेश्वर राय**

## चाय की दुकान

शहर के सबसे व्यस्त चौराहे पर मन्नू की चाय की दुकान केवल एक गुमटी नहीं थी बल्कि उस पूरे इलाके की धड़कन थी जहाँ रोज सुबह से देर रात तक लोगों का तांता लगा रहता था। उस छोटी सी दुकान के कोने में लकड़ी की एक पुरानी बेंच रखी थी जहाँ हर शाम रामनाथ जी आकर बैठते थे। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने और चेहरे पर एक अजीब सी खामोशी लिए रामनाथ जी जब भी आते तो मन्नू बिना कुछ पूछे मिट्टी के कुल्हड़ में कड़क अदरक वाली चाय उनके सामने रख देता था। रामनाथ जी चाय का केवल एक घूँट लेते और फिर उस आधे भरे कुल्हड़ को घंटे भर अपने हाथों में पकड़े टुकुर-टुकुर सामने की सड़क को निहारते रहते थे। मन्नू ने सालों से यह माजरा देखा था लेकिन उसने कभी उनसे इस बात का कारण पूछने की हिम्मत नहीं जुटाई थी। एक दिन जब दुकान पर ग्राहकों की भीड़ कुछ कम हुई तो मन्नू से रहा नहीं गया और वह हाथ में पोछा लिए उनके पास जाकर खड़ा हो गया। मन्नू ने बहुत ही सहेज कर अपनी बात रखते हुए पूछा ₹बाबूजी आप रोज आते हैं और इतनी बढ़िया गरम चाय का बस एक घूँट पीकर छोड़ देते हैं, बाकी की पूरी चाय ठंडी होकर बेकार हो जाती है, क्या हमारी चाय का स्वाद आपको पसंद नहीं आता या फिर कोई और बात है? रामनाथ जी ने एक गहरी सांस ली और अपने कांपते हाथों से उस कुल्हड़ को सहलाते हुए मुस्कुराए। उनकी आँखों में एक अजीब सी चमक तैर गई और उन्होंने धीमी आवाज में कहा मन्नू भाई इस कुल्हड़ की मिठास तो मुझे उस राह पर ले जाती है जहाँ मेरा पूरा संसार बसा हुआ है। रामनाथ जी की बात सुनकर मन्नू की उत्सुकता और बढ़ गई क्योंकि उसे लगा कि शायद किसी पुराने प्यार या खोए हुए रिश्ते की कहानी अब बाहर आने वाली है। उन्होंने आगे बोलना शुरू किया मन्नू तुम्हें शायद पता नहीं है कि यह आधा भरा कुल्हड़ मेरे लिए सिर्फ चाय का बर्तन नहीं बल्कि उम्मीद की वह आखिरी किरण है जो मुझे रोज जीने की वजह देती है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 03 अगस्त 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:02 सूर्यास्त 19:03
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - पंचमी 22:54 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - उत्तराभाद्रपदा 22:00 उपरांत रेवती
योग - सुकर्मा 21:13 उपरांत धृति
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 19 तारिख

**मेष-** व्यापार-व्यवसाय में बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी।

**वृषभ-** परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। कुसंगति से बचें।

**मिथुन-** नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें।

**कर्क-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**सिंह-** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। धनार्जन होगा।

**कन्या-** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक-** पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।

**धनु-** चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। थकान महसूस होगी।

**मकर-** यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**कुंभ-** थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे।

**मीन-** धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। प्लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**समसामयिक**

## युवा शक्तिः किसी का मोहरा नहीं, विकसित भारत का इंजन बने

भारत आज विश्व के सबसे युवा देशों में से एक है। यह केवल जनसांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि 21वीं सदी में भारत की सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति है। विकसित भारत, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष अनुसंधान, हरित ऊर्जा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों की सफलता का आधार हमारी युवा शक्ति ही है।



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

सूचना क्रांति के इस दौर में युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती तथ्य और भ्रम, तर्क और प्रचार, तथा राष्ट्रहित और संकीर्ण स्वार्थ के बीच अंतर करने की है। भारत जैसे लोकतंत्र में असहमति और शांतिपूर्ण विरोध संवैधानिक अधिकार है। किंतु यदि युवा ऊर्जा केवल राजनीतिक ध्रुवीकरण, भ्रामक सूचनाओं, सोशल मीडिया ट्रेंड्स और क्षणिक उत्तेजनाओं तक सीमित रह जाएगी, तो शिक्षा, परीक्षाएँ, रोजगार, सुशासन और अनुसंधान जैसे वास्तविक राष्ट्रीय मुद्दे पीछे छूट जाएँगे। जिन देशों ने अपनी युवा शक्ति को शिक्षा, अनुसंधान, उद्योग और नवाचार से जोड़ा है, वे ही दीर्घकाल में तकनीकी महाशक्ति बन सके हैं। डिजिटल क्रांति ने जहाँ युवाओं को अभूतपूर्व अवसर दिए हैं, वहीं डीपफेक, साइबर हेरफेर और दुष्प्रचार जैसी नई चुनौतियाँ भी खड़ी की हैं। ऐसे समय में डिजिटल साक्षरता और सूचनाओं का सत्यापन प्रत्येक युवा का नैतिक दायित्व है।

भारत केवल एक विशाल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि विनिर्माण, रक्षा उत्पादन, फिनटेक और नवाचार का वैश्विक केंद्र बन रहा है। यदि युवाओं की ऊर्जा निरंतर टकराव और वैचारिक कटुता में व्यय होगी, तो इसका प्रतिकूल प्रभाव देश के निवेश और उत्पादकता पर पड़ेगा। प्रगति केवल सरकारों से नहीं, बल्कि समाज की स्थिरता और युवाओं की रचनात्मक क्षमता से सुनिश्चित होती है। युवाओं को राजनीति में सक्रिय होना चाहिए, किंतु यह भागीदारी किसी दल का अंधानुकरण करने या प्रचार-युद्ध का हिस्सा बनने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। आज ऐसी युवा राजनीति की आवश्यकता है जो समस्याओं के व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करे। युवाओं को केवल नारे लगाने या धरना-प्रदर्शन के बजाय नीति-निर्माण, सामाजिक नवाचार और वैज्ञानिक अनुसंधान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। हिंसा और अराजकता से दूरी बनाना प्रत्येक जागरूक नागरिक का दायित्व है।

विकसित भारत का निर्माण संसद की बहसों से परे प्रयोगशालाओं, शिक्षण संस्थानों, स्टार्टअप हबों, खेतों और उद्योगों में होगा। आज देश को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो दूरदर्शी उद्यमी, उत्कृष्ट शिक्षक, कुशल इंजीनियर और समर्पित नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। प्रत्येक युवा को यह तय करना होगा कि वह किसी के वैचारिक एजेंडे का मोहरा बनना चाहता है या विकसित भारत का दूरदर्शी निर्माता।

### तुम्हें क्या मिलता है...!

दुनिया में कभी-भी ऐसा नहीं चलता,
दिमाग गरम रहें तो प्यार नहीं पलता।
क्यों? यूं स्वयं को इतना जला रहे हो,
दूसरों को मानसिक संत्रास दे रहे हो।
बताओ ऐसा कर तुम्हें क्या मिलता है,
क्रोध में कब प्रेम का फूल खिलता है।
अपने स्वभाव को भी दूरंदेशी बनाओ,
अपने प्रति सबके मन में प्रेम जगाओ।
मैंने माना बहुत ही कठिन है यह डगर,
सोचो कैसे चलेगा ऐसे पूरें जिंदगी भर।
कल को तुम तनहाँ ही तो रह जाओगे,
सबके प्रेम से हमेशा वंचित हो जाओगे।

# श्रावण मास में विशेष : भगवान शिव के साथ तीन का संयोग

सनातन धर्म में भगवान शंकर का अति महत्वपूर्ण स्थान है। ब्रह्मा, विष्णु और महेश इन त्रिमूर्ति के बिना इस सृष्टि की रचना की कल्पना असम्भव है। ये तीनों इस सृष्टि के रचनाकार हैं, रक्षक हैं और संहारक भी है। जब भक्तगण शिव भक्ति साहित्य का अध्ययन करते हैं तो यह पाते हैं कि शिव के जीवन में श्तीन्य संख्या का अत्यधिक महत्व है-



डॉ. शारदा मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

**1. त्रिनेत्र-** इनके तीन नेत्र हैं। इनके तीसरे नेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है। यह ज्ञानचक्षु है। यह नेत्र जब शिवजी कुपित होते हैं तब खुलता है। कामदेव पर जब शिवजी क्रोधित हुए तब उन्होंने अपना तीसरा नेत्र खोलकर उसको भस्म कर दिया था। यह नेत्र शिव की असीम शक्ति का प्रतीक है। पृथ्वी पर जब अनाचार अत्याचार और अशान्ति फैलती है तब कुपित शिवजी अपना तृतीय नेत्र खोलकर विश्व में शान्ति स्थापित करते हैं।

**2. त्रिशूल-** शिवजी अपने हाथ में त्रिशूल धारण करते हैं। यह भी सत्व, रज और तमो गुण का प्रतीक है। यह तीन कालों का प्रतिनिधित्व करता है। सत, रजत और तमो गुण भी इसमें समाविष्ट है। शिवजी ने गुणों को त्रिशूल रूप में धारण कर रखा है। यह भूत, भविष्य और वर्तमान को इंगित करता है।



**3 त्रिपुंड-** सफेद चंदन से शिवजी अपने मस्तक पर तीन पंक्तियों से निर्मित तिलक धारण करते हैं जिसे त्रिपुंड कहा जाता है। त्रिपुंड में तीन रेखाएं होती हैं। प्रत्येक रेखा में नौ देवता होते हैं, इस प्रकार कुल सत्ताईस देवताओं का निवास त्रिपुंड में होता है। त्रिपुंड लगाने से सकारात्मक ऊर्जा और दिव्य शक्ति प्राप्त होती है। त्रिपुंड लगाने से अहंकार, अज्ञानता और मोह माया से मुक्ति प्राप्त होती है। त्रिपुंड की तीन रेखाएं ब्रह्मा, विष्णु और महेश की प्रतीक हैं।

**4 बिल्व पत्र-** भगवान शिव को बिल्व-पत्र अत्यधिक प्रिय है। इसमें भी तीन पत्र होते हैं। कहा जाता है कि माता पार्वती के स्वेद बिन्दु से बिल्व वृक्ष की उत्पत्ति हुई है। इसके तीन पत्रों में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास है। बिल्व पत्रों के कुछ वृक्षों पर पाँच और सात पत्रों के बिल्व पत्र भी पाये जाते हैं। भगवान शिव को चढ़ाये जाने के लिए तीन पर्ण वाले अखंडित बिल्व पत्र का ही चयन किया जाता है।

**5 पुष्प-** भगवान शिव को वैसे तो सभी प्रकार के सुगन्धित पुष्प समर्पित किए जाते हैं परन्तु विशेष कर धतूरा, आंकड़ा और हारसिंगार के फूलों का शिव पूजन में विशेष महत्व है।

**6 सन्तान-** शिवजी सम्पूर्ण सृष्टि के पालनहार हैं परन्तु पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार इनकी तीन सन्तानें हैं- 1 श्रीगणेशजी, 2. श्रीकार्तिकेयजी और 3. अशोकसुन्दरी जो शिवजी की जलाधारी के अन्तिम छोर पर निवास करती है। कुछ पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शिवजी की पाँच कन्याएँ दर्शाई गई है।

इस प्रकार हम सभी के जीवन के रक्षक भगवान शिव अपनी असाधारण छबि के कारण अपने भक्तों पर सर्वदा कृपा बनाए रखते हैं। भगवान शिव को भोला भंडारी भी इसीलिए कहा जाता है। एक लोटा अभिषेक के जल से तथा सामान्य पूजन से भी प्रसन्न होकर अपने भक्तों पर कृपा बनाए रखते हैं।

**धर्म-आस्था**

# रुद्राष्टकम का प्रथम श्लोक : शिव के परब्रह्म स्वरूप का दिव्य उद्घोष

श्रावण मास आते ही देश के कोने-कोने में शिवालयों की घंटियाँ गूंजने लगती हैं। शिवभक्त जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जप और रुद्राष्टकम के पाठ के माध्यम से भगवान शिव की आराधना करते हैं। करोड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक रुद्राष्टकम का पाठ करते हैं, परंतु बहुत कम लोग इस बात पर विचार करते हैं कि गोस्वामी तुलसीदास ने इस अमर स्तोत्र का प्रारंभ भगवान शिव के जटाधारी, त्रिशूलधारी अथवा नीलकंठ स्वरूप से नहीं, बल्कि उनके परब्रह्म स्वरूप की वंदना से क्यों किया।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

रुद्राष्टकम का प्रथम श्लोक भारतीय दर्शन, वेदांत और भक्ति का अद्भुत समन्वय है। यह केवल स्तुति नहीं, बल्कि शिवतत्त्व का ऐसा आध्यात्मिक परिचय है जो साधक को बाहरी उपासना से भीतर की अनुभूति तक ले जाता है।

नमामीशमीशान निर्वाणरूपं
विभुं व्यापकं ब्रह्मवेदस्वरूपम।
निजं निगुर्णं निर्विकल्पं निरीहं
चिदाकाशमाकाशवासं भजेऽहम॥

इस श्लोक का पहला ही शब्द नमामि सम्पूर्ण समर्पण का प्रतीक है। तुलसीदास कहते हैं-मैं उन ईशान, देवों के भी देव, भगवान शिव को प्रणाम करता हूँ। यहाँ शिव किसी एक देवता के रूप में नहीं, बल्कि समस्त देवशक्तियों के मूल स्रोत के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

निर्वाणरूपम शब्द इस श्लोक का पहला दार्शनिक संकेत है। सामान्यतः लोग मोक्ष को प्राप्त होने वाली अवस्था मानते हैं, पर तुलसीदास कहते हैं कि शिव केवल मोक्षदाता नहीं, स्वयं मोक्षस्वरूप हैं। जहाँ शिव का साक्षात्कार होता है, वहीं अहंकार, अज्ञान और बंधन का अंत हो जाता है। यही निर्वाण है।

इसके बाद विभुं व्यापकं शब्द बताते हैं कि भगवान शिव किसी एक पर्वत, किसी एक मंदिर या किसी विशेष स्थान तक सीमित नहीं हैं। वे कण-कण में व्याप्त हैं। जिस प्रकार वायु सबको स्पर्श करती है और आकाश सबको धारण करता है, उसी प्रकार शिव समस्त चराचर जगत में समान रूप से विद्यमान हैं। यही उपनिषदों का संदेश भी है कि परमात्मा सर्वव्यापक है।

ब्रह्मवेदस्वरूपम शब्द इस श्लोक का आध्यात्मिक शिखर है। वेद जिन परम सत्य की खोज करते हैं, जिनकी महिमा का निरंतर गान करते हैं, वही शिव हैं। यहाँ शिव किसी संप्रदाय विशेष के आराध्य नहीं, बल्कि वेदों द्वारा प्रतिपादित परब्रह्म हैं। यही कारण है कि सनातन परंपरा में शिव और ब्रह्म का भेद नहीं माना गया।

तुलसीदास इसके बाद भगवान शिव को निजम कहते हैं। अर्थात वे स्वयंप्रकाश हैं, किसी अन्य सत्ता पर आश्रित नहीं। संसार की प्रत्येक वस्तु किसी न किसी कारण पर निर्भर है, परंतु शिव स्वयं कारणों के भी कारण हैं। निर्गुणम शब्द का अर्थ यह नहीं कि उनमें गुणों का अभाव है, बल्कि वे प्रकृति के सत्त्व, रज और तम-इन तीनों गुणों से परे हैं। वे गुणों के स्वामी हैं, उनके अधीन नहीं। इसलिए शिव निरपेक्ष, निष्कलुष और सनातन हैं।

निर्विकल्पम अद्वैत वेदांत का अत्यंत महत्वपूर्ण शब्द है। जहाँ द्वैत नहीं, भेद नहीं, विकल्प नहीं, वही परम सत्य है। शिव उसी अखंड चेतना का नाम हैं जिसमें 'मैं' और 'तुम' का भेद समाप्त हो जाता है। यही आत्मबोध की सर्वोच्च अवस्था है।

निरीहम का अर्थ है-जिसमें कोई स्वार्थ, कोई इच्छा, कोई कामना नहीं। भगवान शिव सब कुछ देकर भी कुछ नहीं मांगते। वे दीन-दुखियों, देवों, असुरों, पशु-पक्षियों, नागों, भूत-प्रेतों सभी को समान दृष्टि से स्वीकार करते हैं। उनका यही निष्काम भाव उन्हें महादेव बनाता है।

श्लोक का अंतिम चरण चिदाकाशमाकाशवासम अत्यंत गूढ़ है। चिदाकाश अर्थात चेतना का अनंत आकाश। जैसे भौतिक आकाश सबको स्थान देता है, पर किसी से बंधता नहीं, उसी प्रकार शिव चेतना के उस अनंत विस्तार के प्रतीक हैं जिसमें सम्पूर्ण सृष्टि स्थित है, फिर भी वे उससे परे हैं।

यही कारण है कि तुलसीदास ने रुद्राष्टकम की शुरूआत शिव के श्रृंगार, वाहन, त्रिशूल, डमरू या कैलास से नहीं की। उन्होंने सीधे उस परम सत्ता का स्मरण कराया जो प्रत्येक जीव के भीतर विद्यमान है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,41,700 रवा- 1,41,600 चांदी- टंच- 2,20,500 पाट- 2,20,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

## अवैध कॉलोनी विकसित करने पर सात के खिलाफ मामला दर्ज

**शुजालपुर।** नगर पालिका परिषद शुजालपुर की शिकायत और कलेक्टर शाजापुर के आदेश के बाद अवैध आवासीय कॉलोनी विकसित करने के मामले में सात लोगों के खिलाफ शुजालपुर मंडी थाने में एफ आईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार प्रहलादसिंह, कृष्णपालसिंह, चंद्रसिंह, सतीष, सीमा, नीमा और रानी, निवासी तुलसी नगर शुजालपुर मंडी पर बिना भूमि डायवर्सन, कॉलोनाइजर पंजीयन, कॉलोनी विकास अनुमति तथा नगर एवं ग्राम निवेश से नक्शा स्वीकृत कराए बिना विभिन्न सर्वे नंबरों की भूमि पर कॉलोनी विकसित करने का आरोप है। नगर पालिका के प्रतिवेदन पर कलेक्टर ने एफ आईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे।

## उत्कृष्ट सेवा पदक से 15 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

**आगर मालवा।** आगर मालवा पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अति उत्कृष्ट सेवा पदक एवं केंद्रीय गृहमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित जिला आगर मालवा के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान समारोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सभी सम्मानित किया। एसपी सोनी ने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे जिला पुलिस बल के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। समारोह में निरीक्षक शाकम्बर सिंह रावत सहित सात अधिकारियों और कर्मचारियों को केंद्रीय गृहमंत्री अति-उत्कृष्ट सेवा पदक, जबकि उप निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान सहित आठ अधिकारी-कर्मचारियों को केंद्रीय गृहमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## आकांक्षा ने भारत का प्रतिनिधित्व किया, 70 किग्रा वर्ग में जीत मिली

**देवास।** जिले की जूडो खिलाड़ी आकांक्षा श्रीवास्तव ने एशियन जूडो कैडेट चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्रतियोगिता में सातवां स्थान हासिल किया। आकांक्षा मध्य प्रदेश से इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक थीं। आकांक्षा ने इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने चंडीगढ़ में आयोजित नेशनल कैडेट जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ था।

## बैंड-बाजे के साथ जटाशंकर मंदिर पहुंचीं कावड़ यात्राएं

**शुजालपुर।** नगर के प्राचीन जटाशंकर महादेव मंदिर में सावन महीने के दौरान रोज आसपास के गांवों से महिला-पुरुष कावड़ यात्रा लेकर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु मंदिर में जल अभिषेक कर रहे हैं। शनिवार को नजदीकी ग्राम भीलखेड़ी भूगोर से सैकड़ों महिला-पुरुष बैंड-बाजे के साथ पहुंचे। ओम नमः शिवाय के जयकारे लगे। सभी ने मंदिर में जल अभिषेक किया। यात्रा में आगे बैंड-बाजों पर धार्मिक गीतों की धुन बजती रही। इसमें महिलाएं सिर पर कलश लेकर चलीं। रास्ते में जगह-जगह अलग-अलग संगठनों ने पुष्प वर्षा की। पूरे सावन माह में इसी तरह आसपास के गांवों के लोग यहां जल अभिषेक करते हैं। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए हैं।

मक्सी फोरलेन पुलिया निर्माण स्थल पर संकेतक गायब

# कनासिया नाके के पास अंधेरे में बाइक सवार गिरने से घायल, निर्माण एजेंसी पर लापरवाही का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

शाजापुर जिले के मक्सी में फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी का मामला सामने आया है। कानासिया नाके के पास निर्माणाधीन पुलिया पर चेतावनी संकेतक और सुरक्षा लाइटें नहीं होने के कारण शनिवार रात एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी की लापरवाही को हादसे की वजह बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, देवास जिले के नावदा निवासी अभिषेक शनिवार रात करीब 11 बजे पुलिया के पास से गुजर रहे थे। अंधेरा होने और निर्माण स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के कारण वह बाइक सहित गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय युवक रोहित पांचाल, राहुल लोधी और रोहित मालवीय ने तत्काल मदद कर डायल-112 की सहायता से उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

रहवासियों का कहना है कि रात के समय निर्माण स्थल का

### चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग की मांग

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए की परियोजना के बावजूद कई स्थानों पर चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर, फ्लेशिंग लाइट और मजबूत बैरिकेडिंग जैसी बुनियादी सुरक्षा व्यवस्थाएं नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन से निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी तय करने और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।



अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। अचानक निर्माण क्षेत्र सामने आने से कई बाइक सवार संतुलन खो बैठते हैं और हादसे का शिकार हो रहे हैं। उनका कहना है कि यदि निर्माण एजेंसी ने सुरक्षा मानकों का पालन किया होता, तो ऐसे हादसों से बचा जा सकता था।

### 'विकास जरूरी, लेकिन सुरक्षा से समझौता नहीं'

मक्सी के नागरिकों का कहना है कि विकास कार्यों का स्वागत है, लेकिन आम लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से निर्माण स्थलों पर तत्काल सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

11 साल पहले आरोपी हमला कर फरियादी को टेंक में फेक कर फरार था

# लूट व घर में घुसकर हमला करने वाले आरोपी को 5-5 साल के सश्रम कारावास की सजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अभिलाष जैन के न्यायालय ने वर्ष 2015 में घर में घुसकर हमला एवं लूट करने के मामले में आरोपी अंकुर उर्फ किशोर यादव को दोषी करार देते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 458 एवं 394 के तहत पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास तथा दोनों धाराओं में एक-एक हजार रुपए कुल दो हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक एडीपीओ विद्याधर सोनानिया ने बताया कि 16 अक्टूबर 2015 की रात करीब 2 बजे श्रीनगर कॉलोनी निवासी प्रवीण रेकवार अपने किराए के



मकान में सो रहे थे। इसी दौरान आरोपी घर में घुस आया और बबूल की लकड़ी से उन पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी उन्हें पानी के टैंक में फेंककर फरार हो गया। सुबह सफ़ ई कर्मचारियों ने घायल को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। मामले में शुजालपुर सिटी थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक विद्याधर सोनानिया ने न्यायालय के समक्ष साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किए। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए उपरोक्त सजा सुनाई। न्यायालय ने आदेश में यह भी उल्लेख किया कि घटना के समय आरोपी की आयु, प्रकरण के लंबे समय तक विचाराधीन रहने तथा वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए दंड के प्रति उदार दृष्टिकोण अपनाया गया, जबकि उसकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अर्थदंड सीमित रखा गया।

देवास मंडी में चोरों का आतंक

# हर रविवार 2-3 मोबाइल व पर्स चोरी, लाउडस्पीकर से किया जा रहा अलर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास की फल एवं सब्जी मंडी में चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं ने व्यापारियों और खरीदारों की चिंता बढ़ा दी है। हालात ऐसे हैं कि मंडी प्रशासन को अब लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को बार-बार सतर्क करना पड़ रहा है। मंडी में आने वालों से अपने मोबाइल, पर्स और दोपहिया वाहनों का विशेष ध्यान रखने की अपील की जा रही है, क्योंकि यहां चोर सक्रिय हैं।

मंडी में तैनात सुरक्षा गार्ड के मुताबिक, रविवार को सबसे अधिक भीड़ होने के कारण चोरी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। औसतन हर रविवार 2 से 3 मोबाइल, 2 से 3 पर्स और 1 से 2 दोपहिया वाहन चोरी होने की शिकायतें सामने आती हैं। इसी वजह से पूरे दिन

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद मंडी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। व्यापारियों और खरीदारों का कहना है कि रविवार को भारी भीड़ रहती है, इसलिए अतिरिक्त पुलिस बल और निगरानी की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि चोरों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और लोग सुरक्षित माहौल में खरीदारी कर सकें।

लगातार अनाउंसमेंट कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। मंडी प्रशासन लोगों से अपील कर रहा है कि वे अपने मोबाइल और पर्स सुरक्षित रखें, दोपहिया वाहनों को लॉक करके ही खड़ा करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत सुरक्षाकर्मियों या पुलिस को दें।

शाजापुर में जन औषधि केंद्र एक साल से बंद

# मरीज बाजार से खरीद रहे महंगी दवाइयां, समिति से चर्चा कर करेंगे कार्रवाई- सीएमएचओ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का लाभ शाजापुर के मरीजों को पिछले करीब एक साल से नहीं मिल पा रहा है। जिला अस्पताल परिसर में संचालित जन औषधि केंद्र लंबे समय से बंद पड़ा है। इसके चलते मरीजों को बाजार से महंगी दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

केंद्र पर मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, थायराइड, अस्थमा, संक्रमण, दर्द, बुखार समेत महिलाओं और बच्चों से जुड़ी सैकड़ों आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाती थीं। इसके अलावा सर्जिकल सामग्री और सैनिटरी नैपकिन जैसे स्वास्थ्य उत्पाद भी रियायती दरों पर मिलते थे। स्थानीय निवासी मुकेश चौहान ने बताया कि जन औषधि केंद्र का उद्घाटन बड़े स्तर पर हुआ था, लेकिन कुछ महीनों के संचालन के बाद इसे बंद कर दिया गया।

### 50 से 90% तक सस्ती दवाएं मिलती थीं

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्देश्य आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं बाजार मूल्य से 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध कराना है। इस योजना से गरीब, मध्यम वर्ग, बुजुर्ग और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को बड़ी राहत मिलती थी।

# विकासखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, 180 स्कूली खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

मैदान पर जीत की ललक, टीम भावना और युवाओं के जबर्दस्त खेल कौशल के साथ शुक्रवार को शालेय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा का शानदार समापन हुआ।

इस रोमांचक खेल आयोजन में शहर के विभिन्न शासकीय और निजी स्कूलों के लगभग 180 बालक-बालिकाओं ने पूरी ऊर्जा के साथ हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्कूली गेम्स के तहत 14, 17 और 19 आयु वर्ग बालक, बालिका की इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता का आयोजन जिला



शिक्षा अधिकारी दीपा कौर के मार्गदर्शन और विकासखंड शिक्षा अधिकारी राधावल्लभ कारपेंटर के निर्देशन में किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जिला क्रीड़ा अधिकारी बी.एल. गोयल ने बताया कि इस खेल महाकुंभ में विकासखंड के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, एम.जी. कॉन्वेंट स्कूल, हिंद जूनियर कॉलेज, इटरनल स्कूल, विद्या कुंज और अन्य कई शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने मैदान पर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### निर्णायकों की रही अहम भूमिका

किसी भी खेल को निष्पक्ष और सफल बनाने में रेफरी की भूमिका सबसे अहम होती है। इस विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक और विवादरहित संपन्न कराने में निर्णायकों की टीम ने उत्कृष्ट कार्य किया। इनमें विजय ठाकुर, विनय चौधरी, विशाल, हिमांशु पाटीदार, पवन उचाड़िया, संदीप, राहुल और पवन ने मैच के दौरान अहम जिम्मेदारी निभाई। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सराहना की गई।

# ऑक्सीजन बाजार में नहीं, पेड़ों से मिलती है, सुफलाम सेवा न्यास ने पनवाड़ी के छात्रों को बांटे 250 पौधे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुफलाम सेवा न्यास इंदौर द्वारा शाजापुर के पनवाड़ी ग्राम में विशेष जागरूकता एवं पौधा वितरण अभियान चलाया गया। इसके तहत गांव के तीन निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को 250 पौधे वितरित कर उन्हें सहेजने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने छात्रों को पेड़ों का वैज्ञानिक महत्व समझाते हुए स्पष्ट किया कि जीवनदायिनी ऑक्सीजन किसी बाजार या किराने की दुकान पर नहीं मिलती, बल्कि यह अमूल्य सौगात हमें केवल और केवल



पेड़-पौधों से ही प्राप्त होती है।

कार्यक्रम में सुफलाम सेवा न्यास के जिला संयोजक मनोहर राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शुद्ध वायु मनुष्य ही नहीं, बल्कि हर छोटे-बड़े जीवधारी के लिए अनिवार्य है। उन्होंने पेड़ों की क्षमता के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि एक पीपल का पेड़ प्रतिदिन 180 से 300 लीटर, बरगद 250 से 350 लीटर, नीम 120 से 220 लीटर और आम का पेड़ 100 से 200 लीटर तक ऑक्सीजन बनाकर वातावरण में छोड़ता है। चूंकि एक स्वस्थ मनुष्य को प्रति घंटे 15 से 18 लीटर ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है, इसलिए यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम कम से कम अपनी जरूरत के बराबर पेड़ अवश्य लगाएं और उनका संरक्षण करें।

### कीटनाशकों के ज्यादा प्रयोग पर जताई चिंता

इस दौरान प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के पर्यावरण प्रकोष्ठ के सदस्य सतीश चंद्र चौधरी ने खेतों में बढ़ रहे रसायनों के प्रयोग पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज अधिक पैदावार के लालच में फसलों पर कीटनाशकों का अत्यधिक छिड़काव किया जा रहा है। इसका सीधा दुष्प्रभाव पशुओं और मनुष्यों के स्वास्थ्य के साथ-साथ पूरे पर्यावरण पर पड़ रहा है। उन्होंने अपील की कि खेतों में कीटनाशकों का उपयोग कम से कम किया जाए, ताकि पर्यावरण को संतुलित रखने वाले मित्र कीट और जीव-जंतु जीवित रह सकें।

## 13 लाख के स्टॉप डैम का काम शुरू नहीं

**खातेगांव।** खातेगांव जनपद की ग्राम पंचायत लवरास में 13 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत स्टॉप डैम का निर्माण दो साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही 7 लाख रुपए से अधिक की राशि निकाली जा चुकी है। ग्रामीणों ने जनपद सीईओ को आवेदन देकर मामले की जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों की शिकायत के अनुसार, निर्माण कार्य के नाम पर अक्टूबर में वैध कंस्ट्रक्शन के माध्यम से करीब 5.55 लाख रुपए और रामदीन ट्रेडर्स के माध्यम से करीब 1.80 लाख रुपए की राशि निकाली जा चुकी है। कुल मिलाकर 7 लाख 35 हजार रुपए से अधिक की राशि निकाली गई।

# दो दिन में शमशान घाट चोरी का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**महिदपुर।** महिदपुर पुलिस ने शमशान घाट में हुई चोरी की वारदात का मात्र दो दिनों में खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 50 हजार रुपये मूल्य का चोरी गया सामान बरामद किया है। चोरी का सामान खरीदने वालों को भी मामले में आरोपी बनाया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी अशोक पाटीदार के नेतृत्व में गठित टीम ने इस



कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार 30 जुलाई को फरियादी प्रमोद दावरे निवासी वाल्मीकि गली, महिदपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 जुलाई की रात सत्या श्मशान घाट स्थित कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश ब्लोअर मशीन, पंखा, माइक एम्पलीफायर, माइक, तांबे का लोटा, चिलम यूनिट, स्टील की बाल्टी व वर्तन, सीसीटीवी कैमरे का मेमोरी कार्ड सहित अन्य लोहे का सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर थाना महिदपुर में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने शोहराब खान, असलम उर्फ वकार, रईश खान एवं अकरम शाह को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया करीब 50 हजार रुपये मूल्य का सामान बरामद कर जब्त किया गया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद उपजेल महिदपुर भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी शोहराब खान के विरुद्ध वर्ष 2010 से 2026 के बीच बलवा, मारपीट, रास्ता रोकना, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी जैसे तीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जबकि अकरम शाह के विरुद्ध वर्ष 2018 में बलवा का एक मामला दर्ज है। पुलिस ने बताया कि चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



### जेएनएस कॉलेज में मनाई मुंशी प्रेमचंद की जयंती

# साहित्यिक योगदान को किया याद, विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों को अपनाने का दिया संदेश

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में हिंदी विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को महान साहित्यकार एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के वराहमिहिर भवन स्थित वर्चुअल कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका साहित्य सामाजिक चेतना, यथार्थवाद, मानवीय संवेदनाओं और राष्ट्रीय भावना का सशक्त दस्तावेज है। उनकी रचनाएं आज भी समाज को सत्य, समानता, नैतिकता और मानवता का संदेश देती हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद भारतीय साहित्य के ऐसे युगदृष्टा लेखक थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज की वास्तविक परिस्थितियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों को उनके साहित्य का अध्ययन कर जीवन में मानवीय मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मुंशी प्रेमचंद की प्रमुख कृतियों एवं साहित्यिक योगदान की जानकारी दी गई।

# लापता मजदूर का शव तालाब में मिला:तीन डॉक्टरों ने किया पीएम, घर से था लापता

**बड़ौद।** बड़ौद थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मदकोटा के तालाब में एक लापता मजदूर का शव मिला है। मृतक की पहचान राजस्थान के झालावाड़ जिले के निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान शिव सिंह (50) पुत्र सुलतान सिंह, निवासी ग्राम



लोहारिया, थाना डग, जिला झालावाड़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। वह ग्राम पिपलिया हमीर में नागू सिंह पुत्र गंगाराम के यहां मजदूरी करता था। नागू सिंह ने 31 जुलाई को शिव सिंह की गुमशुदगी की रिपोर्ट बड़ौद थाने में दर्ज कराई थी। शुक्रवार (1 अगस्त) शाम को ग्रामीणों ने मदकोटा तालाब में एक शव देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। बड़ौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को शासकीय अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवाया गया। रविवार सुबह करीब 11 बजे तीन डॉक्टरों के पैनल द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बड़ौद थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मोहन बड़ोदिया की गोशाला पर लगा ताला**

# एक महीने से गोवंश सड़कों पर भटकने को मजबूर, हादसे का खतरा

**मोहन बड़ोदिया।** मध्य प्रदेश सरकार की मोहन बड़ोदिया की गोशाला पिछले एक महीने से बंद पड़ी है। पक्के बिजली कनेक्शन के बिना संचालन समिति ने इसे बंद कर दिया है, जिससे निराश्रित मवेशी एक बार फिर सड़कों और खेतों में भटकने को मजबूर हैं। जानकारी के मुताबिक, इस गौशाला को पिछले तीन सालों से कामचलाऊ इंतजामों के सहारे चलाया जा रहा था। बिजली कनेक्शन न होने से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही थी और टैंकरों से जरिए पानी की व्यवस्था करनी पड़ती थी। लगातार आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी से परेशान होकर गोशाला समिति ने इसे बंद करने का फैसला ले लिया। समिति के अध्यक्ष ने मीडिया को बताया कि बिजली की सुविधा न होने के कारण ही संचालन रोकना पड़ा है। गोशाला बंद होने से इलाके में लावारिस घूमते मवेशियों की संख्या अचानक बढ़ गई है। शुक्रवार रात 8 बजे मोहन बड़ोदिया के मुख्य आगर-सारंगपुर रोड के साथ-साथ जनपद और तहसील कार्यालय के सामने सड़कों पर बड़ी संख्या में गाय-मवेशी बैठे दिखाई दिए। इससे रोड एक्सीडेंट और किसानों की फसलों के नुकसान का खतरा काफी बढ़ गया है। मोहन बड़ोदिया के गांव वालों ने सरकार और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द बिजली और पानी का पक्का इंतजाम करने की मांग की है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री पवन पिता स्व. अम्बाराम, निवासी-ग्राम टंकारिया पंथ तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-116/3 (S) रकबा 0.1800 हेक्टर ग्राम सुरजनवासा, प. ह. नं.-90 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्शीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 03 (तीन) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-02.08.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. 94259-46659



## कार्यालय नगर परिषद पोलायकलां जिला शाजापुर (म.प्र.)

## अधिसूचना/सार्वजनिक सूचना

### निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (C&D Waste) प्रबंधन एवं धूल नियंत्रण संबंधी

नगर परिषद पोलायकलां क्षेत्र के समस्त नागरिकों, भवन निर्माताओं, ठेकेदारों, विकासकर्ताओं एवं कार्यदायी संस्थाओं को सूचित एवं अपील की जाती है कि निर्माण एवं विध्वंस कार्यों के दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए Construction & Demolition Waste Management Rules, 2025 के प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है।

निर्माण एवं विध्वंस कार्य के दौरान उड़ने वाली धूल एवं मलबे से प्रदूषण, यातायात बाधित होने तथा आमजन को असुविधा होती है। इसे रोकने के लिए निम्न निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक होगा-

1. निर्माण स्थल को चारों ओर से टीन शीट, ग्रीन नेट अथवा अन्य उपयुक्त सामग्री से ढंककर सुरक्षित किया जाए।
2. निर्माण सामग्री जैसे रेत, सीमेंट, मिट्टी एवं मलबा खुले में न रखें तथा उसे ढंककर सुरक्षित रखा जाए।
3. निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट को सड़क, नाली अथवा सार्वजनिक स्थानों पर न फैलाया जाए।
4. धूल नियंत्रण के लिए आवश्यकता अनुसार नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए।
5. निर्माण कार्य से उत्पन्न मलबे का पृथक संग्रहण कर अधिकृत स्थान पर ही निस्तारण किया जाए।
6. मलबे का परिवहन ढंककर किया जाए, ताकि सड़क पर धूल एवं कचरा न फैले।
7. निर्माण स्थल के आसपास स्वच्छता बनाए रखते हुए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए।

नगर परिषद पोलायकलां सभी नागरिकों एवं निर्माण एजेंसियों से सहयोग की अपेक्षा करती है, ताकि स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्रदूषणमुक्त शहरी वातावरण का निर्माण किया जा सके। निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरुद्ध प्रचलित नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

यह अधिसूचना जनहित में तत्काल प्रभाव से जारी की जाती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पोलायकलां, जिला शाजापुर (म.प्र.)

## सांसद पप्पू यादव पर दिल्ली में शख्स ने चप्पल फेंकी

**नई दिल्ली।** पप्पू यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, इसी बीच एक आदमी ने उनके ऊपर चप्पल फेंक दी। इसके बाद पप्पू के समर्थकों ने उसके साथ मारपीट की। वहां मौजूद पुलिसकर्मी आरोपी को पकड़कर ले जाने लगे, लेकिन उनके सामने नहीं पप्पू यादव के समर्थकों ने आरोपी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।हमला करने वाले युवक का नाम सुमित प्रधान उर्फ सुमित गिरि गोस्वामी है। वह बुलंदशहर में भाजपा का नगर मंत्री है। पप्पू ने आरोप लगाया कि एक युवक ने चाकू लेकर उनकी हत्या की कोशिश की।

## 4 लोगों को मारी गोली, 2 भाईयों की मौत

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के हटूंपुरा गांव में रविवार दोपहर 12 बजे सरकारी जमीन पर कब्जा और कांटों की बाड़ लगाने को लेकर 2 पक्षों में विवाद हुआ। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फायरिंग की। इसमें 8 लोगों ने 2 भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सुमावली पुलिस के मुताबिक, फायरिंग में राजवीर गुर्जर (42) और उनके छोटे भाई अजब सिंह उर्फ बंटू (30) को गोली लगी थी। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। वहीं विकास गुर्जर और पप्पू उर्फ धीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया। परिजन के मुताबिक, हटूपुरा गांव निवासी रामजीलाल गुर्जर और नवल गुर्जर सगे भाई थे। कुछ साल पहले दोनों की मौत हो चुकी है। दोनों की खेती की जमीन पास-पास है, जिस पर उनके बच्चों का कब्जा है। इन्हीं खेतों के पास करीब पांच बिस्वा (लगभग आधा बीघा) सरकारी डांडे की जमीन है।

## जिला अस्पताल में ई-रिक्शा वार्ड तक पहुंचा

**सतना।** सतना जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। रविवार को एक इलेक्ट्रिक ऑटो अस्पताल के मुख्य गेट से प्रवेश कर सीधे हड्डी वार्ड के सामने तक पहुंच गया। इस घटना से अस्पताल में मौजूद नर्सिंग स्टाफ, मरीजों और उनके परिजनों में हैरानी फैल गई। सूचना मिलने पर अस्पताल के सुरक्षा गार्डों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ऑटो और उसके चालक को पकड़ लिया। बाद में उन्हें पूछताछ के लिए अस्पताल पुलिस चौकी के हवाले कर दिया गया।

## ग्रीन एनर्जी और पर्यावरण संरक्षण पर राष्ट्रीय सम्मेलन

**भोपाल-**भोपाल में हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण पर 40वें राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया के मध्य प्रदेश स्टेट सेंटर की ओर से 1 और 2 अगस्त को आयोजित सम्मेलन का मुख्य विषय फॉस्टरिंग ग्रीन एनर्जी एंड इनवायरलमेंटल सस्टेनेबिलिटी फा इंडिया विकसित भारत 2047 रहा। सत्र को संबोधित करते हुए चेयरमैन जेसी सिंघल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के साथ 'क्लाइमेट 2070' का लक्ष्य पूरा करने के लिए जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए इंजीनियरों को भी जागरूक करने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन एक गंभीर वैश्विक संकट है। विकास के साथ पर्यावरण को लंबे समय तक सुरक्षित बनाए रखने के लिए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना होगा। सिंघल ने कहा कि सम्मेलन में देशभर से शामिल हुए इंजीनियर विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन की जरूरत को समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## सीएम बोले- अब नए प्रकार का नशा बड़ा

**भोपाल** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नशे से मुक्त करने के लिए 100 सप्ताह के राष्ट्रव्यापी नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान की शुरुआत की है। इस अवसर पर भोपाल स्थित मैनिट सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खेल मंत्री विश्वास सारंग और भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा विशेष रूप से शामिल हुए। सीएम डॉ. मोहन यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 10-15 साल पहले तक हर चौराहे पर पान, बीड़ी और सिगरेट की दुकानें तथा गुमटियां दिखती थीं। समय के साथ इन दुकानों का दायरा तो कम हुआ है, लेकिन अब दूसरे प्रकार का नशा बढ़ गया है। आज के दौर में हमें सभी प्रकार के नशे के खिलाफ एकजुट होकर अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

## पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, 14 की मौत

**इस्लामाबाद** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में रविवार को एक पुलिस स्टेशन के बाहर आत्मघाती हमला हुआ। इसमें 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमले के समय पास के काबल चौक पर आतंकवाद के खिलाफ शांति रैली चल रही थी। स्वात के जिला पुलिस अधिकारी उमर खान के ने बताया कि इसी दौरान एक युवक काबल पुलिस स्टेशन के गेट पर पहुंचा। पुलिस वालों ने उसे रोककर तलाशी लेने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुका।

## डीईओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

**गुना।** जिला शिक्षा अधिकारी जिला समर सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में समस्त संकुल प्राचार्य/ एईओ एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक शासकीय उत्कृष्ट उ मा. वि गुना में आयोजित की गई। जिसमें मुख्यमंत्री जन विश्वास यात्रा, सीएम हेल्पलाइन 100 दिवसीय शिकायतो को तीन दिवस में बंद करने, जीईआर कुल नामांकन प्रगति और छात्रवृत्ति आदि को लेकर संकुल बार समीक्षा की गई। इस दौरान डीईओ श्री राठौड़ ने तीन दिवस में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया है। कार्रवाई प्रस्तावित करने के लिए दिशा निर्देश दिये हैं।

# एनएफआर की आरपीएफ का निरंतर सतर्कता अभियान जारी

### रेस्क्यू और बरामदगी के साथ 15 सफल अभियान चलाए गए







**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे कीरेलवे सुरक्षा बल ने 28 और 29 जुलाई, 2026 को अपने क्षेत्राधिकार में 15 महत्वपूर्ण अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर यात्री सुरक्षा, अपराध रोकथाम और मानवीय सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जारी रखी। इन अभियानों में यात्रियों की सहायता, अपराध की पहचान, दलाल विरोधी अभियान, प्रतिबंधित वस्तुओं एवं चोरी की संपत्ति की बरामदगी, असुरक्षित व्यक्तियों का रेस्क्यू तथा रेल संपत्ति की सुरक्षा शामिल थे, जो आरपीएफ कर्मियों की निरंतर सतर्कता और समर्पण को प्रदर्शित करता है।

आरपीएफजवानों ने अनुकरणीय तत्परता दिखाते हुए पूर्णिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या15701 में यात्रा कर रही एक बुजुर्ग महिला यात्री को समय पर अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई। एक अन्य घटना में, उन्होंने गंगारामपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या15743 से यात्रा कर रहे एक बीमार यात्री को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया। प्रतिबंधित पदार्थों के अवैध परिवहन के खिलाफ अपने निरंतर अभियान को जारी रखते हुए, आरपीएफने रंगिया रेलवे स्टेशन पर एक लावारिस खेप से लगभग 44 हजार रुपये मूल्य की एस्कफ कफ सिरप की 200 बोतलें बरामद कीं। बारसोई, न्यू जलपाईगुड़ी और किशनगंज रेलवे स्टेशनों पर चलाए गए तीन अलग-अलग अभियानों में आरपीएफने लगभग 28 हजार रुपये मूल्य की 119 बोतल अवैध शराब भी बरामद किए। बरामद की गई वस्तुओं को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित आबकारी और पुलिस अधिकारियों को सौंप दिया गया।

रेलवे से संबंधित अपराधों के खिलाफ अपने निरंतर प्रयासों के तहत, आरपीएफ कर्मियों ने छह अपराधियों को पकड़ा, जिनमें चोरी से जुड़े अपराधों में शामिल पांच व्यक्ति और एक रेल टिकट दलाल शामिल है। इन अभियानों के दौरान लगभग 72 हजार रुपये मूल्य के चोरी के पांच मोबाइल फोनतथा लगभग 5 हजार रुपये मूल्य काएक भावी तत्काल रेल टिकट और पुरानी यात्राओं के दो टिकट बरामदकिए गए। आरोपी व्यक्तियों और बरामद संपत्ति को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों को सौंप दिया गया।

मानवीय सेवा और बाल सुरक्षा के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए, आरपीएफ कर्मियों ने टांगला, बरपेटा रोड, गुवाहाटी, किशनगंज और न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशनों से 10 नाबालिगों (07 लड़के और 03 लड़कियां) और एक असुरक्षित वयस्क महिला सहित 11 संकटग्रस्त व्यक्तियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू किए गए नाबालिगों को देखरेख और सुरक्षा के लिए उनके माता-पिता या संबंधित बाल कल्याण समितियों और बाल देखभाल संस्थानों को सुरक्षित सौंप दिया गया। न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन पर रेस्क्यू किए गए वयस्क महिला को उसके बड़े भाई से सफलतापूर्वक मिलाया गया। एक समन्वित प्रयास में, कटिहार (पश्चिम) के आरपीएफ कर्मियों ने इंजीनियरिंग विभागके साथ मिलकर कटिहार रेलवे स्टेशन पर एक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया और 109 एकड़ के कोसी ग्रीन गोल्फ क्लब की चारदीवारी से सटे रेलवे भूमि पर बनाए गए अनधिकृत निर्माणों को हटा दिया, जिससे रेल संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। इन दो दिनों की अवधि के दौरान, आरपीएफ कर्मियों ने 15अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिसमें एक यात्री की जान बचाई गई, दूसरे यात्री को चिकित्सीय मदद उपलब्ध कराई गई, छह अपराधियों को पकड़ा गया, 11 संकटग्रस्त व्यक्तियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया, एक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया तथा 200 बोतल कफ सिरप, 119 बोतल अवैध शराब, पांच चोरी के मोबाइल फोन और रेलवे टिकट बरामद किए गए, जिसकी कुल बरामदगी का मूल्य लगभग 1.50 लाख रुपये है। यह अभियान यात्रियों की सुरक्षा के लिए।

# बारिश की नमी से घरों में घुस रहे सर्प



**शाजापुर।** मौसम की लुकाछिपी और बारिश की फुहारों ने भले ही मौसम का मिजाज बदल दिया हो, लेकिन शाजापुर जिले के बाशिंदों की रातों की नींद उड़ा दी है। वजह कोई और नहीं, बल्कि बिलों से निकलकर रिहायशी इलाकों में दस्तक दे रहे विषैले सांप हैं। इन दिनों पूरे जिले में सर्पदंश की घटनाओं का ग्राफ अचानक तेजी से ऊपर गया है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों ही अंचलों में खौफ का साया है। दहशत इतनी है कि लोग अपने ही घरों के आंगन और कमरों में कदम रखने से पहले दो बार सोचने को मजबूर हैं।

**उमस और नमी ने बिलों से बाहर आने को किया मजबूर**

दरअसल, जिले में इन दिनों मूसलाधार या झमाझम बारिश तो नहीं हो रही है, लेकिन रुक-रुक कर हो रही फुहारों और उमस ने जमीन के अंदर भारी नमी पैदा कर दी है। पानी के रिसाव और उमस की घुटन के कारण सांप और अन्य विषैले जीव अपने बिलों से बाहर निकलने लगे हैं। सुरक्षित और सूखी जगह की तलाश में ये रेंगते हुए जीव अब सीधे लोगों के घरों, छतों, बाड़ियों और जूतों में अपना नया ठिकाना खोज रहे हैं।

**इमरजेंसी वार्ड में रोज पहुंच रहे मरीज-** हालात यह हैं कि जिला अस्पताल से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक, ओपीडी और इमरजेंसी में सर्पदंश के शिकार मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हर दिन कोई न कोई मरीज सांप के डसने की शिकायत लेकर अस्पताल की दहलीज पर पहुंच रहा है। हालांकि, राहत की बात यह है कि समय पर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को त्वरित इलाज देकर बचाया जा रहा है।

**झाड़-फूंक नहीं, एंटी स्नेक वेनम बचाएगा जान-** स्वास्थ्य विभाग ने इस बढ़ती समस्या को देखते हुए जिलेवासियों के लिए विशेष अलर्ट जारी किया है। डॉक्टरों का कहना है कि आज भी ग्रामीण इलाकों में कई लोग सांप के काटने पर सीधे अस्पताल आने के बजाय तांत्रिकों और झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ जाते हैं, जिससे मरीज के शरीर में जहर फैल जाता है और उसकी मौत हो जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की दो टूक सलाह है कि सांप काटने पर एक भी सेकंड बर्बाद न करें। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों मेंएंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन मौजूद रहते हैं, जो इस जहर का एकमात्र और अचूक इलाज है।

**इन बातों का रखें विशेष ध्यान**

बढ़ते खतरे को देखते हुए नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है। घर के आसपास या बाड़ी में ईंट-पत्थर, लकड़ियां, उपले या कबाड़ जमा न होने दें। यह सांपों के छिपने की सबसे सुरक्षित जगह होती है। रात के वक्त घर से बाहर निकलते समय अंधेरे में न चलें। टॉर्च और डंडे का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करें। फर्श या जमीन पर सोने से पूरी तरह बचें।

## धर्मशाला के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**गुना।** आरोन अहिरवार धर्मशाला के निर्माण कार्य का शुभारंभ होना समस्त अहिरवार समाज के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है। राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा धर्मशाला निर्माण हेतु प्रदान की गई 5 लाख की सहयोग राशि से रविवार निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। वहीं उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा प्रदान की गई 5 लाख की सहयोग राशि से भी शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। धर्मशाला के निर्माण में उल्लेखनीय राशि का सहयोग प्रदान करने पर समस्त अहिरवार समाज आरोन की ओर से हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया है। विधायक श्री सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री का यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि समाज के प्रति आपके स्नेह, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। उनका यह मार्गदर्शन, आशीर्वाद और सहयोग सदैव अहिरवार समाज के साथ रहा है और आगे भी इसी प्रकार बना रहेगा।

## राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस पर आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय को किया नमन

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस एवं महान वैज्ञानिक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की 165वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन रसायन शास्त्र विभाग,भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. बी.के. त्यागी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ.शर्मा ने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महात्मा गांधी की उस टिप्पणी का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि शुद्ध भारतीय परिधान में आवेष्ठित इस सरल व्यक्ति को देखकर विश्वास ही नहीं होता कि वह एक महान वैज्ञानिक हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आचार्य राय के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सादगी और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। डॉ.आनंद कुमार अजनोदिया ने आचार्य राय की पुस्तक हिंदू रसायन विज्ञान का इतिहास के माध्यम से प्राचीन भारतीय रसायन विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा की वैज्ञानिक विरासत पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ.बी.के. त्यागी ने पारायुक्त नाइट्राइट की खोज सहित रसायन विज्ञान के क्षेत्र में आचार्य राय के महत्वपूर्ण योगदान की जानकारी दी। इस अवसर पर पोस्टर, निबंध एवं व्याख्यान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। व्याख्यान प्रतियोगिता में संयोगिता विश्वकर्मा ने प्रथम, बेबी काशिफा ने द्वितीय तथा कनक परिहार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अंश राठौर एवं सोनू मालवीय की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर डां.अर्चना गावंडे, मोना जाटव, एवं डॉ.अपूर्वा दुबे सहित महाविद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

## मक्सी में फोरलेन निर्माण की लापरवाही बनी जानलेवा

**शाजापुर।** जिले के मक्सी में कानासिया नाले के समीप निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही सामने आई है। यहां बन रही पुलिया पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही सुरक्षा लाइटें मौजूद हैं, जिसके चलते शनिवार रात एक बाइक सवार हादसे का शिकार होकर बुरी तरह घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, देवास जिले के नावदा निवासी अभिषेक शनिवार रात लगभग 11 बजे इस निर्माणाधीन पुलिया के पास से गुजर रहा था।

## पेंशनरों ने मंत्री परमार का किया सम्मान

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्षों से लंबित धारा 49(6) को विलोपित कर प्रदेश के लाखों पेंशनरों की महत्वपूर्ण मांग स्वीकार किए जाने पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा शुजालपुर जिला शाजापुर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार का सम्मान किया। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय शुजालपुर में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमदास बैरागी के नेतृत्व में पेंशनरों ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पेंशनरों ने धारा 49(6) को विलोपित करने के शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश के लाखों पेंशनरों के हित में लिया गया सराहनीय कदम बताया तथा मंत्री परमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में रामबाबू पाटिल, यादव सिंह परमार, चंद्रशेखर भार्गव, मनोहर परमार, दरियाव सिंह मालवीय, प्रहलाद सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पेंशनर उपस्थित रहे।

## रोशनदान काटकर कूरियर कार्यालय में चोरी

### 2.96 लाख रुपए नकद व पार्सल ले उड़े बदमाश

**शुजालपुर।** शहर के फ्रीगंज स्थित प्रिंसी इंटरनेशनल कूरियर कार्यालय में शनिवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश छत के रोशनदान की लोहे की सरियां काटकर कार्यालय में घुसे और 2.96 लाख रुपए नकद के साथ दो-तीन पार्सल चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बदमाश पहले पास के एक निर्माणाधीन मकान की सीढ़ियों के रास्ते छत पर पहुंचे। वहां रोशनदान काटकर एक बदमाश तार के सहारे करीब 13 फीट नीचे कार्यालय में उतरा, जबकि उसका साथी छत पर ही मौजूद रहा। नीचे उतरते ही आरोपी सीधे गल्ले तक पहुंचा और उसने दीवार में लगा लॉकर उठाया, लॉकर में पिछले दो दिनों की कलेक्शन राशि 2 लाख 96 हजार रुपये रखी हुई थी। चोरी का सामान तार के सहारे ऊपर मौजूद साथी तक पहुंचाया गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बाथरूम की ओर से छत पर पहुंचे और वहां से फरार हो गए। पुलिस ने कार्यालय प्रभारी विनोद अहीरवार निवासी स्वप्न सिटी की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की।

**सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात-** कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हुई है। फुटेज के अनुसार रात करीब 12.40 बजे से 1 बजे के बीच एक नकाबपोश बदमाश रोशनदान के रास्ते तार के सहारे नीचे उतरता दिखाई देता है। वह सीधे नकदी रखे स्थान तक पहुंचता है और बिना समय गंवाए रकम व पार्सल समेट लेता है। फुटेज से पुलिस को आशंका है कि वारदात में दो बदमाश शामिल थे। एक अंदर घुसा, जबकि दूसरा छत पर चोरी का सामान ऊपर खींचता रहा। पूरी वारदात करीब 15 मिनट में अंजाम दे दी गई। शुजालपुर मंडी थाना प्रभारी शिवकुमार यादव ने बताया कि घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए गए हैं।

# भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न

### 2 लाख 1 हजार नए सदस्य बनाने का लिया संकल्प




**शाजापुर।** किसानों को संगठित करने और उनकी आवाज को मजबूती देने के उद्देश्य से भारतीय किसान संघ ने जिले में अपनी सक्रियता तेज कर दी है। शहर के निजी होटल में आयोजित दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग के समापन पर 191 प्रमुख कार्यकर्ताओं ने हुंकार भरते हुए आगामी सदस्यता अभियान में जिले से 2 लाख 1 हजार नए सदस्य बनाने का महासंकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि राष्ट हित में ही किसान का हित सर्वोपरि है और संगठन इसी ध्येय के साथ आगे बढ़ रहा है।

1 और 2 अगस्त को चले इस अभ्यास वर्ग का शुभारंभ प्रांत सह संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, जिला अध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया ने भगवान बलराम, भारत माता के चित्र और संगठन ध्वज के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजन कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए दिनेश शर्मा ने बताया कि आज भारतीय किसान संघ देश के 60 हजार से अधिक गांवों में सक्रिय है और लगभग 60 लाख किसानों का मजबूत संगठन बन चुका है। उन्होंने बताया कि संगठन मुख्य रूप से तीन आयामों- संगठनात्मक, रचनात्मक और आंदोलनात्मक स्तर पर कार्य करता है।

**मातृ शक्ति सम्मेलन और सदस्यता पर जोर-** कार्यक्रम में प्रांत महामंत्री रमेश दांगी ने आगामी सदस्यता अभियान के लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जिले में आयोजित होने वाले मातृ शक्ति सम्मेलन की रूपरेखा भी कार्यकर्ताओं के सामने रखी। वहीं, द्वितीय सत्र में संभाग सह मंत्री बहादुर सिंह राजपूत ने संगठन के भगवा ध्वज की विशेषताओं और कृषि के देवता भगवान बलराम को आराध्य मानने के पीछे के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महत्व से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

**कालापीपल तहसील अध्यक्ष की हुई घोषणा-** अभ्यास वर्ग के विभिन्न सत्रों में संगठन की कार्यप्रणाली पर मंथन हुआ। जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख भारत सिंह नाहर और युवा प्रमुख खाम सिंह परमार ने भारतीय किसान संघ के चार प्रमुख उत्सवों की रूपरेखा समझाई।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भैरूसिंह चौहान पिता गणपतसिंह चौहान निवासी पानबिहार, तहसील घटिट्या, जिला उज्जैन के होकर मेरे पक्ष कार के द्वारा अपनी निजी स्वामित्व एवं आधिपत्य कृषि भूमि ग्राम पानबिहार पटवारी हल्का नम्बर 14 में एक कृषि खाता स्थित है उक्त भूमि का सर्वे नम्बर 2481/1 रकबा 0.75 हे. सर्वे नम्बर 2483/3 रकबा 0.19 हे. सर्वे नम्बर 2485/2 रकबा 0.25 हे. भूमि को विकय किया जा रहा है इसमें जिन किसी को भी आपत्ति हों तो 7 दिवस में मेरे या मेरे पक्षकार को सूचित करे । इतिदिनांक 02/08/2026

**प्रो.प्रा. श्याम बाबु जायसवाल**
**स्टाम्प वेण्डर पानबिहार**
**मो. 9009048976**

## भूमि सौदा निरस्ती लेख सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मुझ/हम भुमि स्वामी, 1- जीवनसिंह पिता स्वं सेवाराम जी, 2- शांताबाई पति स्वं सेवाराम जी द्वारा अपने निजी स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका सर्वे नम्बर 58/1, रकबा 1.4530 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम कोलुखेड़ी तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन म.प्र. का सौदा नौटरी अनुबंध के माध्यम से क्रेता पक्ष श्री श्याम इंटरप्रायजेस तर्फे प्रोवाईडर श्री आशीष कुमावत पिता श्री सुरेशचंद्र कुमावत निवासी वार्ड नं 2 फलेट नंबर 1 तिरूपति विहार कॉलोनी सांवेर जिला इंदौर को दिनांक 24/10/2024 को किया गया था। परंतु उक्त क्रेता पक्ष द्वारा अनुबंध की शर्तों का पालन नही किया गया शर्तों का उल्लघन करते हुये समयावधि पर फोन कॉल अटेंड नही करने पर क्रेता पक्ष स्वंय द्वारा उक्त भूमि का सौदा स्टाम्प क्रमांक डी एल 988650 के माध्यम से दिनांक 19 मई 2026 को कैंसिल कर दिया गया है। उक्त कैंसिल अनुबंध भी भूमि मालिक के पास मौजुद है। उक्त भूमि का भाग पर उक्त क्रेता पक्ष का किसी भी प्रकार का कोई हक हिस्सा नही है। उक्त भूमि भाग का सौदा उक्त क्रेता श्री आशीष कुमावत पिता सुरेशचंद्र कुमावत से कोई भी व्यक्ति, या संस्था नही करे, अन्यथा वो स्वंय ही जवाबदार रहेंगें। आपकी कोई आपत्ति भूमि मालिक पर बंधनकारी नही होगी सूचित हो। दिनांक 02-08-2 026

**भूमिस्वामी जीवनसिंह पिता स्वं सेवाराम जी**
**निवासी ग्राम कोलुखेड़ी तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन मो. 6260058523**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शाकिर हुसैन पिता अब्दुल अजीज जाति मुसलमान निवासी ग्राम चिकली तहसील बडनगर जिला उज्जैन व अन्य के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 437 रकबा 2.92 हेक्टर भूमि सर्वे नंबर 438 रकबा 0.40 हेक्टर वह सर्वे नंबर 79 रब्बा 3.32 हेक्टर ग्राम चिकली तहसील बडनगर में स्थित है उक्त नंबरों की भूमि में बंदोबस्त वर्ष 1992-93 की कार्रवाई के दौरान त्रुटीवश भूमि सर्वे नंबर 437 व 438 के स्थान पर भूमि सर्वे नंबर 79 दर्ज हो गया व भूमि सर्वे नंबर 79 का रकबा 3.319 हे से बढ़कर 3.32 हेक्टर कर दिया गया, इसके संबंध में पूर्व में भी त्रुटि सुधार संबंधित प्रकरण विचाराधीन रहे हैं तथा वर्तमान में भी न्यायालय अपर कलेक्टर उज्जैन के समक्ष प्रकरण क्रमांक 006 / अपील / 2026-27 विचाराधीन है, उक्त प्रकरण के विचाराधीन रहते हुए यदि रसीद खां पिता अब्दुल हकीम, रफीक खां पिता अब्दुल हकीम, हसीना बी पुत्री कासम व अनीशा बी पुत्री कासम के साथ भूमि सर्वे नंबर 437 व 438 के संबंध में किसी प्रकार का कोई अनुबंध पत्र, मुख्तियारनामा, रहननामा व विक्रय किया जाता है तो उससे मेरे पक्षकार के हित प्रभावित होंगे क्योंकि उक्त भूमि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की होकर उक्त भूमि में मेरे पक्षकार के समान स्वत्व से अधिकार निहीन है। उपरोक्त भूमि सर्वे नंबर 437 रकबा 2.92 हेक्टर व 438 रब्बा 0.40 हेक्टर स्थित ग्राम चिकली तहसील बडनगर को क्रय नहीं करें, कोई व्यक्ति, संस्था, निजी ऋणदाता, बैंक किसी भी प्रकार का ऋण प्रदान नहीं करें। अन्य किसी भी प्रकार का अनुबंध पत्र, मुख्तियारनामा व रहननामा नहीं करें। उक्त भूमियों के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह जाहिर सूचना प्रकासन के 15 दिवस में मय प्रमाण आकर संपर्क करें। जिसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। दिनांक 03/08/2026

**नीरज गिरी एडवोकेट**
**बड़नगर**

**न्यूज-कॉलम**

## विधायक जैन मित्र मंडल द्वारा नि:शुल्क ऑटो सेवा शुरू

**मंदसौर।** सावन के पवित्र महीने में भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विधायक विपिन जैन मित्र मंडल द्वारा निःशुल्क ऑटो सेवा की शुरूआत की जा रही है। यह विशेष सेवा सावन माह के प्रत्येक सोमवार को उपलब्ध रहेगी।विधायक विपिन जैन मित्र मंडल के प्रतिनिधि अंकित माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सावन के प्रति सोमवार को प्रातः 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक मंदसौर नगर के प्रमुख स्थलों जैसे नेहरू बस स्टैंड, महाराणा प्रताप बस स्टैंड एवं मैनपुरिया फंटे से भगवान पशुपतिनाथ मंदिर तक बाहरी श्रद्धालुओं के आवागमन को सुलभ बनाने हेतु यह निःशुल्क ऑटो व्यवस्था की गई है। विपिन जैन मित्र मंडल ने नगर धमार्लुजनों से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाने की अपील की है।

## 9 अगस्त को आयोजित होगी योगासन स्पोर्ट्स चौम्पियनशिप

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के निदेर्शानुसार एवं मंदसौर योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 9 अगस्त, रविवार को महाराणा प्रताप रिसोर्ट, दलौदा में मंदसौर जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चौम्पियनशिप-2026 का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों, नियमों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डॉ. वरुण कुशवाह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम पूनिया ने आयोजन से जुड़े तकनीकी बिंदुओं और व्यवस्थाओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष महेश कुमावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 10 से 55 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक में सचिव मनीष परिहार, कोषाध्यक्ष गजेंद्र शर्मा सहित जिले के अनेक कोच, प्रशिक्षक व खेल प्रतिनिधि शामिल रहे।

## नीमच एस पी ने 18 पुलिसकर्मियों के तबादले किये

**नीमच।** जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 18 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार कई थानों, चौकियों और पुलिस लाइन में पदस्थ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार उप निरीक्षक अशोक मौर्य को थाना नीमच सिटी से यातायात थाना नीमच भेजा गया है। वहीं कांस्टेबल मनोज को पुलिस लाइन नीमच से चौकी सरवानिया महाराज (थाना जावद) पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार आरक्षक राकेश मीणा का थाना जीरन से थाना बघाना, कुशलपाल सिंह का थाना मनासा से थाना सिंगोली, चेतन सिंह का थाना बघाना से चौकी नयागांव (थाना जावद) तथा नवीन हाड़ा का थाना जीरन से चौकी नयागांव (थाना जावद) स्थानांतरण किया गया है।

## निर्धारित मात्रा से अधिक खनिज परिवहन पर सख्त कार्रवाई

**नीमच।** जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम, 2022 के अंतर्गत चार अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन मालिकों एवं अवैध उत्खनन कर्ता पर कुल 1 लाख 62 हजार 64 रुपये की शास्ति अधिरोपित की है। सभी प्रकरण जिला खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर निराकृत किए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार 30 जुलाई को भोलियावास, तहसील नीमच में जांच के दौरान डम्पर में खनिज निर्धारित रॉयल्टी पास में अंकित मात्रा से अधिक पाया गया। इस प्रकरण में वाहन मालिक बद्रीलाल नायक, पर रॉयल्टी की 15 गुना राशि 5,400 रुपये तथा 40 हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति सहित दी गई है।

# समय-सीमा और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा-कलेक्टर दिव्यांकसिंह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा मंदसौर शहर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने शिवना नदी किनारे निमार्णाधीन सिंहस्थ कार्यों, नालछामाता मंदिर रोड, अटल सागर बांध (काला भाटा), रामघाट बैराज पर बन रहे नवीन फिल्टर प्लांट, अलावदाखेड़ी रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा तेलिया तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यों की जमीनी प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि नगरवासियों को सुचारु पेयजल व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण तथा आधुनिक शहरी सुविधाएँ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदारों को नियमित मानिटरिंग के साथ कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने अटल सागर बांध परिसर में पौधारोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, एसडीएम श्री पाटीदार सहित संबंधित विभागों के प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## सजैस महिला प्रकोष्ठ ने जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में भेंट कीं बैंच

**मंदसौर।** सेवा ही सबसे बड़ा उपहार है के ध्येय को चरितार्थ करते हुए सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा समाजसेवी नरेंद्र मारू के जन्मदिन के अवसर पर एक सराहनीय पहल की गई। मानव सेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा हेतु बैठने की बैंचें भेंट की गईं। पूर्व महामंत्री शशि मारू के हाथों यह पुनीत कार्य संपन्न हुआ, जिससे अस्पताल में लंबे समय तक रुकने वाले परिजनों को बैठने की सुगमता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान महिला प्रकोष्ठ की पूर्व महामंत्री शशि मारू द्वारा उपस्थित सदस्याओं के लिए तीन विशेष लकी ड्रा भी निकाले गए, जिनमें श्वेता भाटिया, अंशिता नाहर एवं पूर्व महामंत्री इंदिरा रांका विजेता रहीं। इस अवसर पर जमना बाफना, विनाली मेहता, पूर्णिमा चौरड़िया, आशा जेतावत एवं किरण जैन सहित महिला प्रकोष्ठ की अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन आशा जेतावत द्वारा किया गया।



## रिहायशी इलाके में घुसा मगरमच्छ, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिले के नारायणगढ़ कस्बे में रविवार सुबह 5 से 6 फीट लंबा और लगभग 10 से 12 किलो वजनी मगरमच्छ रिहाइशी क्षेत्र में घुस आया। मगरमच्छ टेंट व्यवसायी शैलेंद्र पाटीदार के घर की सीढ़ियों तक जा पहुँचा। गनीमत रही कि परिजनों की नजर समय रहते उस पर पड़ गई और कोई अनहोनी नहीं हुई। आशंका जताई जा रही है कि पास के नाले में अत्यधिक जलभराव होने के कारण मगरमच्छ रास्ता भटक कर आबादी वाले इलाके में आ गया था। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। डिप्टी रेंजर सुनील जैन एवं वनरक्षक मयूर चौहान के नेतृत्व में पहुँची टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित काबू में कर लिया। जिला वन अधिकारी संजय रायखेरे ने बताया कि रेस्क्यू किए गए मगरमच्छ को शिवना नदी में सुरक्षित छोड़ दिया गया है।

# रतलाम में नागर ब्राह्मण परिषद की महिलाओं ने सावन उत्सव पर्व प्रकृति के बीच मनाया





ओम त्रिवेदी

**रतलाम।** मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण महिला परिषद की रतलाम शाखा के तत्वाधान में रविवार को हरियाली सावन उत्सव का सुंदर आयोजन शहर के समीप के प्राकृतिक स्थलों पर पहुंचकर मनाया गया गया।

महिला शाखा अध्यक्ष मीनाक्षी रावल के नेतृत्व में ग्राम इसरथुनी स्थित श्री गणेश मंदिर पर दर्शन ,भजन ,नृत्य और शीतल तीर्थ में धार्मिक एवं प्रसादी का आयोजन संपन्न हुआ ।हरी-भरी प्रकृति के बीच नागर ब्राह्मण महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

ईसर थूनी स्थित पंचमुखी गणेश मंदिर पर हुए भजनों एवं ढोल की थाप पर नृत्य करते हुए प्रभु आराधना की गई ।इसी प्रकार शीतल तीर्थ के पहाड़ी पर बने जैन मंदिर पर दर्शन , प्रसादी एवं दूर तक हरियाली से आच्छादित प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लिया गया।

हरियाली सावन पर्व के इस आयोजन में मीनाक्षी रावल, अमीता मेहता ,सीमा जोशी, प्रमिला त्रिवेदी, सुरेखा नागर, अंजू रावल ,ज्योति मेहता, अनुराधा दवे ,अलका मेहता ,अंजू पंड्या ,मधु मंडलोई ,बबीता शुक्ल ,उषा शुक्ल, रंजना नागर , अंकिता मेहता, सुनीता रावल, माया मेहता, कुसुम रावल ,सुभद्रा मेहता ,भारती शर्मा आदि ने आयोजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।इस अवसर पर ओम त्रिवेदी, राजेंद्र रावल, संजय दवे, डॉ शैलेंद्र मेहता, संदीप जोशी ,महेश रावल, नवनीत मेहता, अर्पित मेहता, सुशील नागर ,मनीष रावल ,अनिल मेहता, पं जितेंद्र रावल आदि ने भाग लेकर सावन पर्व के इस हरियाली उत्सव को स्मरणीय बनाया।



## शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया नीमच का स्थापना दिवस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की जन्मस्थली नीमच स्थित ग्रुप केंद्र में शनिवार को 59वां स्थापना दिवस श्रद्धा, गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अमर वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय बलिदान को नमन किया गया।

उप महानिरीक्षक श्री सुरेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक शौर्य स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया। श्रद्धांजलि समारोह में ग्रुप केंद्र के अधिकारियों एवं जवानों ने अमर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात वीर शहीदों को सलामी दी गई और देशभक्ति से ओतप्रोत पारंपरिक गीत "वतन की राह में वतन के नौजवान शहीद हों" का सामूहिक गायन किया गया।

यहां सरदार पोस्ट से लाई गई पावन मिट्टी से भरे कलश पर अधिकारियों एवं जवानों ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर राष्ट्ररक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। उल्लेखनीय है कि 1 अगस्त 1968 को सीआर पीएफ की जन्मस्थली नीमच में ग्रुप केंद्र की स्थापना हुई थी।

## रास्ता विवाद शिकायत का प्रशासन ने कराया निराकरण

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण की दिशा में राजस्व विभाग द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम विशनिया में आवागमन के रास्ते से संबंधित विवाद का मौके पर ही उभय पक्षों की आपसी सहमति से सफलतापूर्वक समाधान कराया गया। अतिरिक्त तहसीलदार, नीमच ग्रामीण के न्यायालय में प्रकरण क्रमांक के अंतर्गत ग्राम विशनिया निवासी विष्णु पिता नारायण एवं नारायण पिता रामलाल, दोनों जाति दमामी, द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर ग्राम विशनिया स्थित सर्वे नंबर 861, रकबा 0.21 हेक्टेयर की भूमि पर आवागमन के मार्ग से संबंधित विवाद के निराकरण हेतु राजस्व विभाग का दल गठित किया गया।गठित दल ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण, सीमांकन एवं आवश्यक राजस्व कार्रवाई की।



## संस्कार भारती द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा पर आयोजित हुई प्रेरक संगोष्ठी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

सम्पूर्ण कला जगत एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था च्संस्कार भारतीज मंदसौर द्वारा एक मासिक वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का मुख्य विषय च्भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकताच रहा, जिस पर उपस्थित वक्ताओं ने गंभीर, प्रेरक एवं चिंतनपरक विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ सह महामंत्री देवीलाल सुनार्थी द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की प्रसिद्ध पंक्तियों के वाचन से हुआ। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष कन्हैया देशमुख ने बाँसुरी वादन एवं ध्येय गीत प्रस्तुत कर माहौल को आध्यात्मिक रस से सराबोर कर दिया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता भागवत आचार्य पूज्य श्री दशरथ भाईजी ने कहा कि जो जीवन में अनुशासन, धैर्य और निष्ठा को प्रतिष्ठित कर दे, वही सच्चा गुरु है। उन्होंने अनेक मार्मिक प्रसंगों के माध्यम से गुरु-शिष्य संबंध की आध्यात्मिक महत्ता को रेखांकित किया। विशिष्ट वक्ता डॉ. रविन्द्र सोहनी ने वर्तमान संक्रमणकाल में गुरु की प्रासंगिकता पर बल देते हुए कहा कि गुरु हमारी चेतना को दिव्य बनाकर अज्ञानता के अंधकार से मुक्ति दिलाता है। वरिष्ठ शिक्षाविद् रमेश चंद्र चन्द्रे ने इस धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुँचाने को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश रघुवीरसिंह चुण्डावत सहित गुरुचरण बग्गा, ब्रजेश जोशी, रविन्द्र पाण्डेय, वीहीप से कन्हैयालाल सोनगरा, राजेश पालीवाल आदि उपस्थित थे।

# लायंस क्लब के नवीन पदाधिकारियों में अध्यक्ष सुधीर जैन सचिव राँका बने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



लायंस क्लब नवीन सत्र 2026-27 का संस्थापन समारोह को लायंस नेत्र चिकित्सालय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और संचालक मण्डल को पद एवं गोपनीयता की शपथ शपथ अधिकारी पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर एम जे एफ योगेन्द्र रुनवाल ने अध्यक्ष. सुधीर जैन एडवोकेट, सचिव. संदीप रांका, कोषाध्यक्ष. विपिन चोरड़िया, प्रथम उपाध्यक्ष राजकुमार मारवाड़ी, द्वितीय. पंकज कांठेड़, तृतीय लक्की सोनी, सहसचिव. संजय गोधा, सहकोषाध्यक्ष . कमल सारड़ा

टेल ट्विस्टर. विनोद सेठिया, टेमर . विजय राठौर, सदस्यता समिति चेयरपर्सन आशीष पगारिया के साथ संचालक मंडल एक वर्ष हेतु. नरेन्द्र विनायका, नरेन्द्र संघवी, हेमन्त श्रीमाल, . अनूप शर्मा, शरद डूंगरवाल के साथ संचालक मंडल दो वर्ष हेतु विशाल चत्तर, . संजय तलेसरा, संदीप दसेड़ा, . अशोक चौपड़ा, अर्पित चत्तर, राकेश पी. कोचट्टा ने दायित्व की शपथ ग्रहण की।

समारोह के मुख्य अतिथि मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन. प्रवीण वशिष्ठम अपने संबोधन में कहा कि

लायंस क्लब का 54 वर्षों का सेवा इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है क्लब 55 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है,मानव सेवा और समाज उत्थान के जो कार्य इस क्लब ने सेवा तीर्थ लायन्स नेत्र चिकित्सालय के माध्यम से किए हैं वे अनुकरणीय हैं वंदनीय हैं नवीन सत्र के पदाधिकारी अध्यक्ष सुधीर जैन, सचिव संदीप रांका, कोषाध्यक्ष विपिन चोरड़िया के साथ समस्त पदाधिकारियों एवं संचालक मंडल जनसेवा समाज सेवा हर वर्ग के हित में और अधिक ऊर्जा के साथ नए कीर्तिमान स्थापित करेगी निस्वार्थ सेवा ही लायनिज्म की वास्तविक पहचान है और हमें जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए लायन्स क्लब जावरा विश्व के टापटेन क्लबों में शुमार हैं आज से 55 वर्ष पूर्व जावरा को गौरवान्वित करने वाले संस्थापक सदस्य पूर्व सांसद डॉ लक्ष्मीनारायण पांडेय जी व उनके साथियों ने लायन्स क्लब के नीवं के पत्थर के रुप में स्थापना की थी वह विशाल रूप ले चुकी हैं इस सेवा तीर्थ के रुप मे पहचान स्थापित करने वाले लायन्स क्लब जावरा एवं नेत्र चिकित्सालय के रुप में धरोहर को सहेजना आप हम सभी का कर्तव्य है । नवीन अध्यक्ष सुधीर जैन 'एडवोकेट' द्वारा सत्र की प्राथमिकताओं को प्रस्तुत करते हुए समारोह के दौरान

अध्यक्षीय कार्यक्रम "रोशन हो नयन निरोगी हो जीवन" के साथ अध्यक्षीय स्लोगन "सेवा का रंग अपनत्व के संग " के ध्येय वाक्यों का लोकार्पण एवं नवीन वार्षिक कैलेंडर का विमोचन मंचासीन अतिथियों एवं कैलेंडर संयोजक पूर्वाध्यक्ष संतोष मेंडतवाल एवं पदाधिकारी गण के सहयोग से कराया गया। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक हरिनारायण अरोड़ा ने देते हुए पधारे हुए सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया

नवीन पदाधिकारियों द्वारा मंचासीन मुख्य अतिथि प्रवीण वशिष्ठ, शपथ अधिकारी योगेंद्र रुनवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर गर्ग, पुर्वाध्यक्ष रीजन चेयरमैन एम जे एफ डॉ शेलेंद्र पाण्डेय ने किया। समस्त मंचासीन अतिथिगणों का स्वागत सम्मान शाल श्रीफल एवं प्रतिक चिन्ह देकर किया गया। नवीन पदाधिकारी अध्यक्ष ला. सुधीर जैन सचिव ला. संदीप रांका, कोषाध्यक्ष ला. विपिन चौरडिया द्वारा निवृतमान अध्यक्ष ला. यश जैन, सचिव ला. अशोक चोपड़ा, कोषाध्यक्ष ला. राकेश पी कोच्चटा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

**न्यूज कालम**



## जावरा के दो तस्करो से 10 लाख रुपए की 100 ग्राम एमडी ड्रग्स जप्त

**जावरा ।** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जिले में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ अभियान के तहत रिंगनोद पुलिस ने शनिवार को 100 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त एक स्कूटी भी जप्त की। एसपी अमित कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एसडीओपी संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में रिंगनोद थाना प्रभारी आनंद सिंह आजाद एवं ढोढर चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी ने मूखबीर की सूचना पर मोरिया रोड ढोढर स्थित तहसील कार्यालय के सामने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ा पुलिस ने घर पकड़ के दौरान आरोपी वसीम उर्फ बना पिता साजिद खान निवासी जनता कॉलोनी जावरा एवं मोहम्मद शफी पिता इफ्तेखार अहमद निवासी जनता कॉलोनी से 100 ग्राम एमडी ड्रग्स जप्त की। जिसकी कीमत 10 लाख बताई गई। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों से एमडी ड्रग्स के स्त्रोत सप्लाई चैन और इनसे जुड़ अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है । इनकी रही सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी आजाद, उप निरीक्षक जोशी, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह राठौर, राधेश्याम, आरक्षक नरेंद्र सिंह जगावत, शोभाराम शर्मा ,जितेन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हरियाखाल बालाजी मंदिर तक पैदल यात्रा का हुआ भव्य स्वागत



**पिपलिया मंडी।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 2 अगस्त को मंदिर समिति के तत्वाधान में पिपलिया मंडी नगर से छठी पैदल यात्रा का नगर के तथा मार्ग आने वाले गांव के हर प्रतिष्ठान पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त यात्रा प्रातः 8 बजे स्थानीय टिलाखेड़ा बालाजी मंदिर पर पूजा अर्चना कर हार्कियाखाल मंदिर पजारी पं लक्ष्मी नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुई। जो पंथ बरखेड़ा, सुंठोद, मल्हारगढ़ चल्दू, हार्किया खाल फंटा होती हुई दोपहर 3 बजे के लगभग हार्किया खाल मंदिर पहुंची। जहां सामूहिक आरती प्रसाद वितरण हुआ तत्पश्चात यात्रा में आए समस्त पैदल यात्रियों के सम्मान में समिति द्वारा महाप्रसादी का आयोजन रखा गया। उपरोक्त आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ लिया।

## विधायक विपिन जैन के साथ श्रमदानियों ने साफ किए शिवना घाट



**मंदसौर।** सावन माह के दौरान भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन और शिवना नदी में स्नान हेतु पहुँच रहे श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 136वें दिन घाटों की विशेष सफाई की गई। विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में समाजसेवियों, युवाओं, महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं ने सुबह 7 बजे से पशुपतिनाथ मंदिर के समीप शिवना घाटों पर श्रमदान किया। इस दौरान नदी से एक ट्रॉली जलकुंभी, गाजर घास और प्लास्टिक अपशिष्ट बाहर निकाला गया तथा घाटों को पानी से धोकर स्वच्छ बनाया गया।अभियान के दौरान विधायक विपिन जैन ने कहा कि सावन के पवित्र माह में पवित्र शिवना के घाटों को साफ और स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगरवासियों से नदी में कचरा न फेंकने की अपील की। इस श्रमदान में अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं शहरवासी उपस्थित रहे।

## लॉयन्स डायनामिक ने वितरित की शैक्षणिक सामग्री



**मंदसौर।** लॉयन्स क्लब मंदसौर डायनामिक द्वारा पुरानी तहसील स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री का वितरण विद्यालय की सेवानिवृत्त पूर्व प्रधानाध्यापिका स्व. श्रीमती अनुसूया बाई पुराणिक की स्मृति में पुराणिक परिवार के सौजन्य से किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण कर जीवन में ऊँचे पदों तक पहुँचने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण तिवारी ने अपने जीवन संघर्ष के अनुभव साझा करते हुए मेहनत और लगन से शिक्षा प्राप्त करने का संदेश दिया। क्लब अध्यक्ष सुमित्रा चौधरी ने स्वागत भाषण देते हुए पुराणिक परिवार के निरंतर सेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर लायन सदस्यों एवं पुराणिक परिवार द्वारा बालिकाओं को कॉपियाँ, कम्पास बॉक्स, वाटर बॉटल एवं बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में सीमा जैन, नीलम जैसवानी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चित्रा मण्डलोई ने किया तथा आभार उषा चौधरी ने माना।

## स्कूली छात्राओं ने बनाया समाचार पत्र

**महिदपुर रोड।** नगर के शासकीय कन्या हाई स्कूल में समाचार पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया छात्राओं ने रूचि पूर्वक अपने शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में समाचार पत्र तैयार किया छात्राओं ने समाचार पत्रों का नामकरण भी किया छात्राओं ने सुंदर समाचारों के समाचार पत्र तैयार किये समाचार पत्र निर्माण प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदन रानी लक्ष्मीबाई सदन, रानी दुर्गावती सदन ,रानी अहिल्याबाई सदन, रानी पद्मावती सदन, की छात्राओं ने भाग लिया समाचार पत्र निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्राओं को प्राचार्य अनिल सेठिया, गोपाल तंवर, स्नेहलता शर्मा,बापू लाल चंद्रवंशी,संकेश चौरड़िया आदि ने शील्ड देकर सम्मानित किया गया उक्त जानकारी विद्यालय की सीसीएलई प्रभारी पूनम रॉय ने दी।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश के आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त

**सुसनेर।** पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, आकली में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 अगस्त 2026 कर दी गई है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी। तिथि बढ़ने से अब पात्र विद्यार्थियों को आवेदन के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति के नियमों के अनुसार आगर मालवा जिले के वे विद्यार्थी आवेदन के पात्र हैं, जो वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत हैं। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना अनिवार्य है तथा समिति द्वारा निर्धारित अन्य पात्रता शर्तों का पालन करना आवश्यक होगा।

## स्व. नवलखा की पुण्यतिथि पर गौसेवा कर दी श्रद्धांजलि

**महिदपुर।** स्व. दिलीप नवलखा की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आदिनाथ ग्रुप द्वारा स्थानीय गौशाला में गौसेवा कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस अवसर पर गौमाताओं को हरा चारा, गुड़ एवं पौष्टिक पशु आहार वितरित किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने स्व.दिलीप नवलखा जी के समाजसेवा, मानवीय मूल्यों एवं सेवा भाव को स्मरण करते हुए उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया तथा उनकी पुण्य स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## रविदास जी महाराज को श्रद्धापूर्वक नमन किया



**महिदपुर।** समरसता संकल्प अभियान के तहत महिदपुर विधानसभा के नारायण धाम शक्ति केंद्र पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। तत्पश्चात स्वच्छता का संदेश देते हुए परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं समरस समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नरेंद्र चौहान जिला सहसंयोजक, एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता डॉ. मोहन शर्मा, दशरथ पवार, संजय अंजना (पूर्व किसान मोर्चा उपाध्यक्ष), मेहरबान गोयल (रानीपुरा), गोपीलाल बामणिया (नारायण धाम) बहादुर सिंह आंजना (चिरमिया) नगुलाल नायक, संजय जोगचंद तथा श्री भगवान सिंह गोयल (सरपंच) एवं श्रीमती दीपा बामणिया (नगर मंडल मंत्री) आसाराम आंजना रामेश्वर आंजना जगदीश शर्मा अशोक आंजना पन्नालाल नायक टीकम शर्मा संदीप आंजना आत्माराम जी सरपंच बालू सिंह आंजना जीवन सिंह अंजना भगत सिंह चौहान रामेश्वर चौधरी भगत सिंह चौहान राजू भाटी जीवन चौधरी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सावन माह में भक्तिमय हुआ सुसनेर, मंदिरों में उमड़ रहे श्रद्धालु

# भोलेनाथ के आकर्षक श्रृंगार के साथ भजनों से भक्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर





श्रावण मास के आगमन के साथ ही नगर पूरी तरह शिव भक्ति में रंग गया है। सुबह से लेकर देर शाम तक शिवालयों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के विशेष श्रृंगार, रुद्राभिषेक, पूजन-अर्चन, आरती और भजन-कीर्तन के आयोजन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। हर ओर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष सुनाई दे रहे हैं। सावन के पवित्र माह में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

शुक्रवार को शुक्रवारिया चौराहा स्थित श्री राम जानकी मंदिर में भगवान भोलेनाथ का आकर्षक चंग श्रृंगार किया गया। रंग-बिरंगे फूलों, बेलपत्र, धतूरा, भस्म और मनमोहक सजावट से सुसज्जित भगवान शिव के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। दिनभर श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम के समय मंदिर परिसर में महिला मंडल के तत्वावधान में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने भगवान शिव, श्रीराम और माता पार्वती की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया। मंदिर समिति ने बताया कि पूरे सावन माह प्रतिदिन शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसमें नगर की महिलाएं एवं श्रद्धालु नियमित रूप से भाग लेकर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सावन के प्रत्येक सोमवार सहित विशेष तिथियों पर भी विशेष पूजन, आरती एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर, तहसील परिसर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर और मनकामेश्वर महादेव मंदिर में भी प्रतिदिन भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, आरती और भजन-कीर्तन का क्रम जारी है। सुबह से ही श्रद्धालु जल, दूध, बेलपत्र, भांग, धतूरा और पुष्प अर्पित कर भोलेनाथ की आराधना कर रहे हैं। मंदिरों में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की अच्छी-खासी उपस्थिति देखने को मिल रही है।

### सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया

श्रद्धालु व्रत-उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना में जुटे हैं। शाम के समय मंदिरों में दीपों की रोशनी, घंटों और शंखनाद के बीच होने वाली आरती से वातावरण और भी आध्यात्मिक हो जाता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि सावन में भगवान शिव की आराधना से मन को शांति मिलती है और जीवन में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। श्रावण मास के दौरान नगर में प्रतिदिन हो रहे धार्मिक आयोजनों से सुसनेर का वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया है। मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और लगातार गूंज रहे। भजन-कीर्तन इस बात का प्रमाण हैं कि सावन का यह पावन पर्व नगरवासियों के लिए आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष अवसर बन गया है।

सावन माह के चलते नगर के अन्य शिवालयों में भी धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ हो चुकी है।

# मामा का अटूट प्यार और स्नेह सदा भांजे-भांजियों के लिए रहेगा- मंत्री चौहान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौंरासा



भोपाल से देवास दिशा समिति बैठक में शामिल होने जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का भौंरासा फाटे पर क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर के मार्गदर्शन में एवं मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव के साथ समस्त भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी पुष्प वर्षा एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया इस दौरान मंत्री चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि आपके मिले इस अपार स्नेह का में सदा ऋणी रहूंगा एवं जनता ही मेरी भगवान है और में उनका सेवक हूँ ये सेवक सदा मेरी प्यारी जनता का है और रहेगा ओर मेरे प्यारे भांजा भांजियों के प्रति जो मामा का अटूट प्रेम है।

सोनकच्छ विधानसभा में हमारे विकासशील विधायक डॉ सोनकर हे जो क्षेत्र के विकास के लिए सतत लगे हुए हमेशा विकास कार्यों की चर्चा के लिए सम्बंधित मंत्रियों से मुलाकात करते है।

इस अवसर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,मंडल महामंत्री कैलाश यादव,रामचरण धाकड़, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल डोडिया, आदि उपस्थित थे।

# साप्ताहिक बाजार के दिन यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

मक्सी में साप्ताहिक हाट बाजार के दिन यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। हाट बाजार की भीड़ और बारिश के दौरान चल रहे मक्सी में फोरलेन निर्माण कार्य के कारण शनिवार सुबह पुराने ए.बी.रोड पर लंबा जाम लग गया, जिससे स्कूली बच्चों सहित आम राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति ऐसी रही कि कई स्कूल बसें लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक जाम में फंसी रहीं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 9:15 बजे गणपत बड़े गेट के सामने से लेकर पशु बाजार क्षेत्र से भी आगे तक वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। जाम के कारण स्कूल जाने वाले मासूम बच्चों को बसों में लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। फेम गुरुकुल अकादमी, एकलव्य एजुकेशन अकादमी ,यूनिवर्सल अकादमी एवं ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों की बसें जाम में फंसी रहीं।

आमजन का कहना है कि हाट बाजार के दिन पहले से ही क्षेत्र में भारी भीड़ रहती है, वहीं दूसरी ओर बारिश के मौसम में चल रहे सड़क एवं नाला निर्माण कार्यों ने यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावित कर दिया है। लोगों का आरोप है कि जाम के दौरान मौके पर ट्रैफिक संचालन के लिए पर्याप्त यातायात व्यवस्था दिखाई नहीं दी, जिससे हालात और बिगड़ गए।



### जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में

# सेंटजोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के तीन विद्यार्थियों का संभाग स्तर पर चयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में उज्जैन के महाराजवाड़ा क्रमांक-1 में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महिदपुर के प्रतिभाशाली विद्यार्थी खुशी शर्मा, भव्य कुमावत एवं केशव भाटिया ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय एवं महिदपुर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। इस उल्लेखनीय सफलता पर संस्था के मैनेजर फादर पॉल पारेकाटिल, प्राचार्य सोबी थॉमस, उप-प्राचार्य अनीस थॉमस, खेल शिक्षक कमलेश साहनी, तूफानसिंह सिसौदिया एवं स्टाफ ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की।



## बीमा क्लेम नहीं मिलने पर किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सारंगपुर।** ग्राम पंचायत बिग्नोदीपुरा के किसानों ने वर्ष 2024-25 की खरीफ फसल के बीमा क्लेम की राशि अब तक नहीं मिलने से नाराज होकर बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की कि बीमा कंपनी द्वारा लंबित क्लेम की राशि शीघ्र उनके खातों में जमा कराई जाए।ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत बिग्नोदीपुरा सहित ग्राम खाखपुरा एवं जीवाजीपुरा में वर्ष 2024-25 के दौरान खरीफ फसल प्राकृतिक कारणों से नष्ट हो गई थी। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पडा। इसके बावजूद बीमा कंपनी द्वारा किसी भी किसान को फसल बीमा क्लेम की राशि नहीं दी गई और न ही इस संबंध में कोई कार्रवाई की गई। किसानों का कहना है कि फसल खराब होने के बाद भी राहत नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है और आगामी फसल की तैयारी में भी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है।

# स्पोर्ट्स क्लब व खो-खो क्लब के खिलाड़ियों ने गुरु पर्व मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर खेल मैदान पर स्पोर्ट्स क्लब व खो खो क्लब सारंगपुर के खिलाडियों द्वारा कोच भारत भेरवे का गुरु पूर्णिमा पर शाल श्रीफल और साफा बांधकर सम्मान किया गया। खो खो संघ राजगढ़ सचिव भेरवे के द्वारा निरंतर खो खो मैदान पर अनेको खिलाड़ियों को साल भर तैयार किया जाता है।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी सीनियर जूनियर खिलाड़ियों ने अपने गुरु का सम्मान किया आज भी जब कुछ बच्चे हमारे देश की सांस्कृति पर ध्यान नहीं दे गुरु क्या होता बच्चे भूलते जा रहे है। वही आज भी स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों ने पर्व बना कर ये बताया की खेल अनुशासन भी सिखाता है, गुरु व माता पिता का सम्मान करना सिखाता है। इस अवसर पर नमन गुप्ता, अभिषेक बड़गोतीया, राहुल गोड़, आरती सोनी, देव गिरजे, प्रियांशु भेरवे, निखिल भेरवे, कोमल गोयल, विनीत चोखोटिया, कृष्णा ठाकुर, अभिनव जादौन, गणेश कलजोरिया, राजवीर लोधा, शुभ तिवारी, नितेस चावड़ा व समस्त खिलाड़ि मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

# संस्था अविचल ने शुरू किया वृहद पौधारोपण अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



पर्यावरण संरक्षण एवं नगर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से नवगठित सामाजिक संस्था अविचल द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर, बड़नगर में पांच दिवसीय वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के कुल 101 पौधे रोपित किए जाएंगे। प्रथम दिवस संस्था के सदस्यों, नगर के वरिष्ठ पत्रकारों, समाजसेवियों एवं युवाओं की सहभागिता से उत्साहपूर्ण वातावरण में पौधारोपण संपन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि स्वस्तिक हीरो शोरूम, बड़नगर के संचालक विनय शर्मा वर्षों से निरंतर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देते आ रहे हैं। उनकी इसी प्रेरणादायी परंपरा को उनके पुत्र एवं संस्था अविचल के अध्यक्ष उज्ज्वल विनय शर्मा ने नई ऊर्जा, व्यापक स्वरूप और युवा सहभागिता के साथ आगे बढ़ाया है। उज्ज्वल शर्मा के नेतृत्व में प्रारंभ हुए इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित करना भी है।

अभियान के प्रथम दिवस नगर के प्रमुख पत्रकारों में सत्यनारायण शर्मा, नरेंद्र राजावत, प्रेमचंद त्रिवेदी, विजय गोखरू, अजय जैन, रामनिवास नाव्हल एवं अरविंद व्यास सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। उज्ज्वल शर्मा के दादाजी सोहनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को पारिवारिक संस्कारों और पीढ़ी-दर-पीढ़ी पर्यावरण सेवा की भावना से जोड़ दिया। पौधारोपण कार्यक्रम अत्यंत सफल, प्रेरणादायी एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण रहा। संस्था के सदस्यों ने रोपित पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।

### ये रहे मौजूद

संस्था अविचल के प्रमुख सदस्य मृदुलराज व्यास, मनन टोंग्या, छ्यांक यादव, आलोक सोनी, भव्य शर्मा, स्वयं मेहता, सौम्य भावसार, अनिकेत पण्ड्या, लक्ष्य शर्मा, हर्षवर्धन शर्मा एवं नितेश वाघेला सहित मित्रगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।



## पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत पौधारोपण

**खाचरौद।** साँसे हो रही कम, आओ पेड़ लगाए हम पर्यावरण संरक्षण मुहिम के अंतर्गत श्री धाकड़ महासभा युवा संघ जिला उज्जैन इकाई के अध्यक्ष एवं स्वच्छता समिति के सभापति श्री नारायण जी मंडावलिया के नेतृत्व में खाचरोद के रतलाम रोड स्थित खारी मीठी बावड़ी पर एक विशेष स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान चलाया गया, जिसके तहत श्रमदान कर उबड़-खाबड़ और गंदगी से फंसी हुई जगह को साफ और समतल करते हुए आम, कटहल, जामुन, पीपल, नीम व विभिन्न औषधीय प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाने के साथ-साथ पर्यावरण प्रेमियों को इनके बड़े होने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई; इस अवसर पर दयाराम धाकड़, बगदीराम मंडावलिया, रमेश नंदेडा, हरिराम काकर, शंकरलाल मंडावलिया, राधेश्याम मेहता, घनश्याम जी नायमा, मुकेश मंडावलिया, अशोक जी सगीतला, नारायण मेहता, धर्मेंद्र नंदेडा,महेश बंबोरिया,गोपाल बामता मदन बंबोरिया सहित बड़ी संख्या में धाकड़ समाजजन उपस्थित रहे।

## नशे से दूरी , है जरूरी 2.0 अभियान अंतर्गत हेतु बच्चों को बताए नशे के दुष्परिणाम



**बडौद।** नशे से दूरी , है जरूरी 2.0 अभियान अंतर्गत बच्चों को अपने आसपास जागरूकता फैलाने हेतु शासकीय नवीन हाईस्कूल बापचा बड़ौद में दोनों के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम बताए गए । विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संस्था प्राचार्य डॉ दशरथ कुमार गवली द्वारा रचित दोहों का शिक्षक कैलाश भावसार द्वारा गायन कर संदेश सम्प्रेषित किया गया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक विष्णु परिहार , सुनील कुमार जोशी, कालूराम दांगी, तृप्ति श्रृंगी दशरथ सिंह परिहार उपस्थित थे ।

## झारखंड से चलकर डाक कावड़ यात्रा के रूप में फुलेश्वर महादेव का करेंगे जलाभिषेक



**खरसौदकलां।** श्रावण मास के पावन अवसर पर फूलेश्वर महादेव मंदिर से 50 युवाओं का डाक कांवड़ यात्रियों का जत्था बैजनाथ धाम (झारखंड) के लिए शनिवार को उत्साहपूर्वक रवाना हुआ। कांवड़ यात्रियों ने रवाना होने से पहले फूलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर यात्रा के सफल एवं मंगलमय होने की प्रार्थना की। सलवा निवासी कांवड़ यात्री बनवारीलाल यादव ने बताया कि दल लगभग 1100 किलोमीटर की कठिन डाक कांवड़ यात्रा लगातार दौड़ते हुए मात्र पांच दिनों में पूरी करेगा। बैजनाथ धाम एवं विश्वनाथ मंदिर से पवित्र गंगाजल भरने के बाद कांवड़िए गुरुवार को वापसी यात्रा प्रारंभ करेंगे और लगातार दौड़ते हुए सोमवार को खरसौदकलां पहुंचकर फूलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालु पूरी निष्ठा, अनुशासन और सेवा भाव के साथ यात्रा करेंगे। कांवड़ यात्रियों के भोजन एवं प्रसादी की निःशुल्क व्यवस्था सांवलिया तीर्थ, आमला द्वारा की गई है। यात्रा को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया।

## शिक्षकों के सेवानिवृत होने पर सहयोगियों ने किया, विदाई एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित



**महिदपुर रोड ।** शिक्षक समाज एवं राष्ट्र का निमार्ता होता हैं वह समाज का गढ़ने का काम करता है एक अच्छा शिक्षक शिल्पकार के समान होता हैं। यह बात नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के सेवानिवृत होने पर आयोजित विदाई एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेश्वर सोनी ने व्यक्त किये। कार्यक्रम में शासकीय कन्या हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक विमल सूर्यवंशी शासकीय प्राथमिक विद्यालय सरवन खेड़ा के प्राथमिक शिक्षक प्रेमचंद छाबड़ा को सेवानिवृत होने पर शाल श्रीफल साफा बांधकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षक शांतिलाल सूर्यवंशी, शिक्षक अनुपम त्रिवेदी शिक्षिका सुजाता राय का स्थानांतरण होने पर उनका भी सम्मान किया गया विशेष अतिथि शासकीय हाई स्कूल पेटलावद के प्राचार्य प्रदीप सिंह सौलंकी, वरिष्ठ शिक्षक अशोक पोरवाल, जन शिक्षक मोहनलाल चंद्रवंशी रहे अध्यक्षता संकुल प्राचार्य एस एन बामनिया ने की संचालन शासकीय कन्या हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य अनिल सेठिया ने किया आभार बंशीलाल सौलंकी ने माना।

## बैग लेस दिवस पर इको क्लब सदस्यों ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**सुसनेर।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया में इको क्लब के सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं इको क्लब सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इको क्लब सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। विद्यालय परिसर में पौधारोपण के साथ विद्यार्थियों को पेड़-पौधों के महत्व, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को एक पौधा लगाएं, पर्यावरण बचाएं का संदेश दिया।

## नैनो न्यूज

- **जुलाई में ऑटो बिक्री रिकॉर्ड**
  यात्री वाहन बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची, ऑटो कंपनियों ने मजबूत मांग दर्ज की।
- **आयकर रिटर्न दाखिल बढ़े**
  31 जुलाई तक 5.9 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल, विभाग ने जानकारी दी।
- **अगस्त में आईपीओ की बौछार**
  अगस्त में दर्जनभर कंपनियां करीब 25,000 करोड़ जुटाने के लिए आईपीओ बाजार में उतरेंगी।
- **सार्वजनिक बैंक मुनाफे में आगे**
  सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने रिकॉर्ड लाभ और न्यूनतम एनपीए के साथ वित्त वर्ष पूरा किया।
- **औद्योगिक उत्पादन तेजी से बढ़ा**
  जून में औद्योगिक उत्पादन छह महीने के उच्च स्तर 7.3 प्रतिशत पर पहुंचा।
- **स्टार्टअप रोजगार सृजन बढ़ा**
  देश के 1.14 लाख स्टार्टअप्स ने 12 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए।
- **ऑफशोर ऊर्जा योजना स्वीकृत**
  केंद्र ने 84,000 करोड़ की ऑफशोर तेल-गैस खोज एवं उत्पादन योजना को मंजूरी दी।
- **डिविडेंड एक्स-डेट पर नजर**
  इस सप्ताह लगभग 100 कंपनियों के डिविडेंड और स्टॉक स्प्लिट की एक्स-डेट रहेगी।
- **अगस्त बारिश अनुमान घटा**
  अगस्त में सामान्य से कम मानसून का अनुमान, कृषि और अर्थव्यवस्था पर असर संभव।
- **रूफटॉप सोलर मांग बढ़ी**
  क्षेत्रीय शहरों में रूफटॉप सोलर परियोजनाओं की मांग तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है।
- **आरबीआई मौद्रिक नीति पर नजर**
  रिसर्च का अनुमान है कि फिलहाल रेपो रेट में बदलाव नहीं कर सकता।
- **इस सप्ताह बाजार पर असर डालने वाले फैक्टर**
  निवेशकों की नजर आरबीआई की बैठक, कंपनियों के तिमाही नतीजों और कच्चे तेल की कीमतों पर रहेगी।

# जुलाई में पैसेंजर व्हीकल की रिकॉर्ड बिक्री, 33% इजाफे के साथ बनाया नया रिकॉर्ड

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए जुलाई 2026 का महीना ऐतिहासिक साबित हुआ है। देश में पैसेंजर व्हीकल (कार और एसयूवी) की बिक्री ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अब तक का सबसे मजबूत जुलाई प्रदर्शन दर्ज किया। उद्योग के शुरूआती आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2026 में देशभर में 4.65 से 4.70 लाख के बीच पैसेंजर वाहनों की बिक्री हुई, जो जुलाई 2025 में बिके लगभग 3.5 लाख वाहनों की तुलना में करीब 33 प्रतिशत अधिक है।

इस शानदार प्रदर्शन ने संकेत दिया है कि भारतीय ऑटो बाजार एक बार फिर तेज विकास की राह पर लौट आया है। ऑटो उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि बिक्री में इस उछाल के पीछे कई आर्थिक और नीतिगत कारण हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (फ्इक) द्वारा हाल के महीनों में रेपो रेट में कटौती किए जाने के बाद अधिकांश बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने कार ऋण की ब्याज दरों में कमी की है।

इसका सीधा लाभ ग्राहकों को कम मासिक ईएमआई के रूप में मिला, जिससे नई कार खरीदना पहले की तुलना में अधिक आसान हो गया। वहीं, आयकर में दी गई राहत के कारण मध्यम वर्ग के पास अतिरिक्त खर्च योग्य आय बढ़ी, जिसका सकारात्मक असर ऑटोमोबाइल बाजार पर देखने को मिला।

इसके अलावा, जीएसटी से जुड़े कुछ प्रक्रियागत सुधारों और अर्थव्यवस्था में बढ़ते उपभोक्ता विश्वास ने भी बाजार को मजबूती प्रदान की है। बढ़ती आय, स्थिर महंगाई और बेहतर वित्तीय माहौल ने लोगों को नई कार खरीदने के लिए प्रेरित किया है। जुलाई के दौरान सबसे अधिक मांग एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) और सीएनजी वाहनों की रही। ग्राहकों का रुझान अब पारंपरिक हैचबैक और सेडान की तुलना में एसयूवी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। अधिक स्पेस, बेहतर ग्राउंड क्लीयरेंस, आधुनिक सुरक्षा फीचर्स और प्रीमियम लुक के कारण एसयूवी भारतीय परिवारों की पहली पसंद बनती जा रही हैं। वहीं, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच कम ईंधन खर्च और बेहतर माइलेज के कारण सीएनजी कारों की मांग भी लगातार बढ़ रही है।

जुलाई में प्रमुख वाहन निमार्ता कंपनियों मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, हुंडई, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और किआ इंडिया ने मजबूत बिक्री दर्ज की। विशेष रूप से मारुति सुजुकी ने घरेलू बाजार में दो लाख से अधिक वाहनों की मासिक बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि महिंद्रा और टोयोटा की एसयूवी श्रृंखला को भी ग्राहकों का शानदार प्रतिसाद मिला।


इलेक्ट्रिक वाहनों (एश) की बिक्री में भी लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे स्पष्ट है कि उपभोक्ता अब वैकल्पिक ईंधन और नई तकनीक वाले वाहनों की ओर भी तेजी से बढ़ रहे हैं। उद्योग जगत को उम्मीद है कि अगस्त से शुरू होने वाला त्योहारी सीजन ऑटो बाजार को और गति देगा।

रक्षाबंधन, गणेश उत्सव, नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान वाहन खरीदारी परंपरागत रूप से बढ़ जाती है।

कई कंपनियों ने पहले ही विशेष फेस्टिव ऑफर, आकर्षक फाइनेंस योजनाएं और एक्सचेंज बोनस की घोषणा शुरू कर दी है।

ऑटो उद्योग के जानकारों का मानना है कि यदि आर्थिक माहौल अनुकूल बना रहा और उपभोक्ता मांग इसी तरह मजबूत रही, तो वर्ष 2026 भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग के इतिहास का सबसे सफल वर्षों में शामिल हो सकता है।

रिकॉर्ड बिक्री के साथ यह क्षेत्र न केवल उत्पादन और रोजगार को गति देगा, बल्कि देश की आर्थिक वृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।





## टॉप-10 कंपनियों का मार्केट कैप 2.51 लाख करोड़ बढ़ा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार में पिछले सप्ताह जोरदार तेजी देखने को मिली, जिसका सबसे अधिक लाभ देश की 10 सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनियों को मिला। सप्ताह के दौरान इन कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैपिटलाइजेशन) करीब 2.51 लाख करोड़ बढ़ गया। मजबूत कॉर्पोरेट नतीजों, विदेशी निवेशकों की खरीदारी और सकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते निवेशकों का भरोसा मजबूत रहा। सप्ताह की सबसे बड़ी विजेता बजाज फाइनेंस रही।

कंपनी के शेयरों में तेज उछाल के कारण उसका बाजार मूल्य सबसे अधिक बढ़ा। कंपनी ने जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर वित्तीय परिणाम पेश किए, जिसमें शुद्ध लाभ और ऋण पोर्टफोलियो दोनों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। बेहतर एसेट क्वालिटी और गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (ठढअ) में कमी से निवेशकों का विश्वास और मजबूत हुआ। इसके बाद कई प्रमुख ब्रोकरेज हाउसों ने कंपनी के शेयर पर अपने लक्ष्य मूल्य भी बढ़ा दिए।

बजाज फाइनेंस के अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , भारतीय स्टेट बैंक , एलएंडटी और एलआईसी जैसी दिग्गज कंपनियों के बाजार मूल्य में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर ऐसी प्रमुख कंपनी रही, जिसके बाजार पूंजीकरण में सप्ताह के दौरान हल्की गिरावट देखने को मिली। विश्लेषकों का कहना है कि जुलाई के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की मजबूत खरीदारी, घरेलू अर्थव्यवस्था के सकारात्मक संकेत और कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों ने शेयर बाजार को मजबूती दी। आईटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं से जुड़े शेयरों में विशेष रूप से अच्छी खरीदारी देखने को मिली, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, यदि आने वाले हफ्तों में कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद के अनुरूप रहे और वैश्विक आर्थिक माहौल अनुकूल बना रहा, तो भारतीय शेयर बाजार में तेजी का रुख आगे भी जारी रह सकता है। हालांकि, अमेरिका की ब्याज दरों, वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर निवेशकों की नजर बनी रहेगी, क्योंकि ये कारक बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# Sport

# ग्लासगो में भारत का स्वर्णिम पंच, मुक्केबाजी में सात गोल्ड सहित 16 पदक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ ग्लासगो**

राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत ने शनिवार को अब तक का अपना सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में 16 पदक जीतकर इतिहास रच दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने मुक्केबाजी में दबदबा कायम रखते हुए सात स्वर्ण और तीन रजत पदक अपने नाम किए। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया और कुल 39 पदकों (13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य) के साथ शीर्ष देशों की दौड़ में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली।

भारत की इस ऐतिहासिक सफलता का सबसे बड़ा आधार मुक्केबाजी रही, जहां भारतीय मुक्केबाजों ने बेहतरीन तकनीक, आक्रामक खेल और मानसिक मजबूती का परिचय देते हुए कई फाइनल मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। भारतीय दल ने मुक्केबाजी में कुल 10 पदक (7 स्वर्ण और 3 रजत) जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज कराया। महिला वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 60 किलोग्राम वर्ग में प्रिया घंघास ने कनाडा की मैरी-बाथूल अल-अहमदियेह को 4-1 के विभाजित निर्णय से हराकर स्वर्ण पदक जीता। शुरूआती दौर में पिछड़ने के बावजूद उन्होंने दमदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया और भारत के स्वर्णिम अभियान को नई ऊंचाई दी। मुक्केबाजी के अलावा पैरा एथलेटिक्स, एथलेटिक्स और जूडो में भी भारतीय खिलाड़ियों ने पदक जीतकर देश की झोली भरी। एथलेटिक्स में कई खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए, जबकि पैरा एथलेटिक्स में भारत ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण पदक हासिल किए। जूडो में भी भारत को कांस्य पदक मिला, जिससे कुल पदक संख्या में और इजाफा हुआ।

भारत के इस प्रदर्शन को खेल विशेषज्ञ राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय मुक्केबाजी के स्वर्णिम दौर की शुरूआत मान रहे हैं।

युवा खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार मिल रहे अनुभव का असर ग्लासगो के रिंग में साफ दिखाई दिया।

भारतीय दल के पास प्रतियोगिता के अंतिम दिन भी पदकों की संख्या बढ़ाने का अवसर है और खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि टीम इंडिया इस ऐतिहासिक अभियान का समापन और भी शानदार अंदाज में करेगी।




## सुनील छेत्री अपील, टाटा समूह से जमशेदपुर एफसी बचाने का आग्रह

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ जमशेदपुर**

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने टाटा समूह से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब जमशेदपुर एफसी की वरिष्ठ टीम के संचालन को बंद करने के फैसले पर पुनर्विचार करने की भावुक अपील की है। छेत्री ने कहा कि टाटा समूह का भारतीय फुटबॉल से दशकों पुराना रिश्ता रहा है और इस संस्था ने देश को कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं। ऐसे में जमशेदपुर एफसी जैसी सफल टीम का बंद होना भारतीय फुटबॉल के लिए बड़ा झटका साबित होगा।

सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में छेत्री ने कहा कि जमशेदपुर एफसी केवल एक क्लब नहीं, बल्कि हजारों खिलाड़ियों, कोचों और प्रशंसकों की उम्मीदों का प्रतीक है। उन्होंने टाटा समूह से खेल और खिलाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय फुटबॉल अभी विकास के दौर में है और ऐसे समय में बड़े कॉरपोरेट संस्थानों का सहयोग बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि टाटा स्टील ने 2026-27 सत्र से जमशेदपुर एफसी की वरिष्ठ टीम के संचालन को समाप्त करने की घोषणा की है। हालांकि, टाटा फुटबॉल अकादमी और जमीनी स्तर पर प्रतिभा विकास कार्यक्रम पहले की तरह जारी रहेंगे। जमशेदपुर एफसी ने 2021-22 में आईएसएल लीग विनर्स शील्ड जीतकर भारतीय फुटबॉल में अपनी अलग पहचान बनाई थी।




## जर्सी विवाद भूलें, पदक पर हो पूरा फोकस

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी के दिग्गज गोलकीपर और दो बार ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाली टीम के सदस्य पी.आर. श्रीजेश ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम से अपील की है कि वह जर्सी के रंग को लेकर चल रही बहस में उलझने के बजाय आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप में देश के लिए पदक जीतने के लक्ष्य पर पूरा ध्यान केंद्रित करे।

उनका कहना है कि खिलाड़ियों का ध्यान केवल मैदान पर प्रदर्शन और परिणामों पर होना चाहिए, क्योंकि भारत के पास लगभग 50 वर्षों से विश्व कप पदक का इंतजार समाप्त करने का सुनहरा अवसर है। हाल ही में भारतीय टीम की पारंपरिक नीली जर्सी के स्थान पर केसरिया जर्सी अपनाने के फैसले को लेकर खेल जगत में बहस छिड़ी हुई है। कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने इस बदलाव पर सवाल उठाए हैं, जबकि हॉकी इंडिया ने इसे तकनीकी और प्रतीकात्मक कारणों से लिया गया निर्णय बताया है।

श्रीजेश ने कहा कि यदि खिलाड़ियों और टीम प्रबंधन ने इस बदलाव को स्वीकार कर लिया है, तो अब इस मुद्दे को अनावश्यक रूप से तूल देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि अतीत में भी विश्व कप और अन्य बड़े टूर्नामेंटों में भारतीय टीम अलग-अलग रंगों की जर्सी पहन चुकी है और तब इस तरह का विवाद नहीं हुआ था। श्रीजेश ने यह भी कहा कि यदि जर्सी बदलने का कारण केवल दृश्यता (विजिबिलिटी) है, तो इस तर्क पर व्यापक चर्चा हो सकती है, लेकिन खिलाड़ियों का ध्यान इन बहसों से हटकर केवल खेल पर रहना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय टीम में विश्व स्तरीय प्रतिभा मौजूद है और यदि खिलाड़ी मानसिक रूप से एकजुट होकर उतरते हैं तो वे विश्व कप में लंबे समय से चले आ रहे पदक के सूखे को समाप्त कर सकते हैं।

## युवराज सिंह के पर्सनलटी राइट्स को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करते हुए उनके नाम, तस्वीर, आवाज, 'युवी' नाम और अन्य पहचान संबंधी विशेषताओं के अनधिकृत व्यावसायिक उपयोग पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने एआई से तैयार डीपफेक वीडियो, तस्वीरों और उनकी छवि का दुरुपयोग करने वाली सामग्री हटाने का भी निर्देश दिया। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने कहा कि युवराज जैसे प्रतिष्ठित खिलाड़ी की पहचान और निजता की कानूनी सुरक्षा आवश्यक है। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी तीसरे पक्ष को उनकी अनुमति के बिना उनकी पहचान का व्यावसायिक या निजी लाभ के लिए इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है।

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## देश विदेश

### झाबुआ में ग्रामीणों ने लगाए 300 से अधिक पौधे

**झाबुआ।** थांदला तहसील की ग्राम पंचायत रूपगढ़ में ग्रामीणों ने सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पारंपरिक 'हलमा' पद्धति से श्रमदान कर 300 से अधिक पौधे रोपे। बाबी माता सावन माता थानक परिसर में आयोजित इस अभियान में गांव के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्राम विकास के क्षेत्र में कार्यरत शिवगंगा समग्र ग्राम विकास परिषद ने पौधारोपण के लिए पौधे उपलब्ध कराए। ग्रामीणों ने पहले सामूहिक श्रमदान कर गड्ढे तैयार किए और इसके बाद विभिन्न प्रजातियों के 300 से अधिक पौधे रोपे। सभी ने पौधों की देखरेख का भी संकल्प लिया। पौधारोपण के दौरान ग्रामीणों ने अपनी पारंपरिक भीली भाषा में गीत गाकर खुशियां मनाईं।

### धार में झमाझम बारिश से खरीफ की फसलों को मिला फायदा

**धार।** मौसम विभाग के अलर्ट के बाद धार जिले में रविवार सुबह से मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया। धार शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश होती रही। कभी हल्की फुहार तो कभी तेज बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। आसमान में घने बादल छाए रहने से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। धार शहर के प्रमुख मार्गों, कॉलोनियों और निचले इलाकों में पानी भर गया। वहीं अच्छी बारिश से खेतों में भी पर्याप्त पानी पहुंचा है। इससे किसानों को राहत मिली है। सोयाबीन, मक्का और अन्य खरीफ फसलों के लिए यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है।

### इलाज के दौरान घायल की मौत शव लेकर चौकी पहुंचे परिजन

**धार।** धार जिले के दसई चौकी क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। रविवार सुबह जैसे ही 40 वर्षीय मुकुंद की मौत की सूचना परिजनों को मिली, वे शव लेकर सीधे दसई पुलिस चौकी पहुंच गए। यहां उन्होंने कथित आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। मृतक की पहचान मुकुंद पिता बाबूलाल (40) निवासी ग्राम बामनखेड़ी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, 9 जुलाई की रात मुकुंद गंगाजलिया पुलिया के पास गंभीर घायल अवस्था में मिले थे।

### महिला को पीटा, मोगरी से दोस्त की हत्या की



**झाबुआ।** जिले के पेटलावद की अटल बस्ती में शनिवार देर रात एक महिला से मारपीट और उसके साथी की हत्या का मामला सामने आया है। राजगढ़ क्षेत्र से आए कुछ लोगों ने घर में घुसकर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पर महिला के दोस्त की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घायल महिला भूली बाई (पति भारत परमार) ने पुलिस को बताया कि शनिवार देर रात 2 बजे के करीब पांच लोगों ने उसके घर में जबरन घुसने का प्रयास किया। मुख्य दरवाजा न खुलने पर आरोपी पीछे के रास्ते से घर में दाखिल हुए और हमला कर दिया। आरोपियों ने घर में रखी लकड़ी और मोगरी से भूली बाई और बीच-बचाव कर रहे हरिराम पर हमला किया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। भूली बाई के अनुसार, वह मुख्य आरोपी राजगढ़ बीजेपी नेता देवा पिता थावरिया सिंगाड़ के साथ करीब 14 साल से प्रेम संबंध में थी। हालांकि, पिछले लगभग एक साल से महिला ने देवा से दूरी बना ली थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कई महीनों से विवाद चल रहा था, जिसने शनिवार रात हिंसक रूप ले लिया। मृतक हरिराम और भूली बाई 31 जुलाई को उज्जैन दर्शन के लिए गए थे और 1 अगस्त की शाम को ही वापस लौटे थे। महिला का देवा से दूरी बनाना और हरिराम का उसका सहयोगी बनना आरोपी को पसंद नहीं आया। मृतक हरिराम के पुत्र ने बताया कि शनिवार रात आरोपी उनके धुलेट स्थित घर पर आए और गाली-गलौज कर चले गए। इसके बाद रविवार सुबह करीब 5 बजे पेटलावद अस्पताल से फोन आया कि उनके पिता की हालत गंभीर है। परिजन तुरंत पेटलावद पहुंचे। आरोपियों ने सुबह होते ही दोबारा हरिराम के घर पहुंचकर परिजनों को धमकाया भी।

### नैनो न्यूज

- अमेरिका द्वारा आयात शुल्क में राहत मिलने के बाद पीथमपुर की एफआईबीसी (जंबो बैग) बनाने वाली कंपनियों को फिर से बड़े निर्यात ऑर्डर मिलने लगे हैं।
- सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना लगभग 14,284 प्रति ग्राम और 22 कैरेट सोना 13,084 प्रति ग्राम के आसपास पहुंच गया है।
- इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार बारिश से थोक मंडियों और खुदरा बाजारों में ग्राहकों की संख्या घटी है।
- इंदौर नगर निगम ने होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, अस्पताल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अग्नि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं।
- सुपर कॉरिडोर, पीथमपुर और आईटी कॉरिडोर के आसपास व्यावसायिक और आवासीय परियोजनाओं में निवेश बढ़ रहा है।

राजस्थान के जैसलमेर में हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले मेजर का पार्थिव शरीर इंदौर स्थित राजेंद्र नगर निवास पर पहुंचा

# सैन्य सम्मान के साथ मेजर हमजा को किया सुपुर्द-ए-खाक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

राजस्थान के जैसलमेर में हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले मेजर हमजा आरिफ का पार्थिव शरीर रविवार की सुबह इंदौर स्थित राजेंद्र नगर निवास पर पहुंचा। सुबह से ही उनके निवास पर लोगों का तांता लगा हुआ था। सबसे पहले पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया।

इसके बाद सेना के वाहन में उनकी पार्थिव देह को रखा गया। तिरंगे में लिपटे ताबूत के साथ जनाजा सैनी नगर मस्जिद से आगे बढ़ा। पीछे चल रहे लोगों ने 'शहीद हमजा अमर रहें', 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के जयघोष लगाए। जनाजा माणिकबाग पुल, कलेक्टर चौराहा और राजवाड़ा होते हुए इमली बाजार कब्रिस्तान पहुंचा। नमाज अदा करने के बाद जनाजे को कब्र में उतारने की रस्म हुई और मृत आत्मा की शांति के लिए सभी ने दुआ मांगी।



**गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी अंतिम विदाई-** मेजर हमजा की पार्थिव देह तिरंगे में लिपटी हुई थी। दफनाने से पहले सैन्य सम्मान के साथ सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और अंतिम सलामी दी। पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित किया गया। इस विदाई को देखकर कब्रिस्तान में मौजूद कई लोगों की आंखें नम हो गईं।

#### पत्नी को सौंपा तिरंगा

शव दफनाने से पहले पार्थिव देह से तिरंगे को हटाकर सम्मान के साथ मेजर हमजा की पत्नी को सौंपा गया। पत्नी की आंखों से आंसू नहीं थम रहे थे। मेजर हमजा के परिजनों की आंखें भी नम थीं।

#### सेना के वाहन से पहुंची पार्थिव देह

मेजर हमजा के परिजन सेना के विशेष वाहन में पार्थिव देह को सड़क मार्ग से लेकर शनिवार सुबह जैसलमेर से निकले थे। देर रात शव इंदौर पहुंचा। सबसे पहले वाहन महू छावनी पहुंचा। वहां मेजर हमजा को श्रद्धांजलि देने के बाद पार्थिव देह को उनके निवास पर लाया गया।

#### ऊंट से टकराकर पलटा था वाहन

गुरुवार देर रात ड्यूटी पूरी कर लौटते समय सेना की टाटा सफारी अचानक सड़क पर आए ऊंट से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पांच बार पलट गया। हादसे में मेजर हमजा की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल लेफ्टिनेंट आयुष्मान और लेफ्टिनेंट अभिनव राठौड़ का इलाज चल रहा है।

शहर की प्यास बुझाने वाले यशवंत सागर में अभी 12 फीट पानी

# जुलाई बीता, फिर भी इंदौर के तालाब खाली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में इस बार जुलाई माह में बारिश तो ठीक-ठाक हुई, लेकिन शहर के तालाबों का जलस्तर ज्यादा नहीं बढ़ पाया है। उन्हें लबालब होने में अगस्त माह पूरा लग सकता है। अभी तक कुछ तालाब आधे तो कुछ आधे से कम भरे हैं। शहर की प्यास बुझाने वाले यशवंत सागर तालाब में अभी 12 फीट पानी है, जबकि पिछले साल जुलाई में ही तालाब लबालब होने की स्थिति में था और गेट खोलकर भी तालाब से पानी बहाया गया था। इस तालाब की क्षमता 19 फीट है। अभी भी तालाब सात फीट खाली है।

यशवंत सागर के अलावा दूसरे तालाबों का पानी पेयजल के लिए तो नहीं लिया जाता है, लेकिन ये तालाब आसपास के क्षेत्रों के भूजल स्तर को बढ़ाते हैं। यशवंत सागर के बाद दूसरा बड़ा तालाब बिलावली है, लेकिन उसे भरने में ही ज्यादा वक्त लगता है, क्योंकि बायपास बनने के बाद तालाब की चैनलें अवरुद्ध हो गईं और तालाब में पानी काफी धीरे आता है। लिंबोदी तालाब भी इसी कारण खाली रहता है, हालांकि इस तालाब की चैनलों की सफाई के लिए नगर निगम ने विशेष तौर पर अभियान चलाया था।



#### छह टंकियों से होती है सप्लाई

- शहर में यशवंत सागर तालाब से पश्चिमी क्षेत्र की छह टंकियों में हर दिन 30 एमएलडी पानी लिया जाता है। यह तालाब बारिश के सीजन में लबालब हो जाता है, तो सालभर पानी की चिंता कम रहती है, लेकिन इस बार यह तालाब भी धीरे-धीरे भर रहा है।
- महू क्षेत्र से इस तालाब का कैचमेंट एरिया जुड़ा है। यदि महू में भी ज्यादा बारिश होती है, तो तालाब का जलस्तर बढ़ जाता है। अभी इंदौर जिले में 16 इंच बारिश हुई है, जो औसत से कम है। अब शहरवासियों को अगस्त में झमाझम बारिश की उम्मीद है।

## पिता के खिलाफ बेटी ने दर्ज कराई एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के एमजी रोड थाना क्षेत्र में एक महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि पति के किसी अन्य महिला से संबंध थे और वह पत्नी पर मायके से रुपए लाने का दबाव बनाते हुए लगातार मारपीट और मानसिक प्रताड़ना करता था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान पति ने बेटी को मां से मिलने तक नहीं दिया।

पुलिस के अनुसार सुदामा नगर निवासी तनु पाठक ने शिकायत में बताया कि उसकी मां अमिता पुरोहित ने 18 जुलाई को जहरीला पदार्थ खा लिया था। उन्हें इलाज के लिए सुयश अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अगले दिन उनकी मौत हो गई। तनु ने बताया कि घटना की जानकारी उसे चचेरे भाई के फोन से मिली। जब वह अस्पताल पहुंची तो उसके पिता ललित पुरोहित ने उसे मां से मिलने नहीं दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ललित पुरोहित, निवासी सबनीशबाग, के किसी अन्य महिला से संबंध थे। इसी वजह से वह अमिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था तथा मायके से रुपए लाने के लिए दबाव बनाता था। तनु ने पुलिस को बताया कि रुपए की मांग पूरी करने के लिए उसके नाना कैलाश चंद्र टपरावत ने 19 फरवरी 2018 को भारतीय स्टेट बैंक के चेक के माध्यम से दो लाख रुपए ललित पुरोहित के खाते में ट्रांसफर किए थे। इसके बावजूद वह लगातार पैसों की मांग करता रहा और रुपए नहीं मिलने पर अमिता के साथ मारपीट करता था।

खजराना थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया

## शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद बिलाल के खिलाफ दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने शिकायत में बताया कि मोहम्मद बिलाल ने शादी का वादा कर उसका विश्वास जीता और इसी बहाने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब उसने शादी की बात की तो आरोपी ने कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनने की शर्त रख दी।

एमपीईबी अधिकारी बनकर फोन किया, फोनपे पर कोड डलवाकर खाते से उड़ाए रुपए

## इंदौर से रिटायर्ड अफसर से 98 हजार रुपए की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कनाड़िया थाना क्षेत्र में बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठग ने खुद को एमपीईबी का अधिकारी बताकर एक रिटायर्ड गैस प्लांट अधिकारी से फोन पर संपर्क किया और फोनपे पर कोड डलवाकर उनके बैंक खाते से 98,560 रु. निकाल लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, देवकरण मालवीय कैलिफोर्निया सिटी, भोपाल के रहने वाले हैं और गैस प्लांट से रिटायर हो चुके हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि 30 जुलाई 2026 को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को एमपीईबी का अधिकारी बताते हुए कहा कि बिजली बिल रामकन्या मालवीय के नाम से है, जिसे ऑनलाइन अपडेट करना होगा, नहीं तो बिल आना बंद हो जाएगा।

## आरएसएस शाखा का छात्र ने शेयर किया वीडियो, नाराज संघ के सदस्यों ने दर्ज कराई एफआईआर


दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

हीरानगर में संघ की शाखा का वीडियो बनाकर एक युवक ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर शेयर दिया। इसमें छात्र संघ के लोगों को धमकाते हुए दिख रहा था। इस मामले में छात्र के खिलाफ पुलिस के वरिष्ठ अफसरों को जानकारी देकर शनिवार देर रात 2 बजे एफआईआर दर्ज कराई गई।

हीरानगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, संघ के सदस्य मोहनलाल मालवीय की शिकायत पर वीणा नगर में रहने वाले छात्र क्षितिज वाने के खिलाफ वीडियो वायरल कर बदनाम करने और धमकाने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि मोहनलाल मालवीय संघ के अन्य सदस्य दीपक शर्मा, लोकेंद्र कोष्ठी, लालजी प्रतापत, नितिन विश्वकर्मा और अन्य साथियों के साथ हर दिन नॉर्थ एवेन्यू के खाली मैदान पर आरएसएस की शाखा संचालित करते हैं। यहां सामने ही क्षितिज वाने रहता है। करीब 6 महीने पहले भी वह आया और वीडियो बनाते हुए कहने लगा कि तुम लोग यहां शाखा क्यों लगाते हो? इस दौरान उसे समझाया तो वह वीडियो बनाकर चला गया। इसके बाद क्षितिज वाने ने 6 महीने बाद फिर से वीडियो बनाकर धमकाया। वहीं, फोटो भी वायरल किए। मोहनलाल मालवीय ने बताया कि छात्र ने आरएसएस देशद्रोही नाम से पोस्ट बनाकर दो दिन पहले इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी। उसने यह सब माहौल खराब करने के लिए किया। हालांकि, संघ के लोगों से चर्चा के बाद पुलिस के वरिष्ठ अफसरों को मोहनलाल ने जानकारी दी। देर रात संघ के लोगों ने थाने जाकर वीडियो पुलिस को सौंपकर क्षितिज के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी।

# ढाबे पर खाना खाने जा रही युवती की सड़क दुर्घटना में मौत





दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के बायपास पर स्थित ब्रिज के नीचे शनिवार रात एक हादसे में युवती की मौत हो गई। घटना रात 11 बजे की है। उसके दोस्त उसे खून से लथपथ हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। रात 3 बजे युवती की मौत होने के बाद वे रात में ही शव छोड़कर चले गए।

पुलिस ने बताया कि 29 वर्षीय साहिबा पिता मोहम्मद अफसर महालक्ष्मी नगर निवासी को रात में दोस्त अंकुर और सहज एमवाय अस्पताल ले गए थे। सहज का कहना है कि साहिबा उसके दोस्त अंकुर की परिचित थी। हादसे की सूचना पर वह साथ आया है। साहिबा एक्टिवा गाड़ी से थी, पहले उसे गौरव अस्पताल पहुंचाया। यहां से दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई थी। इसके बाद एमवाय लेकर आए। दूसरी ओर, हादसे की सूचना मिलने के बाद भी भोपाल से उसके परिजन सुबह तक इंदौर नहीं पहुंचे थे। भाई ने रात में ही इंदौर आने से मना कर दिया था। भोपाल की रहने वाली थी साहिबा वहीं, अंकुर ने बताया कि साहिबा मूल रूप से भोपाल की रहने वाली थी। दो साल से इंदौर में रहकर इवेंट का काम कर रही थी। रात में हम एक फार्म हाउस के पास ढाबे पर खाना खाने पहुंचे थे। साहिबा ने कॉल कर कहा कि उसे लोकेशन नहीं मिल रही। तब मैंने उससे कहा कि वह तेजाजी नगर अंडरपास के पास रुक जाए मैं लेने आ रहा हूं। कुछ देर बाद मैंने साहिबा को कॉल किया तो किसी अन्य व्यक्ति ने फोन उठाया। उसने एक्सीडेंट की जानकारी दी और बताया कि उसे किसी अज्ञात कार ने टक्कर मारी है। जानकारी के मुताबिक साहिबा ने रात में अपने भाई को भोपाल में कॉल किया था, लेकिन उसने इंदौर आने से इनकार कर दिया। उसने दोस्तों पर हादसे को लेकर आरोप लगाए हैं। साहिबा का इंदौर में रहने के दौरान भोपाल में परिवार से संपर्क नहीं था।



















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com